WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 10 | छत्तीसगढ़ 11 | कारोबार

रायपुर, बुधवार, 29 जनवरी 2025 कृष्ण पक्ष-पंचमी, विक्रम संवत -2081 / वर्ष-13 अंक- 336 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

नामांकन से पूर्व भाजपा-कांग्रेस महापौर प्रत्याशी ने लिया आशीर्वाद

वोटिंग 11 को और परिणाम 15 फरवरी को घोषित होंगे

रायपुर/नवप्रदेश। नगर निगम रायपुर की महापौर प्रत्याशी मीनल चौबे ने मंगलवार को नामांकन भरने से पहले मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर विधायक राजेश मूणत, पुरंदर मिश्रा और सुनील सोनी मौजूद रहे। बता दें कि आज नामांकन जमा करने का अंतिम दिन है। नगरीय निकाय चुनाव की वोटिंग 11 फरवरी को होगी और परिणाम 15 फरवरी को घोषित होंगे। भाजपा ने रायपुर से मीनल चौबे को महापौर प्रत्याशी बनाया है। वे तीन बार पार्षद रह चुकी हैं। नगर निगम परिषद में नेता प्रतिपक्ष के रूप में अपनी भूमिका निभा चुकी हैं। मीनल चौबे की पहचान भाजपा महिला मोर्चा के विभिन्न पदों पर कार्य करते हुए एक प्रभावशाली और तेजतर्रार नेता के रूप में बनी है।

स्कूटी में सवार होकर नामांकन दाखिल करने पहुंचीं दीप्ति दुबे

रायपुर नगर निगम में कांग्रेस महापौर पद की प्रत्याशी दीप्ति दुबे मंगलवार को बिना किसी ताम-झाम के स्कूटी पर सवार होकर नामांकन दाखिल करने पहुंची। न कोई रैली, न कोई शक्ति प्रदर्शन। इस पर कांग्रेस महापौर प्रत्याशी दीप्ति दुबे ने कहा कि आज स्कूटी से हेलमेट पहन के आने का उद्देश्य यही के हम लोगों को मैसेज दे रहे हैं कि लोग ट्रैफिक नियमों का पूरी जिम्मेदारी के साथ पालन करें। आज हमने नामांकन जमा किया है। अब मैं लोगों के बीच में भी जाऊंगी। किसी को किसी प्रकार की कोई समस्या हो सीधे मुझसे संपर्क कर सकते हैं। मजबूती से चुनाव लड़ेंगे। इसके पहले कार्यकर्ताओं के साथ कांग्रेस भवन गांधी मैदान से रैली निकालने की योजना थी, जिसे स्थगित कर दिया गया। स्थल पर कार्यकर्ता इंतजार करते रहे। नामांकन दाखिल करने के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, रायपुर शहर ज़िला कांग्रेस अध्यक्ष गिरीश दुबे और पूर्व निगम सभापति प्रमोद दुबे भी मौजूद रहे।

आज बेबाक

खड्ग सिंह के खड़कने से भले ही खिड़कियां खड़कती हों, लेकिन खड्गे जी जब भी खड़कते हैं खिड़कियों के साथ ही दरवाजे और रोशनदान सब खड़क जाते हैं। प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ पर उन्होंने बेहद आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी थी कि गंगा में नहाने से गरीबी दूर नहीं हो जाएगी। उनका यह लॉजिक समझ से परे है। हालांकि उन्होंने अपनी इस टिप्पणी पर लगे हाथ माफी भी मांग ली। किन्तु तरकश से निकला तीर तो वापस नहीं आता। भाजपा ने उनकी जुबान पकड़ ली और उन्हें चुनौती दे दी कि किसी अन्य धर्म के ऐसे किसी आयोजन पर वे टिप्पणी करके दिखायें।

आरक्षक ने खुद को मारी गोली

धमतरी/नवप्रदेश। ईवीएम की सुरक्षा के लिए तैनात आरक्षक ने स्ट्रांग रूम में सर्विस राइफल से खुद को गोली मार ली. आरक्षक सालिक राम पात्रे के इस आत्मघाती कदम के पीछे की वजह पता नहीं चल पाई है. घटना के बाद से जिला प्रशासन में खलबली मच गई है।

छत्तीसगढ़ के प्रथम डीजीपी शुक्ला का निधन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य के पहले पुलिस महानिदेशक और पीएससी के पहले अध्यक्ष रहे मोहन शुक्ला का आज सुबह मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में निधन हो गया। उन्होंने 85 वर्ष की आयु में अंतिम सांस ली। भोपाल के भदभदा मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। । शुक्ला के निधन पर छत्तीसगढ़ पुलिस मुख्यालय, नया रायपुर में पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा और वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित की। मोहन शुक्ला मध्यप्रदेश कैडर के 1965 बैच के आईपीएस थे।

नेशनल स्टाक एक्सचेंज और छत्तीसगढ़ सरकार के बीच एमओयू

रायपुर /नवप्रदेश । भारत के प्रमुख स्टॉक एक्सचेंज, एनएसई और छत्तीसगढ़ सरकार ने बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं और बीमा क्षेत्र में राज्य के युवाओं को प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए. इसके तहत पूरे राज्य में स्टूडेंट स्किलिंग प्रोग्राम की सुविधा दी जाएगी. मुकेश बंसल,सेक्रेटरी- फाइनेंस, जनरल एडमिनिस्ट्रेशन, कमर्शियल टैक्स और सेक्रेटरी-चीफ मिनिस्टर, छत्तीसगढ़ सरकार; और श्रीराम कृष्णन, चीफ बिजनेस डेवलपमेंट ऑफिसर, एनएसई, द्वारा आज छत्तीसगढ़ में एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए. छत्तीसगढ़ सरकार के सहयोग से एनएसई, पूरे राज्य में स्टूडेंट स्किलिंग प्रोग्राम की सुविधा प्रदान करेगा, जिसका उद्देश्य बीएफएसआई (बैंकिंग, वित्तीय सेवाएँ और बीमा) क्षेत्र में जागरूकता बढ़ाना, कौशल और क्षमता का निर्माण करना है।

भारत करोड़ों लोगों की आकांक्षाओं से प्रेरित विकास पथ की ओर अग्रसर: मोदी

भुवनेश्वर (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत करोड़ों लोगों की आकांक्षाओं से प्रेरित विकास के पथ पर अग्रसर है। मोदी ने मंगलवार को जनता मैदान में उत्कर्ष ओडिशा-मेक इन ओडिशा कॉन्क्लेव 2025 का उद्घाटन करते हुए इस बात पर जोर दिया कि एआई का मतलब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ऐस्परेशन ऑफ इंडिया (भारत की आकांक्षा) दोनों है, जो देश की ताकत है। उन्होंने कहा कि जब लोगों की जरूरतें पूरी होती हैं, तो आकांक्षाएं बढ़ती हैं और पिछले दशक में करोड़ों नागरिकों को सशक्त बनाया गया है, जिससे देश को फायदा हुआ है। प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि ओडिशा इस आकांक्षा का प्रतिनिधित्व करता है। उन्होंने राज्य को उत्कृष्ट और नए भारत के आशावाद और मौलिकता का प्रतीक बताया। श्री मोदी ने कहा कि ओडिशा खाद्य प्रसंस्करण, पेट्रोकेमिकल्स, बंदरगाह आधारित विकास, मत्स्य पालन, आईटी, डुटेक, कपड़ा, पर्यटन, खनन और हरित ऊर्जा सहित विभिन्न उद्योगों में देश के अग्रणी राज्यों में से एक बन रहा है। प्रधानमंत्री ने निवेशकों को संबोधित करते हुए कहा कि उनसे ओडिशा की विकास यात्रा में निवेश करने के अवसर का लाभ उठाने का आग्रह किया और

उन्हें आश्वासन दिया कि उनके निवेश से अभूतपूर्व सफलता मिलेगी। उन्होंने कहा, यह मोदी की गारंटी है। यह ओडिशा में अब तक का सबसे बड़ा व्यापार शिखर सम्मेलन था। प्रधानमंत्री ने कहा कि मेक इन ओडिशा कॉन्क्लेव 2025 ने पिछले संस्करणों की तुलना में पांच से छह गुना अधिक निवेशकों को आकर्षित किया है। मोदी ने इस तरह के भव्य आयोजन के लिए शेष पृष्ठ 6 पर

अमेरिकी निर्मित हथियार खरीदे भारत : डोनाल्ड ट्रंप

वाशिंगटन (वार्ता)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत की ओर से अमेरिका निर्मित सुरक्षा उपकरणों की खरीद बढ़ाने और निष्पक्ष द्विपक्षीय व्यापारिक संबंधों की दिशा में आगे बढने के महत्व पर जोर दिया है। ट्रंप ने सोमवार रात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ फोन पर बातचीत के दौरान यह बात कही। अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय 'व्हाइट हाउस' की ओर से जारी बयान के अनुसार, दोनों नेताओं ने मोदी की व्हाइट हाउस यात्रा की योजना पर भी चर्चा की। बयान में कहा गया, मंगलवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रम्प ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ सार्थक बातचीत की। दोनों नेताओं ने सहयोग बढ़ाने और गहरा करने पर चर्चा की। उन्होंने हिंद-प्रशांत, पश्चिम एशिया और यूरोप में सुरक्षा सहित कई क्षेत्रीय मुद्दों पर भी चर्चा की। राष्ट्रपति ने भारत द्वारा अमेरिकी निर्मित सुरक्षा उपकरणों की खरीद बढ़ाने और निष्पक्ष द्विपक्षीय व्यापारिक शेष पृष्ठ 6 पर

मौनी अमावस्या से एक दिन पहले महास्नान के लिए उमड़ा जनसैलाब

अब तक 15 करोड़ से अधिक ने लगाई डुबकी

प्रयागराज/ए.। महाकुंभ मेले में श्रद्धालुओं का रेला उमड़ पड़ा है। संगम जाने वाले सभी मार्ग भीड़ से पट गए हैं। मौनी अमावस्या पर स्नान करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ इतनी बढ़ गई है कि पैदल चलने वाले भी रेंग रहे हैं। वह पैर तक पूरी तरह आगे नहीं बढ़ा पा रहे हैं। त्रिवेणी मार्ग, काली मार्ग के साथ शास्त्री ब्रिज, नाग वासुकि रोड, झूंसी रोड सभी मार्गों पर भयंकर भीड़ संगम की ओर बढ़ रही है। सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक बंदोबस्त किए गए हैं। बड़े वाहनों को शहर के बाहर रोक दिया गया है। 13 जनवरी पौष पूर्णिमा से लेकर मौनी अमावस्या के एक दिन पहले 28 जनवरी तक 15 करोड़ श्रद्धालु संगम में डुबकी लगा चुके हैं। स्थिति यह है कि मंगलवार को दोपहर 12 बजे तक करीब एक करोड़ श्रद्धालु संगम में डुबकी लगा चुके हैं। श्रद्धालुओं शेष पृष्ठ 6 पर

रानू साहू और सूर्यकांत तिवारी अभी और खाएंगे जेल की हवा

हाईकोर्ट ने जमानत याचिका की खारिज

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के जस्टिस एनके व्यास की सिंगल बेंच ने कोयला घोटाले मामलों पर सुनवाई के बाद अपने फैसले में कथित कोयला घोटाले में निलंबित आईएएस अधिकारी रानू साहू और कोयला व्यापारी सूर्यकांत तिवारी की जमानत याचिकाएं खारिज कर दी हैं। इससे पहले ईडी की निचली अदालत ने भी रानू साहू की जमानत याचिका खारिज कर दी थी, जिसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट का रुख किया था। कोयला घोटाला मामले में ईडी ने निलंबित आईएएस अधिकारी रानू साहू और कोयला व्यापारी सूर्यकांत तिवारी की संलिप्तता का आरोप लगाया है, जिसमें 570 करोड़ रुपये से अधिक की अवैध वसूली का दावा किया गया है। कोर्ट में सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील ने इन आरोपों को निराधार बताया, लेकिन ईडी ने कहा कि घोटाले से जुड़े और भी साक्ष्य कोर्ट में प्रस्तुत किए जाएंगे।

इतने भ्रष्टाचारी जेल में हैं कैद

गौरतलब है कि ईडी के अलावा, ईओडब्ल्यू ने इस मामले में निलंबित आईएएस रानू साहू, उप सचिव सौम्या चौरसिया और समीर बिश्नोई के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति और भ्रष्टाचार का मामला दर्ज किया है। ईडी का दावा है कि कोयला परिचालन और परमिट प्रक्रिया में गड़बड़ियों के जरिए राज्य में बड़े पैमाने पर अवैध वसूली की गई है। फिलहाल, इस मामले में 36 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

नया पैनल भेजा

5 फरवरी को छत्तीसगढ़ को मिलेगा नया डीजीपी

डीजीपी की लिस्ट में जुड़े दो नाम, पैनल में भेजे गए पांच नाम

पलाश तिवारी

रायपुर / नवप्रदेश। आगामी 5 फरवरी को छत्तीसगढ़ राज्य को नया डीजीपी मिलने जा रहा है। यदि सब कुछ ठीक-ठाक रहा तो अरूण देव गौतम राज्य के नए डीजीपी होंगे। हालही में खबरे आ रही थी कि 6 माह के एक्सटेंशन पर चल रहे डीजीपी अशोक जुनेजा को एक बार और एक्सटेंशन मिल सकता है। लेकिन केन्द्रीय गृह मंत्रालय को पूर्व में भेजे गए तीन नामों के डीजीपी के पेनल को केन्द्रीय गृहमंत्रालय ने वापस कर दिया और नए सिरे से पैनल मंगाया। राज्य के गृहमंत्रालय ने कल ही उन तीन नामों में दो नाम और जोड़कर केन्द्रीय गृहमंत्रालय को डीजीपी का पैनल भेज दिया है। पूर्व में भेजे गए नाम सर्वश्री अरूण देव गौतम, पवन देव और हिमांशु गुप्ता के अलावा नए वाले पैनल में राज्य सरकार ने दो नाम और जीपी सिंह और एसआरपी कल्लूरी का नाम जोड़कर पांच नामों का पैनल भेज दिया है। गौरतलब है कि पहली बार जब तीन नामों का पैनल भेजा गया था तब जीपी सिंह निलंबन की अवधि में चल रहे थे। कैट द्वारा उनकी बहाली के बाद वे सक्रिय हुए।

जल्द खत्म होगा इंतजार

छत्तीसगढ़ को अब नए डीजीपी का ज्यादा दिनों तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा। सूत्रों की मानें तो प्रदेश में अचार संहिता के खत्म होने के तत्काल बाद ही नए डीजीपी की नियुक्ति कर दी जाएगी। वहीं इस दौड़ में अब सीनियरों का नाम शामिल होने से प्रदेश के ब्यूरोकेट्स के बीच हलचल बढ़ने लगी है। साथ ही सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार यही 5 अधिकारी प्रदेश में अहम पदों पर नियुक्त किए जाएंगे।

अरुण देव सबसे आगे

वहीं प्रदेश में भाजपा सरकार आते ही डीजीपी की दौड़ में शुरुआत से ही सीनियर आईपीएस अरुण देव गौतम का नाम सबसे शीर्ष पर चल रहा है। शेष पृष्ठ 6 पर

मंदिरों का प्रबंधन, हिंदुओं की सहायता और... सनातन बोर्ड के एजेंडे में कौन से मुद्दे हैं?

सनातन धर्म संसद के अध्यक्ष निम्बार्क पीठाधीश्वर श्याम शरण देवाचार्य ने कहा- सनातन बोर्ड न केवल सनातन धर्म की रक्षा करेगा, बल्कि भावी पीढ़ियों की सुरक्षा भी सुनिश्चित करेगा

प्रयागराज/ए.। पिछले कई दिनों से देश में हिंदू सनातन बोर्ड की मांग चल रही है। हालांकि अब महाकुंभ मेले में हिंदुओं के लिए सनातन बोर्ड की मांग ने जोर पकड़ लिया है। 27 नवंबर को प्रयागराज में संतों की एक बड़ी धर्म संसद का आयोजन किया गया। इसमें हिंदुओं के लिए सनातन बोर्ड की स्थापना और पूजा स्थल अधिनियम को निरस्त करने की मांग की गई है। इस अवसर पर सनातन धर्म संसद के अध्यक्ष निम्बार्क पीठाधीश्वर श्याम शरण देवाचार्य ने कहा सनातन बोर्ड न केवल सनातन धर्म की रक्षा करेगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों की सुरक्षा भी सुनिश्चित करेगा। घुसपैठ को रोकने के लिए बोर्ड बहुत जरूरी है। तिरुपति बालाजी जैसे मंदिरों में बाहरी लोगों के प्रवेश को रोकना और हमारी आस्था को भ्रष्ट होने से बचाना। एक समय था जब ईरान, अफ़ग़ानिस्तान, नेपाल और भूटान जैसे देश सांस्कृतिक रूप से भारत से जुड़े हुए थे। अगर हम कार्रवाई नहीं करते हैं, तो भारत भी इससे नहीं बच सकता।

बोर्ड में कौन होगा

देश के चार शंकराचार्यों के नेतृत्व में एक केंद्रीय सनातन बोर्ड की स्थापना की जाएगी। इसमें 11 सदस्य होंगे। इनमें से चार सदस्य चार मुख्य विश्व गुरु होंगे। 3 सदस्य सनातनी अखाड़ों के प्रमुख होंगे। 1 सदस्य की नियुक्ति न्यासी बोर्ड द्वारा की जाएगी। 3 सदस्य प्रमुख संत/कथावाचक या धार्मिक नेता होंगे।

ऐसे सनातन बोर्ड की मांग

- 27 जनवरी 2025 को प्रयागराज महाकुंभ मेले में स्वीकृत प्रस्ताव के अनुसार, यह अधिनियम 'सनातन हिंदू बोर्ड अधिनियम' के नाम से जाना जाएगा। केंद्र सरकार इसे संसद के माध्यम से मंजूरी देगी।
- संतों की मांग के अनुसार सनातन हिंदू बोर्ड की स्थापना एक स्वतंत्र संगठन के रूप में की जाएगी।
- इसका काम हिंदू मंदिरों, उनकी संपत्तियों और उनकी संपदा की देखभाल करना होगा। सनातन बोर्ड वैदिक सनातन पूजा पद्धति, सनातन परंपराओं और मंदिरों में सनातन हिंदुओं के धार्मिक अधिकारों की रक्षा करेगा।
- इस बोर्ड के सदस्य केवल वे ही लोग होंगे जो हिंदू धर्म में आस्था रखते हैं और जिनमें सनातन परंपरा की सेवा करने की इच्छा है।

सनातन बोर्ड का एक सहकारी बोर्ड

इसके अलावा सनातन बोर्ड का एक सहकारी बोर्ड भी होगा। इसमें कुल 11 सदस्य होंगे। इसमें दो सबसे बड़े हिंदू संगठनों के प्रतिनिधि, प्रमुख कथावाचक, तथा मंदिरों और गौशालाओं से जुड़े प्रमुख लोग शामिल होंगे। इसके अलावा सनातन मंडल का सलाहकार बोर्ड भी होगा। इसमें सेवानिवृत्त न्यायाधीश, सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी, मीडिया जगत के दिग्गज, शिक्षाविद् और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल होंगे।

सनातन बोर्ड और क्या करेगा?

- सनातन बोर्ड मंदिर की संपत्तियों का प्रबंधन करेगा।
- हर प्रमुख मंदिर से एक अस्पताल चलाया जाएगा।
- आर्थिक रूप से कमजोर हिंदू परिवारों की मदद की जाएगी ताकि पैसे के अभाव में होने वाले धर्मांतरण को रोका जा सके।
- छोटे मंदिरों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।
- सनातन बोर्ड पुजारियों की नियुक्ति करेगा। जिसमें पारंपरिक योग्यता और धार्मिक ज्ञान के मानदंडों का पालन किया जाएगा।

27 से नो व्हीकल जोन घोषित, ताकि

प्रयागराज की सड़कों पर इन दिनों श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ रहा है। लाखों लोग प्रतिदिन संगम में आस्था की डुबकी लगाने के लिए पहुंच रहे हैं। ऐसे में 27 जनवरी की शाम से ही यहां नो व्हीकल जोन घोषित कर दिया गया है, ताकि पैदल यात्रियों को कोई दिक्कत ना हो। मौनी अमावस्या पर भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने शहर के बाहर से ही वाहनों को डाइवर्ट करने का फैसला किया है। हालांकि, श्रद्धालुओं को दिक्कत ना हो इसके लिए 5 हजार से अधिक शटल बस चलाने की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा इलेक्ट्रिक बस और कुछ गोल्फकार्ट भी चलाएं जाएंगे।

ट्रंप ने अमेरिकी सेना को नया आकार देने पर केंद्रित आदेशों पर किये हस्ताक्षर

वाशिंगटन (वार्ता)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सेना को नया स्वरूप देने पर केंद्रित कई कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर किए हैं। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक सोमवार देर रात हस्ताक्षरित आदेश में सेना में विविधता, समानता और समावेशन (डीईआई) पहल पर प्रतिबंध जैसे नये स्वरुप देने के साथ ही सशस्त्र बलों, रक्षा विभाग और होमलैंड सुरक्षा विभाग में नस्ल या लिंग-आधारित प्राथमिकताओं के उपयोग को हटाने की बात कही गयी है।

गूगल अमेरिका में मानचित्र करेगा अपडेट

वाशिंगटन(वार्ता)। अमेरिकी सर्च इंजन गूगल ने कहा है कि अमेरिका की भौगोलिक नाम सूचना प्रणाली (जीएनआईएस) को अपडेट किये जाने के बाद ही 'गल्फ ऑफ अमेरिका' और 'माउंट मैकिनली' जैसे स्थानों के नाम गूगल मानचित्र पर दिखाई दे सकेंगे। गूगल ने 'एक्स' पर कहा, ÷हमें गूगल मानचित्रण में नामकरण को लेकर कुछ सवाल मिले हैं। हम एक पुरानी प्रक्रिया का पालन करते हैं, जिसमें जब सरकारी स्रोतों में नामों को अपडेट किया जाता है, तो हम उन्हें लागू करते हैं। अमेरिका के लिए यह तब होता है, जब जीएनआईएस अपडेट होता है। जब ऐसा होगा, तो हम गूगल मानचित्रण को जल्दी अपडेट करेंगे ताकि 'माउंट मैकिनली' और 'गल्फ ऑफ अमेरिका' दिख सकें।'' गूगल ने कहा कि जब विभिन्न देशों में आधिकारिक नाम अलग होते हैं, तो सेवा के उपयोगकर्ताओं को उनके स्थानीय आधिकारिक नाम दिखाए जाते हैं, और बाकी दुनिया में दोनों नाम दिखाई देते हैं।

अफगानिस्तान में विस्फोट से दो की मौत

कंधार(वार्ता)। अफ़गानिस्तान के दक्षिणी प्रांत कंधार में सोमवार को लावारिस पड़े विस्फोटक उपकरण से खेलने के दौरान अचानक हुए विस्फोट में दो बच्चों की मौत हो गई। प्रांतीय पुलिस प्रवक्ता असदुल्लाह जमशीद ने मंगलवार को बताया कि स्पिन बोल्डक जिले के पहाड़ी क्षेत्र में हुई, जहां दो बच्चे अपनी बकरियों की देखभाल कर रहे थे। तभी उन्होंने एक खिलौने जैसी वस्तु पायी और उसके साथ खेलना शुरू कर दिया, लेकिन वह एक विस्फोटक उपकरण था, जो फट गया। इस विस्फोट में दोनों बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई।

आठ बंधकों की हो चुकी है मौत : इजरायल

यरूशलम(वार्ता)। इजरायल ने कहा है कि गाजा युद्धविराम समझौते के पहले चरण के दौरान हमास द्वारा रिहा किए जाने वाले शेष 26 बंधकों में से आठ की मौत हो चुकी है। मीडिया रिपोर्टों में यह जानकारी दी गयी। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार सरकार के प्रवक्ता डेविड मेन्सर ने संवाददाताओं से कहा कि इज़रायल को रात में फिलिस्तीनी सशस्त्र समूह से एक सूची मिली थी जिसमें बंधकों की स्थिति के बारे में जानकारी दी गई है।

इटली ने अल्बानिया में विवादास्पद प्रवासी स्थानांतरण फिर किया शुरू

रोम (वार्ता)। इटली ने भूमध्य सागर से उठाए गए शरणार्थियों को अल्बानिया भेजने का अपना विवादास्पद कार्यक्रम फिर से शुरू कर दिया है। रोम के न्यायाधीशों ने कुछ महीने पहले स्थानांतरण के खिलाफ फैसला सुनाया था लेकिन इटली की सरकार ने कोर्ट के फैसले को दरकिनार करते हुए शरणार्थियों को अल्बानिया भेजने का यह कार्यक्रम फिर शुरू कर दिया है।विस्तृत समाचार के लिए हमारी से

हमास के शीर्ष अधिकारी काहिरा पहुंचे

काहिरा (वार्ता)। फिलिस्तीनी आंदोलन हमास के नेतृत्व के सदस्य गाजा पट्टी में संघर्ष विराम लागू करने और इजरायली बंधकों की रिहाई की प्रक्रिया पर मिस्र के अधिकारियों के साथ चर्चा करने के लिए मिस्र की राजधानी काहिरा पहुंचे। आंदोलन ने सोमवार को एक बयान में कहा, आज शाम, हमास नेतृत्व का प्रतिनिधित्व करने वाला एक प्रतिनिधिमंडल मिस्र के नेतृत्व से मिलने और युद्धविराम और कैदियों की अदला- बदली समझौते की प्रगति पर चर्चा करने के लिए आधिकारिक यात्रा पर मिस्र की राजधानी काहिरा पहुंचा।

हाई टैरिफ को लेकर ट्रंप की चीन-भारत को चेतावनी

ट्रंप ने कहा- उन देशों पर शुल्क लगाएंगे जो अमेरिका को 'नुकसान' पहुंचाते है

वाशिंगटन/ए.। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वह उन देशों पर शुल्क लगाएंगे जो अमेरिका को 'नुकसान' पहुंचाते हैं। उन्होंने चीन, भारत और ब्राजील को उच्च शुल्क वाले देशों में शामिल किया। ट्रंप ने सोमवार को फ्लोरिडा में कहा, ''हम उन बाहरी देशों और बाहरी लोगों पर शुल्क लगाने जा रहे हैं जो वास्तव में हमें नुकसान पहुंचाना चाहते हैं। उनका इरादा भले ही हमें नुकसान पहुंचाना है, लेकिन वे खासतौर से अपने देश को अच्छा बनाना चाहते हैं।''

चीन बहुत अधिक शुल्क लेता है और भारत

उन्होंने कहा, ''देखिए, दूसरे क्या करते हैं। चीन बहुत अधिक शुल्क लेता है और भारत, ब्राजील तथा कई अन्य देशों की भी यही स्थिति है। इसलिए अब हम और ऐसा नहीं होने देंगे और हम अमेरिका को सबसे आगे ले जाएंगे।'' उन्होंने कहा कि अमेरिका एक ''बहुत निष्पक्ष प्रणाली स्थापित करेगा, जहां हमारे खजाने में धन आएगा और अमेरिका पुनः बहुत समृद्ध हो जाएगा।'' उन्होंने कहा कि यह सब बहुत जल्द होगा। पीएम मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को एक 'विश्वसनीय' साझेदारी की दिशा में काम करने की प्रतिबद्धता जताई, जिसमें मुख्य लक्ष्य व्यापार, ऊर्जा और रक्षा क्षेत्रों में भारत-अमेरिका सहयोग बढ़ाने पर होगा। दोनों नेताओं ने सोमवार को फोन पर बातचीत की। मीडिया को दी गई जानकारी के अनुसार मोदी और ट्रंप ने पश्चिम एशिया और यूक्रेन के हालात सहित वैश्विक मुद्दों पर विचार विमर्श किया तथा वैश्विक शांति, समृद्धि और सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता दोहराई। इसमें कहा गया कि दोनों नेता शीघ्र ही मुलाकात करने पर सहमत हुए।

ट्रंप की कंपनियों को क्या सलाह

पिछले सप्ताह दिए गए अपने उद्घाटन भाषण का उल्लेख करते हुए ट्रंप ने कहा ''दूसरे देशों को समृद्ध बनाने के लिए अपने नागरिकों पर कर लगाने के बजाय, हमें अपने नागरिकों को समृद्ध बनाने के मकसद से उन देशों पर शुल्क लगाना चाहिए।'' उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे अन्य देशों पर शुल्क बढ़ेगा तो अमेरिकी श्रमिकों और व्यवसायों पर कर कम हो जाएगा। संबोधन के दौरान ट्रंप ने कंपनियों से कहा कि अगर वे शुल्क से बचना चाहती हैं तो वे अमेरिका में आकर विनिर्माण इकाइयां स्थापित करें।

पीएम मोदी फरवरी में कर सकते हैं अमेरिका का दौरा : ट्रंप

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फरवरी महीने में अमेरिका के दौरा कर सकते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हवाले से यह दावा किया है। राष्ट्रपति ट्रंप के दूसरी बात अमेरिका की सत्ता हासिल करने के बाद पीएम मोदी की यह पहली अमेरिकी यात्रा होगी। राष्ट्रपति ट्रंप ने सोमवार को फ्लोरिडा से ज्वाइंट बेस एंड्रयूज लौटते समय एयर फोर्स वन में मीडिया से यह बात कही। पीएम मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप के रिश्ते काफी अच्छे रहे हैं। राष्ट्रपति ट्रंप के पहले कार्यकाल में ये कई वैश्विक मंचों पर नजर भी आया था। डोनाल्ड ट्रंप ने एयर फोर्स वन में मीडिया को बताया सोमवार मेरी उनसे लंबी बातचीत हुई। वह अगले महीने, संभवतः फरवरी में व्हाइट हाउस आने वाले हैं। हमारे भारत के साथ बहुत अच्छे संबंध हैं।' राष्ट्रपति सुबह पीएम मोदी के साथ हुई फोन कॉल पर एक सवाल का जवाब दे रहे थे।

समाज को बदलना होगा

दहेज और घरेलू हिंसा कानूनों में सुधार की मांग वाली याचिका खारिज

नई दिल्ली/ए.। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को उस जनहित याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया, जिसमें दहेज और घरेलू हिंसा के मौजूदा कानूनों की समीक्षा और सुधार के लिए एक विशेषज्ञ समिति की नियुक्ति की मांग की गई थी, ताकि उनके दुरुपयोग रोका जा सके। इस याचिका पर सुनवाई जस्टिस बीवी नागरत्ना और सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने की। उन्होंने कहा कि समाज को बदलना होगा और इस पर कुछ और नहीं किया जा सकता। जस्टिस नागरत्ना ने याचिका पर सुनवाई करने से इनकार करते हुए कहा, समाज को बदलना होगा, हम कुछ नहीं कर सकते। संसदीय कानून हैं। इस याचिका को अधिवक्ता विशाल तिवारी ने दायर किया था। इस याचिका में हाल ही में बेंगलुरु के एक इंजीनियर अतुल सुभाष की आत्महत्या को देखते हुए घरेलू हिंसा कानूनों में सुधार और उनके दुरुपयोग को रोकने की मांग की गई थी। याचिकाकर्ता ने ऐसे कानूनों के दुरुपयोग को रोकने के लिए दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की थी। याचिका में सरकार को यह निर्देश देने की भी मांग की गई थी कि वह विवाह के दौरान दिए गए सामान/गिफ्ट/पैसे की लिस्ट बनाए और हलफनामे के साथ उसका रिकॉर्ड बनाए रखे और इसे शादी रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट के साथ अटैच करे।

'न्याय और आपराधिक जांच प्रणाली पर उठे सवाल'

याचिकाकर्ता ने कहा कि दहेज के मामलों में पुरुषों को गलत तरीके से फंसाए जाने की कई घटनाएं और मामले सामने आए हैं। जिसकी वजह से बहुत दुखद अंत हुआ है और हमारी न्याय और आपराधिक जांच प्रणाली पर भी सवाल उठे हैं। याचिका में आगे उन्होंने कहा कि यह सिर्फ अतुल सुभाष की ही बात नहीं है, बल्कि ऐसे कई पुरुष हैं, जिन्होंने अपनी पत्नियों द्वारा उन पर लगाए गए कई मामलों की वजह से आत्महत्या की है।

'ये कानून पति के परिवार को दबाने का हथियार बने'

याचिकाकर्ता ने कहा, दहेज निषेध अधिनियम और आईपीसी की धारा 498 ए का मकसद विवाहित महिलाओं को दहेज की मांग और उत्पीड़न से बचाना था, लेकिन हमारे देश में ये कानून गैरजरूरी और अवैध मांगों को निपटाने और पति-पत्नी के बीच किसी अन्य तरह का विवाद होने पर पति के परिवार को दबाने का हथियार बन गए हैं। इन कानूनों के तहत शादीशुदा पुरुषों को गलत तरीके से फंसाए जाने की वजह से महिलाओं के खिलाफवास्तविक और सच्ची घटनाओं को शक की नजर से देखा जाता है।

गुरमीत राम रहीम को 12वीं बार मिली पैरोल

रोहतक/ए.। डेरा प्रमुख गुरमीत राम रहीम को एक बार फिर से पैरोल मिल गई है। जानकारी के मुताबिक रोहतक जेल प्रशासन ने गुरमीत राम रहीम को गुप-चुप तरीके से मंगलवार सुबह 5:26 मिनिट पर जेल से बाहर निकाला। सूत्रों से सामने आई जानकारी के मुताबिक, राम रहीम को इस बार 20 दिन की पैरोल मिली है ।बाबा इस बार बाबा बागपत के बरनावा नहीं बल्कि सिरसा स्थित डेरे में रहेगा। वह करीब 8 साल बाद सिरसा पहुंचा है। वहीं साल 2017 के बाद गुरमीत राम रहीम 12वीं बार जेल से बाहर आया है। कड़ी सुरक्षा के बीच उसको जेल से बाहर निकाला गया। जानकारी के मुताबिक, हनीप्रीत खुद सिरसा प्रमुख डेरा प्रमुख राम राम रहीम को डेरे की दो गाड़ियों के साथ लेने जेल पहुंची थी। इस दौरान सुरक्षा के सख्त इंतजाम किए गए थे।

वीडियो जारी कर भक्तों के नाम संदेश

जेल से बाहर आने के बाद राम रहीम ने एक वीडियो संदेश जारी कर कहा कि परमात्मा की कृपा से अपने अनुयायियों के दर्शन के लिए वह बाहर आया है। इस बार वह सिरसा में आया है। उसने अपने समर्थकों से सिरसा न आने की अपील करते हुए कहा कि सभी लोग अपनी-अपनी जगह पर रहकर दर्शन दें। सेवादारों की कही बातों पर जरूर अमल करें। साल 2017 में सजा होने के बाद से राम रहीम सिरसा डेरे में नहीं जा सका था। अब वह सिरसा स्थित डेरा मुख्यालय पहुंचा है। राम रहीम को साल 2017 से अब तक 12 बार पैरोल और फरलो मिल चुकी है।

एनआईए ने कश्मीर में कई स्थानों पर मारे छापे

श्रीनगर (वार्ता)। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने आतंकवादी साजिश मामले की जांच के तहत मंगलवार सुबह जम्मू-कश्मीर में कई स्थानों पर छापे मारे। अधिकारियों के अनुसार, एनआईए ने कश्मीर के श्रीनगर, सोपोर और बडगाम जिलों में मंगलवार को छापे मारे। यह कार्रवाई उन दो गैर-स्थानीय श्रमिकों की हत्या से संबंधित मामले में की जा रही है, जिनकी सात फरवरी, 2024 को, श्रीनगर के शाला कदल और हब्बा कदल में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस संबंध में पहले श्रीनगर के शहीदगंज थाना में मामला दर्ज किया गया था। बाद में जांच एनआईए ने अपने हाथ में ली। अधिकारियों के अनुसार, 'छापेमारी जारी है।'

महिलाओं की सुरक्षा के लिए दिशा-निर्देश वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से मांगा जवाब

नई दिल्ली। महिलाओं की सुरक्षा के लिए अखिल भारतीय दिशा-निर्देशों की मांग करने वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से सवाल किया कि महिलाओं को ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराने की सुविधा देने के लिए कोई तंत्र क्यों नहीं है। कोर्ट ने यह भी कहा कि इस तरह की व्यवस्था से पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र से संबंधित समस्याओं का समाधान हो सकता है और महिलाओं को पुलिस स्टेशन जाने की जरूरत भी समाप्त हो सकती है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने केंद्र सरकार से 6 हफ्ते के भीतर जवाबी हलफनामा दाखिल करने को कहा। कोर्ट ने केंद्र से सभी संबंधित मंत्रालयों का रुख बताने वाला एक विस्तृत हलफनामा भी दाखिल करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही, याचिकाकर्ता को यह सलाह दी गई कि वे देश भर की महिला वकीलों, खासकर राज्य उच्च न्यायालयों में प्रैक्टिस करने वाली महिलाओं से सुझाव लें और उन्हें एकत्रित करके अदालत में पेश करें। सुनवाई के दौरान, याचिकाकर्ता सुप्रीम कोर्ट महिला वकील संघ की ओर से वरिष्ठ वकील महालक्ष्मी पावनी ने कहा कि नोटिस जारी होने के बाद सभी प्रतिवादियों ने याचिका पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। वहीं, केंद्र के वकील ने कहा कि जनहित याचिका में उठाए गए मुद्दे बहुत व्यापक हैं और उन्होंने जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए समय मांगा।

जस्टिस कांत ने केंद्र से कहा कि प्रार्थनाओं की तकनीकी तैयारी में कोई बाधा नहीं आएगी, क्योंकि उठाए गए मुद्दे व्यावहारिक हैं। पीठ ने यह सवाल भी उठाया कि महिलाओं को शिकायत दर्ज करने में सक्षम बनाने के लिए ऑनलाइन प्रणाली क्यों नहीं है, जिससे अधिकार क्षेत्र के मुद्दों का समाधान हो सके और महिलाओं को पुलिस स्टेशन जाने की जरूरत न पड़े।

भारत प्रत्यर्पण

मुंबई 26/11 हमले के आरोपी तहव्वुर राणा को भारत लाने का रास्ता साफ

तहव्वुर राणा मामले में 'अगले कदम का मूल्यांकन' किया जा रहा : अमेरिकी विदेश विभाग

मुंबई/ए.। मुंबई के ताज होटल में 26/11 आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण की तैयारी चल रही है, इस बीच अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा है कि वह फिलहाल राणा के भारत प्रत्यर्पण के संबंध में अगला कदम उठाने का विचार कर रहा है। यह मूल्यांकन किया जा रहा है कि कैसे और अब तहव्वुर राणा को भारत भेजा जाएगा। पाकिस्तानी मूल के व्यवसायी तहव्वुर हुसैन राणा, जिन्हें मुंबई पर 26/11 के हमलों में उनकी भूमिका के लिए दोषी ठहराया गया था, जिसमें 164 लोगों की मौत हो गई थी, को अब भारत प्रत्यर्पित किया जा सकता है।

भारत के प्रयासों का लंबे समय से समर्थन: विदेश विभाग के एक प्रवक्ता ने एएनआई को बताया कि अमेरिका ने 26/11 मुंबई हमले के अपराधियों को न्याय के दायरे में लाने के भारत के प्रयासों का लंबे समय से समर्थन किया है। बयान में कहा गया है, 'हाल ही में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के मद्देनजर और लागू अमेरिकी कानून के अनुरूप, राज्य विभाग वर्तमान में इस मामले में अगले कदम का मूल्यांकन कर रहा है।' बयान में कहा गया है, 'हमने मुंबई आतंकवादी हमलों के अपराधियों को न्याय का सामना करना सुनिश्चित करने के लिए भारत के प्रयासों का लंबे समय से समर्थन किया है।' 21 जनवरी को अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने राणा द्वारा भारत में उसके प्रत्यर्पण को रोकने की मांग करते हुए दायर सर्टिओरारी की रिट की याचिका को खारिज कर दिया।

भारत प्रत्यर्पण की खबर से पीड़ित परिवार खुश

तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण की खबर से पीड़ित परिवार खुश हैं। बम ब्लास्ट हमले के एक पीड़ित कीर्ति अजमेरा ने रविवार को एक वीडियो जारी कर सरकार से 1993 मुंबई बम ब्लास्ट के पीड़ितों को मुआवजा देने की मांग उठाई है। मुंबई बम ब्लास्ट के पीड़ित कीर्ति अजमेरा ने बताया, '26/11 आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा को भारत लाने में सरकार को सफलता हासिल हुई है। इस आरोपी को देश लाने के लिए काफी लंबे समय से लड़ाई लड़ी जा रही थी, जिसमें अब जीत मिली है। आरोपी देश आएगा और उसके ऊपर कई मुकदमे चलेंगे। कई सारे खुलासे होंगे, हमले के लिए आतंकी कैसे मुंबई पहुंचे थे, इन सब चीजों का पता चलेगा। मुंबई हमले में पाकिस्तान संलिप्तता के लिए मना करता रहा है।'

बीजेपी ने नया कैंपेन सॉन्ग 'भाजपा दिल्ली में' किया जारी

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी ने मंगलवार को दिल्ली में आगामी विधानसभा चुनावों के चलते नया कैंपेन सॉन्ग 'भाजपा दिल्ली में' रिलीज किया है। इस सॉन्ग में बीजेपी द्वारा अपने संकल्प पत्र में किए गए वादों का जिक्र किया गया है। गाने में बताया गया है कि यदि दिल्ली में बीजेपी की सरकार बनती है तो दिल्लीवासियों को इससे क्या लाभ मिलेगा और कौन-कौन सी योजनाओं का लाभ मिलेगा।

बता दें कि बीजेपी द्वारा आज दिल्ली में 40 से ज्यादा जनसभाओं का आयोजन किया गया है। इसके साथ ही आज गृहमंत्री अमित शाह और सीएम योगी आदित्यनाथ भी जनसभाएं और रैलियां करेंगे। अमित शाह आज दो रोड शो और एक जनसभा को संबोधित करेंगे। वहीं योगी आदित्यनाथ भी दो जनसभाएं करेंगे। बता दें कि कुछ दिन पहले भी बीजेपी ने एक कैंपेन सॉन्ग जारी किया था। इस गाने का टाइटल 'जो राम को लेकर आए, उनका राज होगा' दिल्ली में था। इस गाने में दिल्लीवासियों की परेशानियों को उजागर किया गया था, जैसे कि प्रदूषण, पीने के पानी की समस्या और गंदी होती जा रही यमुना आदि के बारे में बात की गई थी।

झारसुगड़ा के लिए फ्लाइट 2 से

रायपुर। छत्तीसगढ़वासियों को 2 फरवरी से झारसुगड़ा के लिए फ्लाइट मिलेगी. विमानन कंपनी स्टार एयर ने नई उड़ान की तैयारियां कर ली हैं. स्टार एयर ने दो दिसम्बर को अपने फेसबुक पोस्ट में रायपुर उड़ान शुरू करने की घोषणा की थी। कंपनी की ऑपरेशन और कॉमर्शियल टीम ने बीएसएस एयरपोर्ट झारसुगड़ा एवं स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट रायपुर का दौरा कर यहां उपलब्ध सुविधाओं और सेवाओं की जानकारी ली थी। इसके बाद कंपनी ने डीजीसीए से नए गंतव्यों के एप्रूवल मिलने के बाद टिकटों की बुकिंग शुरू कर दी है। कंपनी हैदराबाद को झारसुगड़ा से जोड़ने के साथ ही झारसुगड़ा को रायपुर से जोड़ने के लिए उड़ान का संचालन करेगी।

बीजेपी ने चुनाव संचालक, सहसंचालक और समन्वयक नियुक्ति किए

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी, छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने नगरीय निकाय चुनाव-2025 हेतु नगर पालिक निगम अनुसार चुनाव संचालक/सहसंचालक एवं समन्वयकों की नियुक्ति की है। बता दें कि छत्तीसगढ़ में निकाय चुनाव 11 फरवरी को होंगे। वहीं 15 फरवरी को नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायत के नतीजे आ जाएंगे। इस बार नगरीय निकाय के चुनाव ईवीएम से ही होंगे। 3 चरण में 17, 20 और 23 फरवरी को पंचायत चुनाव के लिए मतदान होगा। इसके नतीजे 18, 21 और 24 फरवरी को आएंगे। त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव बैलेट पेपर से होंगे। 24 फरवरी तक आचार संहिता लागू रहेगी।

राज्यपाल के नव नियुक्त सचिव डॉ. सीआर प्रसन्ना मिले डेका से

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल रमेन डेका ने आज राज्यपाल के नव नियुक्त सचिव डॉ. सी.आर. प्रसन्ना ने सौजन्य भेंट की। राज्यपाल ने उन्हें इस नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं दी। बता दें कि छत्तीसगढ़ राज्य सरकार ने आचार संहिता के बीच आईएएस अधिकारियों के प्रभार बदले हैं। अब एस प्रकाश को परिवहन विभाग के सचिव पर पद पर पदस्थ करते हुए परिवहन विभाग के आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

हजारों कार्यकर्ताओं संग भाजपा ने किया शक्ति प्रदर्शन, कांग्रेस प्रत्याशी स्कूटी से पहुंची नामांकन करने

रैली में गूंजा, बंटोगे तो फिर लुटोगे

मीनल दीदी आएंगी और शहर में भाजपा का सुशासन लाएंगी

जगह-जगह चाक-चौराहों पर रायपुर की जनता ने किया स्वागत

रायपुर/ नव प्रदेश । नगर निगम रायपुर के मेयर पद के लिए भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी मीनल चौबे ने मंगलवार को हजारों कार्यकर्ताओं के साथ भव्य रैली निकालकर अपना नामांकन दाखिल किया। इस दौरान रायपुर संभाग प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायकगण राजेश मूणत, सुनील सोनी, पुरंदर मिश्रा व मोतीलाल साहू, प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, जिला अध्यक्ष रायपुर शहर रमेश ठाकुर, पूर्व जिला अध्यक्ष जयंती पटेल, महामंत्री सत्यम दुआ, ओमकार बैस, जिला मंत्री अमित मैशरी सहित भाजपा के पदाधिकारी और हजारों कार्यकर्ता शामिल हुए।

इसके पूर्व मीनल चौबे ने अपने निवास में भगवान श्रीराम-माता सीता सहित अन्य विग्रहों का पूजन कर नामांकन रैली का शुभारंभ किया। कार्यकर्ताओं के साथ ही रायपुर के सभी वार्ड से स्वस्फूर्त आम जनता भी चौबे के समर्थन में रैली में शामिल हुई। जय श्रीराम के जयघोष के साथ मीनल चौबे अपने वाहन पर सवार हुईं। इसके साथ ही दोपहिया और चार पहिया वाहन के अलावा पैदल ही जब हजारों की संख्या में भव्य रैली निकली तो पूरा शहर भगवा और भाजपामय दिखने लगा। शहर के विभिन्न चौराहों पर रैली के स्वागत करने के लिए जनता भी लालायित दिखी। रैली पर पुष्पवर्षा कर श्रीमती चौबे के प्रति समर्थन जताया। श्रीमती चौबे की रैली को देखने के लिए लोग अपने घरों से निकलकर सड़क पर आ गए थे। अपने घरों की छतों पर खड़े होकर मीनल दीदी और भाजपा जिंदाबाद के जमकर नारे लगाते दिखे। एक ओर जहां हजारों कार्यकर्ता नारे लगा रहे थे, वहीं दूसरी ओर से जनता के बीच से आवाज गूंज रही थी, खत्म हुआ कांग्रेस का कुशासन, लाएंगे शहर में भाजपा का सुशासान।

कांग्रेस महापौर प्रत्याशी दीप्ति दुबे ने भरा नामांकन

15 साल तक काम करने का मिलेगा फायदा:भूपेश

नाराज नेताओं को मना लेंगे: सिंहदेव

रायपुर/नवप्रदेश । नगर निगम रायपुर के कांग्रेस महापौर प्रत्याशी दीप्ति दुबे ने मंगलवार नामांकन जमा किया। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, हमने पूरे नगरीय निकाय में बेहतर काम किया है। रायपुर में 15 साल तक हर वर्ग के लिए काम किया है, इसका फायदा मिलेगा। इस बार भी महापौर के लिए बेहतर प्रत्याशी का चयन किया है। नेताओं-कार्यकर्ताओं की नाराजगी को लेकर बघेल ने कहा, कही-कही नाराजगी है, उन्हें मना लेंगे। नगरीय निकाय क्षेत्र में साय सरकार में एक ढेला काम नहीं हुआ है। इस बार भी कांग्रेस की जीत निश्चित है। भाजपा ने कांग्रेस में टिकट के लिए लेन-देन का आरोप लगाया है। इस पर भूपेश बघेल ने कहा, बिलासपुर में क्या इन्हें ओबीसी महिला नहीं मिला. भाजपा के लोग पैसे की भाषा समझते हैं, इसलिए पैसे की बात करते हैं। कांग्रेस में टिकट विवाद पर पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने कहा, यह तो प्रक्रिया है. कुछ लोग नाराज हैं।

कलेक्टर मछली पालन विभाग कार्यालय पहुंचे

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉक्टर गौरव सिंह मछली पालन विभाग के जिला कार्यालय पहुंचे कर्मचारियों की उपस्थिति की ली। जानकारी पंजी का निरीक्षण कर रहे है। कर्मचारियों को रजिस्टर में साइन करने के निर्देश दिए। बायोमेट्रिक सिस्टम लागू करने कहा। कार्यालय में कार्यरत सभी अधिकारी-कर्मचारी सुबह 10 बजे पहुंचकर बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम से अपनी आने की उपस्थिति दर्ज करा रहें हैं, वहीं शाम 5:30 बजे के बाद अपनी कार्यालय छोड़ने की जानकारी दे रहें है। जिनके पास एंड्रॉइड और आईओएस मोबाईल है, वे इसके एप के माध्यम से तथा कीपैड मोबाईल वाले थंब बायोमेट्रिक डिवाइस के माध्यम से उपस्थित दर्ज कर रहें। कलेक्टर डॉ गौरव सिंह के निर्देश पर यह प्रणाली 22 जनवरी से प्रभावी है।

आयुक्त ने सोनडोंगरी में निर्माणाधीन श्वान आश्रय केन्द्र की प्रगति का निरीक्षण किया

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक डॉक्टर गौरव सिंह के निर्देश पर नगर निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने नगर निगम जोन क्रमांक 8 के क्षेत्र सोनडोंगरी में नगर निगम द्वारा निर्माणाधीन श्वान आश्रय केन्द्र के निर्माण कार्यों की प्रगति का प्रत्यक्ष अवलोकन निगम अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर, जोन 8 जोन कमिश्नर ए. के. हालदार, कार्यपालन अभियंता अभिषेक गुप्ता, सहायक अभियंता सैय्यद जोहेब एवं अन्य सम्बंधित अधिकारियों की उपस्थिति में किया। श्वान आश्रय केन्द्र में बीमार एवं दुर्घटनाग्रस्त 60 श्वानों को रखने की एवं डे केयर सम्बंधित पूर्व प्रस्तावित कार्य के तहत 10 श्वानों को एनजीओ के सहयोग से सुरक्षा एवं समुचित देखभाल हेतु रखे जाने की व्यवस्था दी जा रही है, जो श्वान पालतू होंगे एवं उनके मालिक रायपुर से बाहर कुछ दिन जाने हेतु अपने पालतू श्वानों को देखभाल हेतु श्वान आश्रय केन्द्र में उसके प्रारम्भ होने के पश्चात छोड़ सकेंगे, यह कार्य नगर निगम रायपुर द्वारा एनजीओ के माध्यम से किया जाना पूर्व प्रस्तावित है। श्वान आश्रय केन्द्र सोनडोंगरी में इस व्यवस्था को देने 70 कैनल बनाये जा रहे हैँ। पशु चिकित्सकों हेतु ऑपरेशन थिएटर, चेम्बर रूम आदि सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं. आयुक्त ने पूर्व स्वीकृति के अनुसार सभी कार्यों को शीघ्रता से सतत मॉनिटरिंग करते हुए शत-प्रतिशत पूर्ण करवाने के निर्देश जोन कमिश्नर एवं कार्यपालन अभियंता को दिए है। आयुक्त ने जोन 8 क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर रिक्त एवं वर्तमान में अनुपयोगी पड़ी शासकीय भूमियों का अवलोकन किया।

कांग्रेस में टूट-फूट शुरू भाजपा ने कसा तंज

रायपुर/नवप्रदेश । कांग्रेस ने रायपुर नगर निगम में थोक में चुने हुए पार्षदों के टिकट काटकर दूसरे को दे दिया है। ऐसे में एक तरफ कांग्रेस के भीतर टूट-फूट शुरू हो गई है, तो दूसरी ओर भाजपा के नेता कांग्रेस में मचे घमासान पर तंज कसने लगे हैं। दरअसल, कांग्रेस ने रायपुर नगर निगम में थोक में सिटिंग पार्षदों के टिकट काटे हैं. इनमें वार्ड 27 से पार्षद सुरेश चन्नावार, वार्ड 28 से हरदीप सिंह होरा 'बंटी', वार्ड 29 से पुरुषोत्तम चंद्र बेहरा, वार्ड 35 से आकाश तिवारी, वार्ड 36 से अनवर हुसैन, वार्ड 37 से रितेश त्रिपाठी, वार्ड 40 से सीनियर पार्षद ज्ञानेश शर्मा और वार्ड 62 से पार्षद समीर अख्तर का टिकट कटा है. वहीं महापौर और वार्ड 46 के पार्षद एजाज़ ढेबर को वार्ड 57 से टिकट दिया गया है। बीजेपी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कांग्रेस में इस्तीफों के दौर पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस नेताधारी पार्टी है, जहां हर एक नेता अपने आदमी को बैठना चाहता है।



सुविचार

इंसान बना था प्यार करने के लिए और पैसा बना है इस्तेमाल करने के लिए लेकिन लोग पैसे से प्यार करने लगे हैं और इंसान का इस्तेमाल करने लगे हैं। - अज्ञात

नई दिल्ली में रेवड़ी बांटने की होड़

नई दिल्ली विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करने के लिए आम आदमी पार्टी, भाजपा और कांग्रेस के बीच रेवड़ी बांटने की होड़ लग गई है। तीनों ही राजनीतिक दलों ने अपने-अपने चुनावी घोषणा पत्रों में लोकलुभावन घोषणाओं की बारिश कर दी है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने अपनी पार्टी का घोषणापत्र जारी किया है जिसे उन्होंने मोदी की गारंटी की तर्ज पर केजरीवाल की गारंटी का नाम दिया है। इसमें उन्होंने नई दिल्ली की जनता को 15 गारंटी दी है जिसको पांच साल के भीतर पूरा करने का वादा किया है। मुफ्त बिजली और पानी के अलावा उन्होंने मुफ्तखोरी को बढ़ावा देने वाली और भी कई घोषणाएं कर दी है। उन्होंने छात्रों को भी निःशुल्क बस यात्रा की सुविधा उपलब्ध कराने का वादा किया है साथ ही मैट्रो ट्रेन में भी छात्रों को रियायती दरों पर यात्रा सुविधा प्रदान करने की घोषणा की है इसके अलावा और भी कई घोषणाएं की गई है। आम आदमी पार्टी की देखादेखी भाजपा और कांग्रेस ने भी अपने चुनावी घोषणा पत्रों में इसी तरह की मुफ्तखोरी वाली घोषणाओं को तरजीह दी है। आम आदमी पार्टी ने महिला सम्मान योजना के तहत महिलाओं को 2100 रूपये मासिक वित्तीय सहायता देने का ऐलान किया है तो भाजपा और कांग्रेस ने पच्चीस-पच्चीस सौ रूपये मासिक देने की घोषण की है। कांग्रेस ने बीपीएल परिवार की महिलाओं को पांच सौ रूपये में रसोई गैस सिलेंडर देने की घोषणा की, तो आम आदमी पार्टी और भाजपा ने भी इस घोषणा को अपने अपने घोषणा पत्रों में शामिल कर लिया। युवा मतदाताओं को लुभाने के लिए कांग्रेस ने शिक्षित बेरोजगारों को आठ हजार रूपये महीना देने की घोषणा की है तो भाजपा ने दो लाख युवाओं को स्वरोजगार उपलब्ध कराने का वादा किया है तो इससे भी दो कदम आगे बढ़ते हुए आम आदमी पार्टी ने सभी को रोजगार देने का वादा कर दिया है। कुल मिलाकर तीनों ही पार्टियों के बीच मुफ्त रेवड़ी बांटने की होड़ लगी हुई है। इस मामले में कोई भी पार्टी किसी से भी पीछे नहीं रहना चाहती। बल्कि उससे आगे निकलना चाहती है। आम आदमी पार्टी ने तो दो सौ यूनिट तक बिजली फ्री करने की योजना लागू की हुई है। लेकिन भाजपा और कांग्रेस ने तीन सौ यूनिट बिजली फ्री देने का वादा कर दिया है। कांग्रेस का तो जहां तक प्रश्न है वह पहले से ही फ्री रेवड़ी कल्चर को अपना चुकी है और इसी के चलते कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश और तेलांगाना में अपनी सरकार बना चुकी है। किन्तु भाजपा तो फ्री रेवड़ी कल्चर की विरोधी रही है। खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मुफ्तखोरी को बढ़ावा देने वाली योजनाओं को देश की अर्थव्यवस्था के लिए घातक बता चुके हैं। इसके बाद भी भाजपा नई दिल्ली में रेवड़ी बांटने पर मजबूर हो गई है। तीनों पार्टियों के बीच नई दिल्ली में कांटे की टक्कर होने जा रही है। यही वजह है कि आम आदमी पार्टी को उसी दांव में मात देने के लिए कांग्रेस और भाजपा दोनों ही फ्री रेवड़ी कल्चर को अपनाने पर विवश हो गई है। कुल मिलाकर नई दिल्ली में किसी की भी सरकार बने वहां के मतदाताओं की बल्ले-बल्ले होना तय है। कायदे से तो कोई भी चुनाव जनहित से जुड़े मुद्दों के आधार पर लड़ा जाता है। नई दिल्ली में भी ऐसे कई मुद्दे हैं जिनके आधार पर लड़ा जाना चाहिए। लेकिन जनहित से जुड़े ऐसे तमाम मुद्दे हासिए पर चले गये हैं अब तो ऐसा लगता है कि नई दिल्ली में मुफ्तखोरी को बढ़ावा देने वाली घाषणाओं के आधार पर ही चुनाव लड़ा जा रहा है। इनमें से जिस पार्टी की लोकलुभावन घोषणाएं मतदाता को ज्यादा पसंद आएगी। लगता है उसी पार्टी की नई दिल्ली में सरकार बनेगी।

महाकुंभ को लेकर खड़गे का विवादास्पद बयान

प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ को लेकर विपक्षी पार्टियों के नेताओं की विवादास्पद बयानबाजी रूकने का नाम ही नहीं ले रही है। एक ओर तो जहां प्रयागराज पहुंचने वाले करोड़ों श्रद्धालु वहां की व्यवस्था की मुक्त कंठ से प्रशंसा कर रहे हैं। और इस भव्य आयोजन को अलौकिक तथा अकल्पनीय बता रहे हैं। वहीं विपक्षी नेता लगातार इस आयोजन पर कटाक्ष कर रहे हैं। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव महाकुंभ की व्यवस्था को लेकर उत्तरप्रदेश सरकार पर निशाने साधते रहे हैं। मिल्कीपुर उपचुनाव को मद्देनजर रखकर अखिलेश यादव महाकुंभ में पहुंचे थे और संगम में डुबकी भी लगाई लेकिन इसके बाद भी उन्होंने महाकुंभ की व्यवस्था को लेकर मीन मेख निकालने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी। इसी तरह कांग्रेस के भी कई नेता महाकुंभ को लेकर अवांछनीय टिप्पणी करते रहे हैं। एक कांग्रेसी नेता के मुताबिक करोड़ों लोगों के स्नान करने से गंगा का पानी गंदा हो गया है। और उसमें डुबकी लगाने से बीमारी फैलने की आशंका बढ़ गई है। अब तो खुद कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी महाकुंभ में गंगा स्नान को लेकर बेहद आपत्तिजनक टिप्पणी कर नया बखेड़ा खड़ा कर दिया है। मल्लिकार्जुन खड़गे का कहना है कि गंगा में डुबकी लगाने से गरीबी नहीं हटेगी, उन्होंने श्रद्धालुओं पर भी टिप्पणी की है कि वे हजारों रूपये खर्च कर प्रयागराज में डुबकी लगाने जाते हैं लोगों में डुबकी लगाते हुए फोटो खिंचाने की होड़ लगी हुई है। हालांकि खड़गे ने अपने इस बयान पर यह कहकर तत्काल माफी भी मांग ली की उनके बयान से यदि किसी की आस्था को चोट लगती है तो इसके लिए वे क्षमाप्रार्थी हैं। किन्तु तीर तो कमान से निकल चुका है और भाजपा को कांग्रेस पर निशाना साधने का मौका मिल चुका है। बेहतर होगा कि विपक्ष के नेता महाकुंभ को लेकर इस तरह की आपत्तिजनक टिका टिप्पणी करने से बाज आयें।

"लोकतांत्रिक स्वतंत्रता" से गणतंत्र तक का सफर आदिम से इंसान तक का सफर

राजीव खंडेलवाल

20 जनवरी को विश्व के सबसे शक्तिशाली राष्ट्र अमेरिका के डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के तुरंत बाद उन्होंने 78 आदेशों पर हस्ताक्षर किए। इसमें से भारत की दृष्टि से एक "बर्थ राइट सिटिजनशिप" को समाप्त कर दिया जिससे अन्य लोगों के साथ प्रवासी भारतीयों के मूल की नागरिकता पर भी रोक लग गई। यद्यपि अमेरिका की न्यायालय ने तुरंत ही बिना नोटिस दिये उक्त एक्जीक्यूटिव आदेश पर अस्थायी रोक लगा दी है। विश्व का सबसे झूठा व्यक्ति कहलाने वाला व्यक्ति ट्रंप जिसे सबसे बड़ा नौटंकीबाज भी माना जाता है, ने अमेरिकन फर्स्ट की घोषित पॉलिसी की आड में इस तरह के निर्णय लिये उसने लगभग 7 लाख भारतवासियों की अमेरिकन नागरिकता पर खतरा मंडरा गया है। इसलिए "इंडिया फर्स्ट" को आगे बढ़ाने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मजबूत कंधों में महती जिम्मेदारी आ जाती है। "माय फ्रेंड ट्रंप" व "अबकी बार ट्रंप" के कथन को सार्थक कर भारतवंशी के अधिकारों की रक्षा करें, अन्यथा उसी अंदाज में ट्रंप को जवाब दें, जिसके वे आदी हैं।

आज ही हमने 76 वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया हैं, जिस सफर का प्रारंभ 15 अगस्त 1947 को हुआ, जब भारत स्वतंत्र होकर विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश की स्थापना हुई। ऐसा नहीं कि स्वतंत्रता के पूर्व देश में लोकतंत्र नहीं था। कुछ लोकतांत्रिक स्वरूप जरूर था। परंतु वह ब्रिटिश हुकूमत (क्वीन) के गुलाम देश का तथाकथित लोकतंत्र था। उस समय देश की स्थिति को देखकर यह कहा जाता था कि "अंग्रेजी राज, न तन को कपड़ा, न पेट में नाज"। देश जब स्वाधीन हुआ, तत्समय देश के कर्णधारों ने यह सोचा की देश को आगे बढ़ाने में भारत की स्वतंत्रता की लंबी लड़ाई के बाद प्राप्त स्वतंत्रता पूर्ण लोकतांत्रिक स्वरूप देने में देश की स्वतंत्रता कहीं "स्वच्छंद" होकर स्वतंत्रता पर कोई रुकावट न आ जाए, तो इसके लिए जरूरी हो गया की उक्त स्वतंत्रता की स्वच्छंदता की स्पष्ट आशंका के कारण उस पर कुछ न कुछ प्रतिबंध लगाना जरूरी है। इसके लिए इसे संहिताबद्ध (कोडिफाइड) कर सीमा में बांधा जाए। इस प्रकार एक संविधान की आवश्यकता पड़ी, जिसकी चार दीवारी में देश का "तंत्र", "गण" द्वारा चलाया जा सके। क्योंकि "संविधान ही किसी देश का आधार होता है"। "आवश्यकता ही आविष्कार की जननी है" के सिद्धांत ने उक्त उद्देश्य की पूर्ति हेतु एक संविधान बनाए जाने की आवश्यकता महसूस की जाकर नया संविधान बनाया जाकर 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ, और तब देश लोकतंत्र से गणतंत्र की और चलकर गणतांत्रिक भारत देश बना। यद्यपि ब्रिटिश इंडिया में भी ब्रिटिश सल्तनत द्वारा बनाए गए कानून जैसे भारत सरकार अधिनियम 1935 लागू थे। परन्तु वे हमारे लिये "कष्ट खलु पराश्रयः" अर्थात "पराधीन सपनेहुं सुख नाहीं" के समान थे।

स्वयं के तथा स्वयं द्वारा लागू संविधान का पालन कितना?

महत्वपूर्ण उल्लेखनीय बात यहां यह है कि हमारा संविधान हम पर किसी ने थोपा नहीं है। यह हमारे नेतृत्व द्वारा गहन अध्ययन और मौजूद तत्कालीन परिस्थितियों तथा स्वाधीनता के लंबे संघर्ष के अनुभव से निकले निष्कर्ष को समावेश करते हुए उचित प्रतिबंधों के साथ संविधान बनाया, ताकि देश की लोकप्रिय सरकार जनहित में निर्णय ले सके। "संविधान लोकतंत्र का मंदिर और देश का अभिमान ही नहीं, बल्कि अधिकारों का बंधन और कर्तव्यों का ज्ञान है"। परंतु दुर्भाग्य वर्ष आज हम जब हमारे स्वयं के द्वारा लागू संविधान में वर्णित अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति अपनी भूमिका अर्थात अपनी "पेट्रियोटिक ड्यूटी" को वहन करने पर अंतर्मन से गहन विचार करते हैं, तो हमारा अंतर्मन हमें कहीं न कहीं कचोट कर झकझोर देता है कि हम उस संविधान का पालन नहीं कर रहे हैं, "जो हमें सत्यमेव जयते का नारा देता है"। जिसे न केवल हमने बनाया, बल्कि गुजरते समय की आवश्यकताओं के



अनुरूप इसमें समय-समय पर आवश्यक संशोधन भी किये। "संविधान का पूर्णरूपेण पालन करना ही संविधान और राष्ट्र के प्रति हमारा पहला कर्तव्य है"। "एक देशभक्त की सांस्कृतिक विरासत उसे अपने राष्ट्र के प्रति पूर्ण निष्ठा रखना सिखाती है", इसलिए आज का यह दिन हमें अपने को अंदर से गहराई से "खंगालने" का एक अवसर प्रदान करता है। क्या हम इस अवसर का सदुपयोग कर अगले साल इसी समय सीना ठोक कर यह दावा कर सकेंगे की हां हमने अपनी कमियों को दूर किया है और बदलाव लाया है, संविधान के प्रति अपने निष्ठा को अधिकार व कर्तव्यों को लागू करके? "राजपथ से कर्तव्य पथ पर" गणतंत्र परेड की आकर्षक भव्य झांकी तो जरूर ले गए हैं, परंतु क्या वास्तव में कर्तव्य की ओर भी चलने का क्रम बढ़ाया है, तेजी लाई है या सिर्फ नामांकरण हुआ है? इस पर आप स्वयं ही विचार करें तो ज्यादा अच्छा होगा।

नागरिक अधिकार नागरिकता का अवमूल्यन?

15 अगस्त 1947 और 26 जनवरी 1950 में सिर्फ यही एक अंतर नहीं है, कि 15 अगस्त को स्वतंत्रता मिली और 26 जनवरी को संविधान लागू हुआ। बल्कि मूलभूत महत्वपूर्ण अंतर यह है कि कि हम "स्वतंत्रता से गणतंत्र की दिशा में चले"। अनसिविलाइज जीवन से सिविलाइज जीवन की ओर बढ़े। मतलब "इस सृष्टि में आदमी से आदमियत, और मनुष्य से मनुष्यता का प्रसंस्कृत रूप ही इंसानियत है"। इंसानियत का जज्बा पैदा कर इंसान बनने के लिए आदमी को अपने जीवन को व्यवस्थित रूप में सामाजिक, संवैधानिक, कानूनी सीमा के भीतर जीना होता है, कुछ करना होता है और तब वह व्यक्ति "इंसान" बन पाता है। 15 अगस्त को हम स्वतंत्र जरूर हुए। परंतु हम नागरिक बने जब 26 सितंबर 1949 को संविधान स्वीकार हुआ, लेकिन तब वह लागू नहीं हुआ था। देश स्वतंत्र होने के बाद भी राष्ट्र के प्रति "हमारे कर्तव्य तो थे, लेकिन अधिकार नहीं थे"। संविधान लागू होने पर हमें अपने अधिकार मिले। उस दिन इस देश में रहने वाले समस्त भारतीय को संवैधानिक रूप से 26 जनवरी 1950 को नागरिक अधिकार प्राप्त हुए। इस प्रकार स्वतंत्रता का अधिकार 15 अगस्त को प्राप्त हुआ तो नागरिकता का अधिकार 26 जनवरी को प्राप्त हुआ। यह "संविधान देता है हमें समानता का अधिकार, अब आदमी नहीं कर सकता इंसान का तिरस्कार"। परंतु सबसे बड़े इस "नागरिक अधिकार" का पालन, सम्मान उपयोग हम कितना कर रहे हैं? इसी पर राष्ट्र की सफलता निर्भर है।

"अंतरराष्ट्रीय घटनाओं का इस गणतंत्र दिवस पर प्रभाव"।

अंत में इस गणतंत्र दिवस को यदि हम अंतरराष्ट्रीय परिपेक्ष में देखे, तो हमारे गणतंत्र पर एक चिंता की लकीर आकर बहुत ही महत्वपूर्ण जिम्मेदारी आ जाती है। 20 जनवरी को विश्व के सबसे शक्तिशाली राष्ट्र अमेरिका के डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के तुरंत बाद उन्होंने 78 आदेशों पर हस्ताक्षर किए। इसमें से भारत की दृष्टि से एक "बर्थ राइट सिटिजनशिप" को समाप्त कर दिया जिससे अन्य लोगों के साथ प्रवासी भारतीयों के मूल की नागरिकता पर भी रोक लग गई। यद्यपि अमेरिका की न्यायालय ने तुरंत ही बिना नोटिस दिये उक्त एक्जीक्यूटिव आदेश पर अस्थायी रोक लगा दी है। विश्व का सबसे झूठा व्यक्ति कहलाने वाला व्यक्ति ट्रंप जिसे सबसे बड़ा नौटंकीबाज भी माना जाता है, ने अमेरिकन फर्स्ट की घोषित पॉलिसी की आड में इस तरह के निर्णय लिये उसने लगभग 7 लाख भारतवासियों की अमेरिकन नागरिकता पर खतरा मंडरा गया है। इसलिए "इंडिया फर्स्ट" को आगे बढ़ाने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मजबूत कंधों में महती जिम्मेदारी आ जाती है। "माय फ्रेंड ट्रंप" व "अबकी बार ट्रंप" के कथन को सार्थक कर भारतवंशी के अधिकारों की रक्षा करें, अन्यथा उसी अंदाज में ट्रंप को जवाब दें, जिसके वे आदी हैं।

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। 1916 में 29 जनवरी के दिन ही 'प्रथम विश्व युद्ध' में फ्रांस पर जर्मनी ने पहली बार हमला किया था। 1949 में आज ही के दिन ब्रिटेन ने इजराइल को मान्यता दी थी। 1953 में 29 जनवरी के दिन ही संगीत नाटक अकादमी की स्थापना हुई थी। 1976 में आज ही के दिन सोवियत संघ अंगोला में राजनीतिक समझौते के लिए सहमत हुआ था।1979 में 29 जनवरी के दिन ही भारत की सबसे पहली और दो इंजन वाली जंबो ट्रेन तमिलनाडु एक्सप्रेस को नई दिल्ली से हरी झंडी दिखाकर मद्रास रवाना किया गया था। 1989 में आज ही के दिन सीरिया और ईरान ने लेबनान में संघर्ष रोकने के लिए समझौता किया था। 1992 में 29 जनवरी के दिन ही भारत आशियान का क्षेत्रीय सहयोगी बना था। 1993 में आज ही के दिन क्रिकेटर विनोद कांबली का टेस्ट में पदार्पण हुआ था। 1996 में 29 जनवरी के दिन ही फ्रांस के राष्ट्रपति जैक्स शिराक ने भविष्य में परमाणु परीक्षण पर रोक लगाने की घोषणा की थी। 2003 में आज ही के दिन हिमाचल विधानसभा भंग कर दी गई थी।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

गूंज रहा जयघोष

गूंज रहा जयघोष, खुशियों का भरा कोष, गणतंत्र दिवस पे, गाते राष्ट्र गान को । पर्व जो राष्ट्रीय आते, सौहार्द तो संग लाते, एकता का सूत्र थामे, बढ़ाते हैं शान को । वीरों की शौर्य गाथा, गर्वित होता है माथा, माँ भारती के लाड़ले, ऊँचा करें मान को। गोल मोल बोल नही, एक स्वर बोल सही, वंदे मातरम नाँद, हिंद पहचान को

- सुमन ओमानिया

सपने सजाकर

सपने सजाकर जागती आँखों में, स्व के पग की राह को राह दिया,, पाकर जीवन की धधकती बाँह को- मैंने हंसकर अपनी खुली बाँह दिया,, चली संघर्षों की जब आंधी अजब- अपने चंचल सपनों को थाह दिया,, काली छायां दर्द की खोज ना ले पीर- तब होठों पर मुस्कान की छाँह दिया।

- ललित उपाध्याय

खास पाती

दिये सारे बुझे जब, जुल्मत

दिये सारे बुझे जब, जुल्मत के आगे सब झुक से गये जब, हुकूमत के आगे! उस बीमार बूढ़े में हिम्मत है बाकी हक़ की लड़ाई की ताकत है बाकी! जिनकी खातिर लड़ा वो कहाँ है मगर सन्नाटा सा है, सब जा छुपे हैं किधर! जिंदगी की सांसों से ठनी है उसकी जान पर अब तो आ बनी है उसकी! जो ग़रूर से तने है उनसे उम्मीद क्या जो बेहिसी से सने है उनसे उम्मीद क्या! उम्मीद है गर कुछ तो, हम वतनों से है शिकवा भी मगर कुछ तो हम वतनों से है! हैं हम एक जां, सब ये कहने वाले खो ग़ये हैं कहाँ, सब ये कहने वाले! आओ न जलाएँ मशालें सब मिलकर आवाज़ दें न, जियाले सब मिलकर। **- जावेद उस्मानी**

सुनो देव... परिस्थिति से और न ही

सुनो देव... परिस्थिति से और न ही इश्क़ से या टूटे जाने से हारती नही हूँ इसलिए नही बनी मैं मौन अगम्य अरण्य चंचल नदी बन उन्मुक्त हो गई हूँ मै बस.. जरूरत से ज्यादा विस्तृत और पुराने वटवृक्ष सी विशाल हो मौन की वृष्टि में मेरी आँखे सुनती हैं और अधर विस्मित होते है बस.. बेज़ुबान सी दिल की धड़कन रोक देते हैं संवेदनाओं का तूफ़ान सुनो देव... घनी प्रतिक्षाओं की आबादी में वेदनाओं को रोना मना जो हैं इसलिए खुद के लिए खुद की लिखी नज़्म दवा और दुआ समझ मैं गुनगुनाती हूँ बस **- सुरेखा अग्रवाल**

इसे गूंगा समझती है उसे बहरा

इसे गूंगा समझती है उसे बहरा समझती है। सियासत देश की सबको यहां अंधा समझती है। चुनावी दौरआते ही दलित घर खाते हैं नेता। विजय होते ही फिर सत्ता उन्हें गंदा समझती है ।

- विवेक 'बादल' बाज़पुरी

भारत का जग में बढ़े,मान और सम्मान

भारत का जग में बढ़े,मान और सम्मान। जग में मेरे देश की,अलग रहे पहचान ।। माटी मेरे देश की,है सोने की खान। और पहनती है सदा,हरियाला परिधान।। स्वर्णिम वैभव से सजे,दिखे खेत खलियान। दूध दही का बाल सब, करते हैं रसपान ।। कोयल गाती पेड़ पर,मीठे स्वर में गान । मौर नाचते बाग में,पंछी भरे उड़ान।। अमन चैन की गन्ध से,शोभित है बागान। रंग बिरंगे फूल का,सतरंगी गुलदान।। **- शालिनी शर्मा**

मुझको जब जब भी मेरे लोगों के ताने

मुझको जब जब भी मेरे लोगों के ताने आये, बेखुदी की ज़मीं पे होश ठिकाने आये। शहर से गांव जो भी आये बुढ़ापे में बस शहर की मुश्किलों से बचने बचाने आये। हुस्न वालों ने रिझाया यहाँ बहुतों को तो, कितने आशिक़ वहां सर अपना झुकाने आये। दौरे हाज़िर में जो भी नेतागिरी में आये, धन कमाने या कि बस धाक जमाने आये। जब से इस दिल ने चरागों से मुहब्बत की है, हम कभी भी न हवाओं के निशाने आये। अब भी इंसान गुनाहों की कथा लिख रहा क्यूं , धार्मिक ग्रन्थ भी क्या जुर्म सिखाने आये? आज हम लौट जब अपने ठिकाने आये, तीर तलवार लिये लोग ढहाने आये। **- संजय दानी**

बहुत नहीं पर ज़रा हुए हम खुद

बहुत नहीं पर ज़रा हुए हम खुद ही खुद का दिया हुए हम रंग-ओ-खुशबू की थी हसरत सो खुद पिस कर हिना हुए हम कितनों के हम जखूम हुए पर तेरे मरज़ की दवा हुए हम जुदा जुदा थे तब थे संग में हुए एक जब , जुदा हुए हम खोली अपने हाथों बेड़ी तब जाकर के रिहा हुए हमजिस थैली में सब थे हम से उस थैली में जमा हुए हम दूजो को जैसा था चाहा कब वैसे खुद भला हुए हम समझा था हक़ जिसपर अपना उसके दिल से विदा हुए हम 'पुष्प' कहें क्या, क्या है उसमें क्यों ही उसपे फिदा हुए हम। **- पुष्प सैनी 'पुष्प'**

प्रेरक प्रसंग

ईश्वर नहीं तो उसकी सृष्टि को पूजो

एक बार साधु ने आकर गाँधी जी से पूछा- "हम ईश्वर को पहचानते नहीं, फिर उसकी सेवा किस प्रकार कर सकते हैं ?" गाँधी जी ने उत्तर दिया-"ईश्वर को नहीं पहचानते तो क्या हुआ, उसकी सृष्टि को तो जानते हैं। ईश्वर की सृष्टि की सेवा ही ईश्वर की सेवा है।" साधु की शंका का समाधान न हुआ, वह बोला- "ईश्वर की तो बहुत बड़ी सृष्टि है, इस सबकी सेवा हम एक साथ कैसे कर सकते हैं ? "ईश्वर की सृष्टि के जिस भाग से हम भली-भाँति परिचित हैं और हमारे अधिक निकट है, उसकी सेवा तो कर ही सकते हैं। हम सेवा कार्य अपने पड़ौसी से प्रारंभ करें। अपने आँगन को साफ करते समय यह भी ध्यान रखें कि पड़ौसी का भी आँगन साफ रहे। यदि इतना कर लें तो वही बहुत है।" गाँधी जी ने गंभीरतापूर्वक समझाया। साधु उससे बहुत प्रभावित हुए।

QUIZ TIME

1) शिक्षक कक्षा में जिस प्रकार का संचार करता है, उसे कौन सा संचार कहा जाता है?

2) वायरलेस फिडेलिटी किसका पूर्ण रूप है?

3) भारत का प्रथम नेशनल सेंटर फॉर मेरीन बायोडाइवर्सिटी किस शहर में स्थित है?

4) भारत की संचित निधि से निधि निकालने के लिए किसका अनुमोदन अनिवार्य है?

5) किस फुटबॉल खिलाड़ी ने लगातार 4 वर्षो तक फीफा वर्ल्ड प्लेयर अवार्ड जीता है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) शाब्दिक संचार (2) वाई फाई (3) जामनगर (4) भारत की संसद का (5) लियोनल मेसी

आज का पंचांग

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : मकर, चंद्र : मकर, मंगल : मिथुन (उदित, पश्चिम, वक्री), बुध : मकर (अस्त, पूर्व, मार्गी), गुरु : वृषभ (उदित, पश्चिम, वक्री), शुक्र : मीन (उदित, पूर्व, मार्गी), शनिः कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या।

सूर्योदय : 07:08, सूर्यास्त : 18:12, चन्द्रोदय : 31:03, चन्द्रास्त : 17:01, अयन उत्तरायण, ऋतु : शिशिर, शक सम्वत : 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वत: 2081 (पिंगल), संवत्सर : क्रोधी, संवत्सर : (उत्तर) पिंगल, युगाब्द : (कलि संवत) 5125, मास : माघ, पक्ष : कृष्ण, तिथि : अमावस्या,नक्षत्र : उत्तराषाढ़ा, योग : सिद्धि, प्रथम करण : विष्टि भद्रा (08:09 तक), द्वितीय करण : शकुनि (19:35 तक), तृतीय करण : चतुष्पाद (30:54+ तक)।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 12:18 से 13:02, अमृत काल : 26:06+ से 27:40+, विजय मुहूर्त : 14:31 से 15:15, गोधूलि मुहूर्त : 18:09 से 18:35, सायाह्न सन्ध्या : 18:12 से 19:29, निशिता मुहूर्त : 24:14+ से 25:06+, ब्रह्म मुहूर्त : 29:25+ से 30:16+, राहुकाल : 12:00 से 13:49, गुलिक काल : 12:40 से 14:03, यमगण्ड : 09:54 से 11:17, दुर्मुहूर्त : 09:21 से 10:06, वर्ज्य : 16:46 से 18:19, भद्रा : 07:08 से 08:09।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः मेष राशि के जातकों के लिए आज दिन कुछ नया करने के लिए रहेगा। आप आनंदमय दिन व्यतीत करेंगे।

वृषः आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहने वाला है। आपकी कोई डील यदि लंबे समय से अटकी हुई थी, तो वह फाइनल हो सकती हैं।

मिथुनः आज का दिन आपके लिए अकस्मात लाभ दिलाने वाला रहेगा। जीवनसाथी की आपको कोई बात बुरी लग सकती है।

कर्कः आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपको किसी विरोधी के सामने कोई जरूरी जानकारी शेयर नहीं करनी है।

सिंहः आज का दिन आपके लिए इनकम को बढ़ाने वाला रहेगा।

कन्याः आज का दिन आपके लिए मन मुताबिक लाभ दिलाने वाला रहेगा, लेकिन आपको अच्छा लाभ मिलने से विरोधी भी सतर्क रहेंगे।

तुलाः आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। परिवार के सदस्यों में यदि किसी बात को लेकर कोई वाद विवाद की स्थिति उत्पन्न हो, तो आप उसमें चुप लगाए।

वृश्चिकः आज का दिन आपके लिए लंबे समय से रुके हुए काम को पूरा करने के लिए रहेगा। भाई व बहनों का आपको पूरा साथ मिलेगा।

धनुः आज का दिन आपके लिए मौज मस्ती भरा रहने वाला है। आपको बड़े लाभ के लिए योजनाओं पर भी ध्यान देना होगा।

मकरः आज का दिन आपके लिए किसी नए वाहन की खरीदारी के लिए अच्छा रहेगा, लेकिन आप किसी को धन उधार देने से बचें। भगवान की भक्ति में आपका खूब मन लगेगा।

कुंभः आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है।

मीनः आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। परिवार के सदस्यों को आप यदि कोई सलाह देंगे, तो उसपर अमल अवश्य करेंगे।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं : 1. लज्जत, जायका 2. मुकाबला, भेंट, होड़ 5. बंदी, कैद की सजा पाने वाला व्यक्ति 7. खल-पात्र, नाटक फिल्म आदि का दुष्ट पात्र 9. कामी, व्यभिचारी 10. इच्छा जाना, बेइज्जती होना (उपमा) 11. ऊटपटांग, विचित्र, कठिन 13. वैभव, ठाट-बाट 14. साथ, सहित 15. कामदेव की पत्नी, प्रेम 16. मैं का बहुवचन 17. दरवाजे-दरवाजे 20. एक राशि, नगर 22. नमी, मोड़, मुहर, ठप्पा 23. औषधालय, चिकित्सालय।

ऊपर से नीचे 1. आत्मनिर्भर, स्वालंबन भावना से युक्त, स्वाश्रित 2. वर्ष, बरस 3. राजी करना, रूठे हुए को खुश करना, प्रसन्न करना 4. नाटक फिल्म आदि का मुखपत्र 6. दीवानगी, पागलपन, 7. दो वस्तुओं के टकराने से उत्पन्न ध्वनि, वैर-विरोध, अनबन 8. खीरे की प्रजाति का एक फल 11. बेवकूफ, मूर्ख 12. बादल, मेघ 13. बहुत चालाक, होशियार 14. जिसका मत दूसरे से मिलता हो, 15. दांत, दंत 18. प्राप्ति, वस्तु आदि मिलने का प्रमाण पत्र 19. दंगा-फसाद, उपद्रव विप्लव 21. बचाव, सुरक्षा।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 309 का हल

न्यूज गैलरी

सुबह 6 बजे सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करने पहुंचे निगम आयुक्त

भिलाई। निगम आयुक्त राजीव पांडेय ने आज सुबह 6 बजे से जोन क्रमांक 3 पावर हाउस सर्कुलर मार्केट में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। कर्मचारियों की उपस्थिति और उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों की जांच के साथ ही वार्ड 36 सूर्य नगर में जर्जर सुलभ शौचालय, साफ-सफाई व्यवस्था, पानी व्यवस्था ठीक करने और वार्ड 30 प्रगति नगर में सार्वजनिक सुलभ शौचालय का संधारण शीघ्र कराने के निर्देश दिये। आयुक्त ने जोन 2 वैशाली नगर क्षेत्र के सुपेला शीतला तालाब, रामनगर मुक्तिधाम तालाब, नक्टा तालाब, सीमेंटीकरण सड़क निर्माण, शौचालय निर्माण आदि सभी जगह पहुंच कर साफ-सफाई, निर्माण, संधारण कार्यों को समय अवधि में पूरा करने जोन आयुक्त येशा लहरे को निर्देश दिया। सभी तालाबो का सीमांकन राजस्व विभाग के सहयोग से समय अवधि में पूरा करने कहा, ताकि तालाबों के किनारे अतिक्रमण करने वालों को हटाया जा सके। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, अजय शुक्ला, जोन स्वास्थ्य अधिकारी वीरेन्द्र बंजारे, सुपरवाईजर अंजनी सिंह आदि उपस्थित रहे।

सहकारी बैंक में किया ध्वजारोहण

दुर्ग। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग प्रधान कार्यालय परिसर में 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर बैंक के प्राधिकृत अधिकारी व कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान प्रधान कार्यालय दुर्ग एवं शाखा दुर्ग के अधिकारी व कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी। कार्यक्रम में बैंक मुख्य कार्यपालन अधिकारी एसके जोशी, पूर्व संचालक रमाकांत द्विवेदी, राजेन्द्र रामटेके बैंक अधिकारी, लक्ष्मीनारायण चन्द्राकर, कर्मचारी संघ अध्यक्ष, कुसुम ठाकुर, बैंक अधिवक्ता सुधीर तिवारी, रामकुमार वर्मा, युवराज चन्द्राकर, रामकुमार पटेल,चन्द्रशेखर मानिकपुरी सहित प्रधान कार्यालय व शाखा के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन ह्रदेश शर्मा और आभार प्रदर्शन राजेन्द्र रामटेके द्वारा किया गया।

गणतंत्र दिवस पर शराब छोडने की प्रतिज्ञा दिलाई

भिलाई। गणतंत्र दिवस पर हथखोज स्थित एचटीसी ऑफिस में धूमधाम से ध्वजारोहण किया। एचटीसी के डायरेक्टर व ट्रक, ट्रेलर संगठन के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह (छोटू) ने महात्मा गाँधी, सुभाषचंद्र बोस, भगतसिंह के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर ध्वजारोहण किया। इस दौरान भारत में संविधान के महत्व को समझाते हुए इंद्रजीत सिंह ने शराब का सेवन न करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में मलकीत सिंह (लल्लू भैया) के साथ-साथ संगठन के समस्त पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

भाजपा की नामांकन रैली : ट्रपल इंजन की सरकार बनेगी : शर्मा

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। निगम चुनाव के लिये नामांकन के अंतिम दिन आज भाजपा ने महापौर प्रत्याशी अलका बाघमार सहित सभी 60 वार्डों के प्रत्याशियों के साथ नामांकन रैली निकालकर शक्ति प्रदर्शन किया। रैली में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पाण्डेय, विधायक गजेन्द्र यादव मौजूद थे। सभी प्रत्याशियों ने रैली निकालकर कलेक्ट्रेट में नामांकन जमा किया। इसके बाद पुराना बस स्टैंड स्थित सभा स्थल पहुँचे। यहां आम सभा में प्रमुख भाजपा नेताओं ने कांग्रेस पर जमकर प्रहार किया। सभा के दौरान बीते 5 साल में कांग्रेसी महापौर द्वारा किये भ्रष्टाचार को उजागर करते हुए भाजपा सरकार की एक साल की उपलब्धि पर मुहर लगाने की अपील की गई। हजारों की संख्या में पहुँचे कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने पीएम आवास का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस की प्रदेश सरकार और शहर सरकार ने पीएम आवासों का निर्माण नहीं किया। भाजपा की शहर सरकार बनने पर लोगों को पीएम आवास योजना का लाभ दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश में भाजपा की सरकार है। अब शहर की सरकार बनने से ट्रपल इंजिन की सरकार बनने पर दुर्ग शहर के नागरिकों को इसका भरपूर फायदा मिलेगा। भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पाण्डेय और विधायक गजेंद्र यादव ने कहा कि बीते पांच साल से दुर्ग की जनता कांग्रेस सरकार का दंश झेल रही है। दुर्ग निगम में बैठकर कांग्रेसियों ने सिर्फ भ्रष्टाचार किया है। जनता को पानी, बिजली और सफाई जैसी जरूरी कार्य को भी ठीक से नहीं किया गया। भाजपा सरकार में किये कार्यों का झूठा श्रेय लेने का काम कांग्रेस नेताओं ने किया। प्रदेश में विष्णुदेव साय सरकार आते ही गांव, गरीब, किसान, मजदूर, महिला, युवा सभी का सम्मान बढ़ा है। उन्होंने महापौर प्रत्याशी अलका बाघमार को प्रचंड मतों से विजयी बनाने की अपील करते हुए कहा कि मोदी की गारंटी और विष्णुदेव साय के सुशासन में जनता का जीवन खुशहाल हुआ है। दुर्गवासियो की हर मांग भाजपा सरकार में पूरी हो रही है। एक साल में ही विकास कार्यों के लिए करोड़ों की राशि स्वीकृति दी गई है। महतारी वंदन योजना से महिलाओं का मान बढ़ा है।

प्रेमलता की नामांकन रैली निकली वोरा बोले-कांग्रेस की जीत तय

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। नगरीय निकाय चुनाव को लेकर आज कांग्रेस ने नामांकन रैली निकाली। महापौर प्रत्याशी प्रेमलता साहू की नामांकन रैली कांग्रेस भवन से निकली। रैली में पूर्व विधायक अरुण वोरा ने कहा कि संगठन को हमेशा सर्वोपरि मानना चाहिए। हर कार्यकर्ता को एकजुट होकर महापौर प्रत्याशी को भारी मतों से विजयी बनाना है। रैली में 60 वार्डों के सभी कांग्रेस प्रत्याशी उत्साह और जोश के साथ शामिल हुए। समर्थकों का विशाल जनसैलाब और कार्यकर्ताओं की ऊर्जा ने पूरे शहर को कांग्रेसमय बना दिया। इस दौरान वोरा ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं को एकजुटता का मंत्र देते हुए कहा कि चुनाव संगठन की ताकत और हमारे संकल्प का परिचय है।

कांग्रेस में बगावत, अंतर्कलह, असंतोष : भाजपा ने दिखाई एकजुटता

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। नगर निगम चुनाव के लिये कांग्रेस, भाजपा के प्रत्याशियों की घोषणा होते ही असंतोष और बगावत का सिलसिला शुरू हो गया है। हालत ये रही कि बिखराव और संगठन का काम अव्यवस्थित होने के कारण कांग्रेस का नामांकन जुलूस तक नहीं निकल पाया। इधर, भाजपा नेताओं ने एकजुटता और संगठन शक्ति दिखाते हुए नामांकन जुलूस निकाला जिसमें सभी प्रमुख नेता शामिल हुए।

निगम चुनाव के प्रारंभिक दौर में ही कांग्रेस संगठन में जिस तरह का बिखराव देखने मिला है, उससे आगे होने वाली चुनावी जंग की तस्वीर का अंदाज लगाया जा सकता है। हालत यह रही कि कांग्रेस पार्टी के नेता कल देर रात तक यह तय नहीं कर पाए थे कि नामांकन के अंतिम दिन 28 जनवरी को नामांकन जुलूस निकालकर शक्ति प्रदर्शन किया जाएगा या नहीं। आज सुबह सोशल मीडिया के माध्यम से कांग्रेस नेताओं को राजीव भवन में एकत्र होने कहा गया, लेकिन सूचना न मिलने के कारण नामांकन जुलूस में गिने चुने लोग ही शामिल हो पाए।

दूसरी ओर, भाजपा नेताओं ने नामांकन जुलूस निकाला जिसमें प्रदेश के गृहमंत्री व जिला प्रभारी मंत्री विजय शर्मा, भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय, विधायक गजेंद्र यादव, जिला भाजपा संगठन प्रभारी राजीव अग्रवाल, जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक सहित अन्य प्रमुख नेता शामिल हुए। एकजुट भाजपा नेताओं ने हर वार्ड से भीड़ जुटाई। नामांकन जुलूस में भीड़ जुटाने में कांग्रेसी नाकाम रहे।

कांग्रेस में बगावत का सिलसिला जारी

कांग्रेस नेत्री प्रीति साहू ने टिकट न मिलने पर वार्ड 34 से शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष कन्या ढीमर के खिलाफ बगावत का ऐलान किया था। आज पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेश शर्मा, पूर्व पार्षद प्रकाश गीते, पूर्व शहर युकां उपाध्यक्ष हिमेश सिन्हा ने बागी तेवर अपनाते हुए निर्दलीय चुनाव लडने़ का ऐलान कर दिया। हालांकि दोपहर बाद राजेश शर्मा के नाम कांग्रेस पार्टी से बी फार्म जारी कर दिया गया।

टिकट मिली आयुष शर्मा को : बी फार्म राजेश शर्मा के नाम जारी

दरअसल, राजेश शर्मा का नाम प्रत्याशियों की सूची में वार्ड 45 से फाइनल हो चुका था। लेकिन, प्रदेश कांग्रेस कमेटी से प्रत्याशियों की सूची जारी होने पर उसमें राजेश का नाम गायब था।

पीसीसी से जारी सूची में राजेश शर्मा की जगह शहर युवा कांग्रेस अध्यक्ष आयुष शर्मा को कांग्रेस की टिकट दी गई। आयुष का निवास वार्ड 45 में नहीं है बल्कि आदर्श नगर में है, इसके बावजूद राजेश की टिकट काटकर आयुष को टिकट दे दी गई। बाहरी व्यक्ति को प्रत्याशी बनाए जाने के विरोध में राजेश शर्मा ने कांग्रेस से बगावत कर निर्दलीय चुनाव लडने़ का ऐलान कर दिया। उन्होंने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल कर दिया। इसके बाद घटनाक्रम फिर बदला। शहर कांग्रेस अध्यक्ष गया पटेल ने आयुष शर्मा की जगह राजेश शर्मा के नाम पर बी फार्म जारी कर दिया। बार-बार टिकट बदले जाने के घटनाक्रम को लेकर दिन भर कांग्रेस भाजपा में प्रतिक्रिया होती रही।

पुलगांव का प्रत्याशी बदलने पर वोरा निवास के सामने नारेबाजी

इधर आज सुबह दुर्ग पुलगांव वार्ड 56 में कांग्रेस की टिकट ललित ढीमर को दिये जाने के बाद उनकी टिकट कटने से नाराज वार्डवासियों ने वोरा निवास पहुंचकर हंगामा किया। ललित ढीमर के समर्थकों ने दोबारा टिकट देने की मांग करते हुए कांग्रेस का बहिस्कार करने की धमकी भी दी। नागरिकों ने वोरा निवास के सामने नारेबाजी भी की।

गीते ने बगावत का ऐलान किया, निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे

कांग्रेस नेता प्रकाश गीते ने भी आज बगावती तेवर अपना लिये। टिकट न मिलने से खफा गीते ने कहा कि कसारीडीह वार्ड 42 से उनके परिवार के सदस्य लगातार चार चुनाव जीतते आए हैं। उनके चाचा शिवराम गीते चुनाव लड़े और विजयी हुए। उनके बाद वे स्वयं चुनाव जीतकर पार्षद बने। उनके बाद अगले चुनाव में उनकी माता मनी गीते चुनाव जीती। उनके निधन के बाद उपचुनाव हुआ, जिसमें उनकी पत्नी प्रीति गीते ने चुनाव लड़ा और विजय हासिल की। इस बार उन्होंने वार्ड में टिकट के लिये आवेदन किया था, लेकिन मजबूत जनाधार के बावजूद उनकी टिकट काट दी गई। अब उन्होंने निर्दलीय चुनाव लडने़ का ऐलान किया है।

4 महिलाओं सहित 35 आरोपी गिरफ्तार

साइबर फ्राड:111 बैंक खातों से 2.85 करोड़ का ट्रांजेक्शन

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। जिला पुलिस ने 28 जनवरी को बड़ा खुलासा किया है। फर्जी बैंक खातों से 2 करोड़ 85 लाख का ट्रांजेक्शन करने वाले 4 महिलाएं सहित 35 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों ने अपने बैंक खातों में ठगी के पैसो का हेरफेर किया है। 111 बैंक खातों में ऑनलाइन सट्टा सहित दो नंबरी पैसों का लेनदेन किया गया है। पुलिस ने बताया कि इस मामले में शामिल बैंक कर्मचारियों पर भी कार्रवाई की जाएगी। मामला मोहन नगर थाना क्षेत्र का है। प्रेस कांफ्रेंस में आईपीएस चिराग जैन और सीएसपी अभिषेक झा ने बताया कि भारत सरकार गृह मंत्रालय द्वारा संचालित समनवय पोर्टल के माध्यम से थाना मोहन नगर क्षेत्र के कर्नाटक बैंक शाखा स्टेशन रोड दुर्ग म्यूल एकांउट खाता धारको का अवलोकन पर पाया कि बैंक में कुल 111 कर्नाटका बैंक खाता धारको के एकाउंट में देश के अलग अलग राज्यो में हुए अनेको लोगों से हुए अलग अलग सायबर फ्राड का कुल रकम करीब 8633247 रूपये को खातों में प्राप्त किया गया है। उपरोक्त बैंक खातों में अवैध धन लाभ अर्जित करने के लिए बैंक खातों का इस्तेमाल कर रकम प्राप्त करना पाया गया तथा उन खातो में ठगी के रकम प्राप्त हुई है। इन खातों के संबंध में दिगर राज्यों से आन लाईन शिकायत पंजीबद्ध होना पाया गया है। संदिग्ध 111 बैंक खातों का उपयोग आनलाईन ठगी के रकम लेने प्रयोग होने व अवैध धन लाभ अर्जित करने लिया।

हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। शाला निर्देशक ब्रजमोहन उपाध्याय व संयुक्त सचिव उमाकांत मिश्रा द्वारा सर्वप्रथम भारत माता व वीर शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण कर ध्वजारोहण किया गया। राष्ट्रगान के पश्चात प्राचार्या मनप्रीत फुल्लमाली द्वारा भारतीय संविधान की प्रस्तावना को पढ़ा गया, जो हमारे देश के मूल्यों और आदर्शों को बताता है। शाला के निर्देशक ब्रजमोहन उपाध्याय ने छात्रों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा 26 जनवरी का दिन हर भारतीय के लिए गर्व से भरा दिन है। उन्होंने कहा विद्यार्थी जीवन ही अनुशासन की आधारशिला है। अतः उन्होंने सभी छात्रों को कठिन परिश्रम व समय का सदुपयोग कर भारत का नाम रोशन करने कहा। शाला संयुक्त सचिव उमाकांत मिश्रा ने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएँ दी। छात्रों को देशभक्ति की लहर व मातृभूमि के प्रति अपार स्नेह व सम्मान की भावना अनुशासित रहने कहा। छात्रों द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत नृत्य, गीत, कविताएँ व भारतीय संविधान से संबंधित जानकारी देते भाषण प्रस्तुत किए।

गुरुनानक स्कूल में मना गणतंत्र दिवस

गुरुनानक इंग्लिश सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 76वां गणतंत्र दिवस अजय शर्मा सहायक महाप्रबंधक, सिविल इंजीनियरिंग विभाग, भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य आतिथ्य में हर्षोल्लाह से मनाया गया। मुख्य अतिथि ने राष्ट्रध्वज फहराकर कार्यक्रम शुरु किया। तत्पश्चात् राष्ट्रगान व भारत माता की जय के नारों से संपूर्ण वातावरण गुंजायमान हो उठा। शाला अध्यक्ष सरदार मनजीत सिंह ने शाला परिवार को गणतंत्र दिवस की बधाई दी। इस दौरान सरदार तारा सिंह श्री गुरु सिंह सभा से-6 अध्यक्ष, सरदार पीपीएस अहलुवालिया महासचिव, सरदार जसबीर सिंह कैशियर, सरदार जगदीप सिंह कोषाध्यक्ष, सरदार मुखविन्दर सिंह, सरदार बलजीत सिंह सहायक सचिव एवं शाला शिक्षण समिति कोषाध्यक्ष देवेंद्र पाल सिंह, लखबीर सिंह, मनप्रीत सिंह तथा प्राचार्या मोना सिंह की उपस्थिति रही।

पार्षद के 107 व महापौर/अध्यक्ष के 22 नामांकन जमा

दुर्ग। नगरीय निकाय निर्वाचन-2025 के नाम निर्देशन पत्र जमा करने के अंतिम दिन पार्षद पद हेतु 107 और महापौर/अध्यक्ष पद हेतु 22 नामांकन जमा हुए हैं। नगर निगम दुर्ग, भिलाई, भिलाई-चरौदा एवं रिसाली, नपा परिषद कुम्हारी, अहिवारा व अमलेश्वर और नपं धमधा, पाटन व उतई में पार्षद पद हेतु 107 नामांकन जमा हुए हैं। इसी प्रकार नगर निगम दुर्ग, नपाप कुम्हारी, अहिवारा एवं अमलेश्वर तथा नपं धमधा, पाटन, उतई में महापौर/अध्यक्ष पद हेतु 22 नामांकन जमा हुए हैं। 28 जनवरी तक पार्षद पद हेतु 653 नामांकन तथा महापौर/अध्यक्ष पद हेतु 42 नामांकन जमा हुए है।

निगम में 7 दिनों में एक करोड़ से अधिक टैक्स वसूली

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। नगर निगम में जलकर, संपत्ति कर, दुकान किराया, समेकित कर के रूप में पिछले 7 दिनों में एक करोड़ से अधिक राशि टैक्स और किराये के रूप में वसूल की गई है। कलेक्टर/निगम प्रशासक ऋचा प्रकाश चौधरी और आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर निगम से किराये पर दुकान लेकर किराया न पटाने वाले दुकानदारों से किराया वसूल किया गया। टैक्स का भुगतान न करने वालों के खिलाफ भी नगर निगम प्रशासन ने अभियान छेड़ दिया है। राजस्व अधिकारी आरके बोरकर के मार्गदर्शन में राजस्व वसूली टीम द्वारा नगर निगम क्षेत्र में करों की वसूली के लिए अभियान चल रहा है।

कई बड़े बकायादारों और दुकानदारों ने कई साल से दुकान का किराया जमा नहीं किया है। नगर निगम प्रशासन ने अब ऐसे दुकानदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाही शुरू कर दी है। निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने अपील करते हुए कहा है कि किराया न देने वाले दुकानदारों की दुकानों को सीलबंद किया जाएगा। राजस्व अधिकारी आरके बोरकर ने बताया कि टैक्स वसूली के लिए अभियान चल रहा है। बकायेदारों को पूर्व में सूचना दी जा चुकी है। टैक्स न पटाने वाले नागरिकों के नल कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जाएगी।

शौचालय मरम्मत में लीपापोती पर आयुक्त ने नाराजगी जताई

नवप्रदेश संवाददाता

रिसाली। निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने आज पुरैना वार्ड 40 में शौचालय मरम्मत कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्य में लापरवाही देखकर नाराजगी जताई। आयुक्त ने प्रभारी उप अभियंता गोपाल सिन्हा को निर्देश देते हुए कहा कि मरम्मत कार्य गुणवत्ता से होना चाहिये। निर्माण कार्य पूर्ण होने पर गुणवत्ता देखने के बाद ही बिल प्रस्तुत किया जाए। निगम मुख्यालय से 25 किलोमीटर दूर पुरैना के तीन वार्डो का निरीक्षण करते हुए निगम आयुक्त मोनिका वर्मा से नागरिकों से चर्चा की। नागरिकों ने बताया कि मरम्मत कार्य करने वाले ठेकेदार गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दे रहा है। गिरते प्लास्टर के ऊपर रंग रोगन किया गया है। शीट को भी नहीं बदला जा रहा है। छत के ऊपर वाटर टैंक में ओवरफ्लो पाइप न होने से छत में पानी जमा होता है जिससे सीपेज की समस्या हो रही है। निरीक्षण के दौरान मौके पर सहायक अभियंता अखिलेश गुप्ता, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी बृजेन्द्र परिहार आदि उपस्थित थे।

सार्वजनिक शौचालय देखने के बाद आयुक्त मोनिका वर्मा ने अधिकारियों के साथ कचरा पृथक्करण केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने एसएलआरएम सेंटर में असामाजिक तत्वों का प्रवेश रोकने जाली लगाने के निर्देश दिये। नए पिट में गीला कचरा डालकर खाद बनाने कहा। आयुक्त ने स्वच्छता दीदी को मास्क लगाकर कचरा छांटने कहा।

निर्माण कार्य 15 फरवरी तक

इस दौरान आयुक्त ने निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए कार्यो की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिये। 15 फरवरी तक हर हाल में निर्माण कार्य पूर्ण कर प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करने कहा। आयुक्त मोनिका वर्मा ने मुक्तिधाम का निरीक्षण भी किया। उन्होंने मुक्तिधाम में निर्माण कार्य का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने शेड की मरम्मत कर अलग से लकड़ी रखने कक्ष बनाने प्रस्ताव शासन को भेजने कहा।

भूमि लीज का मामला | **याचिकाकर्ता आरपी शर्मा को अतिक्रमित भूमि खाली करने का आदेश**

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने भिलाई इस्पात संयंत्र के पक्ष में फैसला सुनाया

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। छग उच्च न्यायालय ने 13 जनवरी को ''आर.पी. शर्मा बनाम स्टील अथॉरिटी ऑफइंडिया लिमिटेड (एसएआईएल) और भिलाई स्टील प्लांट''रिट याचिका पर फैसला सुनाया। इस मामले में भूमि के अतिक्रमण और याचिकाकर्ता आरपी शर्मा को 1998 में दी गई भूमि के लीज को समाप्त करने को लेकर विवाद था। उच्च न्यायालय ने याचिकाकर्ता को सात दिनों के भीतर अतिक्रमित भूमि खाली करने का आदेश दिया। ऐसा न करने पर सेल को आगे की कार्रवाई करने का अधिकार दिया गया। न्यायालय ने सेल द्वारा लीज को समाप्त करने के आदेश को निरस्त कर दिया। जनवरी 2012 में सेल ने लीज अनुबंध के अनुच्छेद 6 का उल्लंघन करते हुए लीज समाप्त कर दी, जो भूमि पर अनधिकृत कब्जे के मामलों में लीज को समाप्त करने की अनुमति देता है। लीज के अनुबंध के अनुच्छेद 6 का उल्लंघन करते हुए याचिकाकर्ता ने बिना अनुमति के अतिरिक्त भूमि पर कब्जा कर लिया था। यह विवाद भिलाई के रुआंबांधा सेक्टर में एचएससीएल कॉलोनी में स्थित एक भूमि से संबंधित है, जिसे याचिकाकर्ता आर.पी. शर्मा को लोकनायक जय प्रकाश नारायण की प्रतिमा स्थापित करने सहित सामाजिक-सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए आबंटित किया गया था। विवाद तब हुआ, जब शर्मा ने भूमि का अपने इच्छित उद्देश्यों के लिए उपयोग करते हुए आवश्यक प्राधिकरण प्राप्त किए बिना आस-पास की अतिरिक्त 2670 वर्ग फीट भूमि पर अतिक्रमण कर लिया। सेल से कई नोटिस प्राप्त करने के बावजूद याचिकाकर्ता शर्मा ने अतिक्रमित क्षेत्र पर कब्जा करना जारी रखा। श्री शर्मा ने तर्क दिया कि यह विचाराधीन भूमि औपचारिक रूप से आवंटित नहीं की गई थी और उनकी भूमि के लिए आवेदन अभी भी लंबित था और औपचारिक रूप से खारिज नहीं किया गया था। लीज का समाप्ति आदेश अनुचित था। सेल ने इस मामले में याचिकाकर्ता द्वारा अतिक्रमित भूमि का उपयोग करने के प्रमाण प्रस्तुत किए, जिसमें मवेशियों का रखना और लीज अनुबंध के अनुच्छेद 6 का उल्लंघन शामिल था। न्यायालय ने निर्णय दिया कि शर्मा द्वारा अतिरिक्त भूमि का कब्जा अवैध था। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि प्रक्रिया की निष्पक्षता को नकारा नहीं जा सकता और लीज की समाप्ति समय से पहले की गई थी, क्योंकि भूमि के लिए लंबित आवेदन पर निर्णय नहीं लिया गया था। दोनों पक्षों को भविष्य में किसी उल्लंघन के लिए अगली सुनवाई का मौका दिया गया। याचिका को उक्त निर्देशों के साथ निस्तारित कर दिया गया।

जुनवानी शाला में मनाया गया गणतंत्र दिवस

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जुनवानी में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय को तोरण पताका एवं रंगोली से सजाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभातफेरी से हुआ। पूरे हर्षोल्लास के साथ विद्यालय परिवार ने वन्दे मातरम ,भारत माता का जय घोष करते हुए जुनवानी बस्ती का भ्रमण किया। ततपश्चात शहीद सुरेश मिश्रा चौक पर पूजा अर्चना कर वीर शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। शाला प्रांगण में प्राचार्य वर्षा ठाकुर द्वारा ध्वजारोहण किया गया। पार्षद मुकेश अग्रवाल और शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष राकेश नागदेव की गरिमामयी उपस्थिति रही। विद्यार्थियों द्वारा संविधान की प्रस्तावना, मौलिक कर्तव्य, अधिकार एवं भारतीय संविधान की विशेषताओं पर प्रकाश डाला गया। प्राचार्य ने कहा कि गणतंत्र को गुणतंत्र बनाने की जिम्मेदारी हमारी है ,यह तभी सम्भव है जब हम सभी अपने हिस्से का कार्य पूरी निष्ठा से करेंगे। साथ ही परीक्षा की तैयारी कैसे करें इस पर भी सारगर्भित चर्चा कीं। पार्षद अग्रवाल व नागदेव द्वारा गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए बच्चों को खूब मन लगाकर पढ़ने का आव्हान किया। इस अवसर पर बस्ती के गणमान्य नागरिक सरस्वती साहू, फूलचंद साहू, गुप्ता जी, भूखऊ साहू, व्याख्याता प्रतिभा बुरहान, निहारिका कर्महे, प्रतिमा भारद्वाज, रूपेश्वरी साहू, बी मैथ्यू, लुबना परविन, संजय यादव, रूखमणी विश्वकर्मा सहित समस्त विद्यालय परिवार की गरिमामयी उपस्थिति रही।

न्यूज गैलरी

कांग्रेस के सीनियर नेता राधेश्याम शर्मा ने किया भाजपा प्रवेश

भाटापारा/नवप्रदेश। स्थानीय राम सप्ताह चौक में भाजपा नामांकन रैली के अवसर पर प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा की उपस्थिति में कांग्रेस टिकट अध्यक्ष पद के प्रबल दावेदार राधेश्याम शर्मा (फगा) ने अपने सैकड़ों साथियों और मजदूर संघ के नेताओं कामदेव खुटे,सम्मत बंजारे,राजू रात्रे,भगवान दास इत्यादि साथियो के साथ भाजपा प्रवेश कर लिया,इस दौरान भाजपा अध्यक्ष प्रत्याशी अश्विनी शर्मा ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता राधेश्याम शर्मा का पार्टी गमछा पहना कर उनका भाजपा प्रवेश किया। इस दौरान अपने उद्बोधन में फगा महराज ने कहा कि वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा के नेतृत्व में भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो भाटापारा का समुचित विकास कर सकती है।। कांग्रेस पार्टी ने पिछले 5 साल में ऐसा कोई विकास कार्य नहीं कराया जिसे बताया जा सके। उक्त अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा के मोर्चा प्रकोष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्त्ता गण उपस्थित थे।

नगर पंचायत खरोरा पांच अध्यक्षों के द्वारा नामांकन भरा

खरोरा/नवप्रदेश। नगर पंचायत खरोरा कुल पाँच अध्यक्षों के द्वारा नामांकन भरा गया जिसमें से दो राष्ट्रीय दल पार्टी जिसमें भारतीय जनता पार्टी से सुनीता अनिल सोनी और कांग्रेस पार्टी से मोना बब्लू भाटिया का नामांकन के अलावा तीन निर्दलियों ने अब तक फ़ॉर्म भरे जिसमे निशा अरविंद देवगन , हीरा अशोक अमलानी और पायल राकेश अग्रवाल के द्वारा फ़ार्म भरा गया वहीं पूरे वार्ड में पारसदो की संख्या लगभग 50 की संख्या रही है जिसमें सबसे ज़्यादा वार्ड क्रमांक सात में पाँच लोग फ़ार्म नामांकन भरा वहीं एक ख़ास ख़बर यह भी है कि वार्ड क्रमांक नौ में कांग्रेस के द्वारा अधिकृत प्रत्याशी चंदन गुप्ता के द्वारा नामांकन नहीं भरा गया इसलिए वार्ड क्रमांक 9 में भाजपा के प्रत्याशी सुमित सेन और निर्दलीय प्रत्याशी भारत कुम्हकार से सीधा टक्कर कहा जा सकता है वैसे ही वार्ड क्रमांक 15 में भाजपा और कांग्रेस की सीधी टक्कर है इस बात को बताना भी लाज़मी होगा जिस प्रकार से राजनीतिक उहापोह के बाद निशा अरविंद देवांगन निशा अरविंद देवांगन के द्वारा अध्यक्ष प्रत्याशी के लिए आज फ़ॉर्म भरा गया वही कुछ राजनीतिज्ञों का यह भी कहना है कि वक़्त पड़ा तो दोनों राष्ट्रीय पार्टी को साइट कर दोनों निर्दलीय पार्टियों के बीच में सीधा टक्कर होने पर भी कोई आश्चर्य नहीं है कुछ राजनीतिज्ञों का कहना है कि भाजपा एवं कांग्रेस में टिकट चयन के लिए बहुत ज़्यादा माथापच्ची नहीं किया गया इसी के परिणाम हैं कि कुछ वार्डों में प्रत्याशियों के नाम की घोषणा के बाद पूना सुधार किया गया अब देखना इस बात को है कि किसका फ़ॉर्मस्कूटनी स्टेन रहता है और कौन फ़ार्म उठाता है 31 तारीख़ के बाद ही इसका निर्णय हो जाएगा।

तम्बाकू बेचने वाले 10 दुकानों पर की गई कार्रवाई

धमतरी /नवप्रदेश। कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देशानुसार जिले में तम्बाकू बेचने वालों और सार्वजनिक स्थानों पर धुम्रपान करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में आज प्रवर्तन दल के ड्रग इंस्पेक्टर संदीप सूर्यवंशी, ड्रग इंस्पेक्टर सुश्री निकिता श्रीवास्तव ने मुजगहन मिडिल स्कूल, रत्नाबांधा चौक, कॉलेज मोड और अन्य स्कूलों के आसपास और 100 मीटर क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के तम्बाकू बिक्री करने वाले दुकानों मे कोटपा एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। इसके तहत सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने वाले एक व्यक्ति सहित नियमों का उल्लंघन करने वाले पान दुकान, जनरल स्टोर, टी स्टॉल, किराना दुकान में तम्बाकू नियंत्रण बोर्ड लगाने की चेतावनी दी गई। इसके साथ ही 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चो को गुटखा, तम्बाकू न बेचने के निर्देश भी दिए गए। इस दौरान दल द्वारा 10 दुकानों पर 410 रुपए का जुर्माना किया गया।

युवाओं को बताया गया मतदान का महत्व, किया जागरूक

धमतरी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जागव वोटर (जाबो) कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य मतदाताओं को निर्वाचक नामावली में परिवर्धन, संशोधन एवं विलोपन सहित मतदान प्रक्रिया में सहभागिता के लिए जागरूक करना है। इसके साथ ही नये मतदाताओं को मतदान की प्रक्रिया, मतदान के महत्व के बारे में बताया गया। जिले में आज जागव वोटर (जाबो) कार्यक्रम के तहत स्थानीय हटकेशर स्थित गायत्री आयुष क्लिनिक में आमजनों सहित युवाओं को मतदान के लिए जागरूक किया गया और मतदान की शपथ भी दिलाई गई।

जेएसपी ओडिशा में 70,000 करोड़ रुपए का करेगी निवेश

■ **जेएसपी क्योंझर जिले में स्टील प्लांट स्थापित करने की संभावनाएं तलाश रही है**

रायपुर/नवप्रदेश। जिन्दल स्टील एंड पावर (जेएसपी) ने ओडिशा में विभिन्न महत्वाकांक्षी परियोजनाओं पर70,000 करोड़ रुपये के अतिरिक्त निवेश की घोषणा की है। यह घोषणा ओडिशा में सतत औद्योगिक विकास और सामुदायिक उत्थान के प्रति जेएसपी की प्रतिबद्धता की परिचायक है।

जेएसपी के चेयरमैन नवीन जिन्दल ने तीन दिवसीयउत्कर्ष ओडिशा 2025कार्यक्रम के दौरान यह घोषणा की। यह कार्यक्रम आज भुबनेश्वर में शुरू हुआ, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी की गरिमामयी उपस्थिति रही। यह आयोजन भारत के औद्योगिक विकास में ओडिशा कीमहत्वपूर्ण भूमिका और राज्य के विश्व स्तरीय विकास केंद्र के रूप में उभरने का शुभ संकेत दे रहा था।

इस अवसर नवीन जिन्दल ने कहा, ÷हमारा लक्ष्य ओडिशा को अग्रणीअंतरराष्ट्रीय औद्योगिक केंद्र बनाना है और यहां के लोगों के जीवन स्तर में सतत सुधार लाना है। हम 70,000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त निवेश करेंगे, जिससे न केवल औद्योगिक विकास होगा, बल्कि ओडिशा के हजारों परिवारों के जीवन में भी बदलाव आएगा।इसके साथ ही हम आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। उन्होंने यह भी कहा, हम ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी के दृष्टिकोण के अनुरूपक्योंझर जिले में एक स्टील प्लांट स्थापित करने की संभावनाओं का भी अध्ययन कर रहे हैं। उत्कर्ष ओडिशा 2025कार्यक्रम ने भारत की आर्थिक प्रगति में ओडिशा के महत्व को रेखांकित किया और सतत विकास के लिए सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों के बीच सहयोग पर जोर दिया। जेएसपी पहले से ही ओडिशा के अंगुल में देश के पहले कोल गैसीफिकेशन प्लांट के माध्यम से स्टील उत्पादन कर रहा है, जो हरित प्रथाओं को अपनाने और आयातित कोकिंग कोयले पर निर्भरता को कम करने में सहायक है। अंगुल स्टील प्लांट की वर्तमान क्षमता 6 एमटीपीए से बढ़कर इस वर्ष 12 एमटीपीए हो जाएगी और 2030 तक 25.2 एमटीपीए तक पहुंच जाएगी। इसे दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे पर्यावरण-अनुकूल स्टील प्लांट बनाने के साथ-साथ हाइड्रोजन आधारित ग्रीन स्टील उत्पादन में अग्रणी बनाने का लक्ष्य है।

जेएसपी ने ओडिशा के सामुदायिक विकास में भी उल्लेखनीय योगदान दिया है। पिछले एक दशक मेंकंपनी ने स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, कौशल विकास, महिला सशक्तिकरण, ग्रामीण आजीविका, खेल, कला और संस्कृति पर केंद्रित स्थायी सामाजिक पहलों में 900 करोड़ रुपये का निवेश किया है, जिससे राज्य भर में अनगिनत लोगों के जीवन में बदलाव आया है।

असर की वार्षिक रिपोर्ट में हुआ खुलासा सरकारी स्कूलों के नामांकन में आई कमी

कई प्राथमिक कक्षाओं में बच्चों का सीखने का स्तर पहले से बेहतर हुआ

रायपुर /नवप्रदेश । कोविड-19 महामारी के दौरान सरकारी स्कूलों में नामांकन में जो वृद्धि देखी गई थी, वह उलट गई है। अब सरकारी स्कूलों में नामांकन लगभग 2018 के स्तर पर वापस आ गया है।

कोविड-19 महामारी ने न केवल शिक्षा प्रणाली को प्रभावित किया बल्कि सरकारी स्कूलों में नामांकन में भी एक अप्रत्याशित वृद्धि देखी गई। हालांकि, अब यह वृद्धि उलटती हुई नजर आ रही है। वार्षिक शिक्षा स्थिति रिपोर्ट (असर) 2024 के अनुसार, 6 से 14 वर्ष के बच्चों का सरकारी स्कूलों में नामांकन अब 2018 के स्तर पर वापस आ गया है।

एएसईआर की रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया है कि महामारी के दौरान जो सीखने की हानि हुई थी, उससे न केवल पूरी तरह से उबर लिया गया है, बल्कि कई प्राथमिक कक्षाओं में बच्चों का सीखने का स्तर पहले से बेहतर हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि महामारी के वर्षों के दौरान, सरकारी स्कूलों में नामांकन में बड़ी उछाल आई थी, जिसमें सरकारी स्कूलों में नामांकित 6-14 वर्षीय बच्चों का अनुपात 2018 में 65.6 प्रतिशत से बढ़कर 2022 में 72.9 प्रतिशत हो गया। यह संख्या 2024 में वापस 66.8 प्रतिशत हो जाएगी। 2018 के स्तर पर यह लगभग पूर्ण उलटफेर ग्रेड के साथ-साथ लिंग में भी देखा गया है और यह विशेष रूप से आश्चर्यजनक नहीं है, क्योंकि अर्थव्यवस्था अन्य क्षेत्रों में भी ठीक हो गई है।

सीखने की हानि से उबरने के बाद अब बेहतर शिक्षा स्तर- रिपोर्ट के अनुसार, कक्षा 3 के बच्चों में कक्षा 2 स्तर की पढ़ाई करने की क्षमता में सुधार हुआ है। 2014 में यह आंकड़ा 23.6 प्रतिशत था, जो 2018 में बढ़कर 27.3 प्रतिशत हो गया था, लेकिन 2022 में यह घटकर 20.5 प्रतिशत रह गया था। अब 2024 में यह फिर से 27.1 प्रतिशत पर पहुंच गया है, जो महामारी के बाद का पूर्ण सुधार है। इसी प्रकार, कक्षा 4 और कक्षा 5 में भी ऐसे ही सुधार देखे गए हैं। कुछ राज्यों ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है और महामारी से पहले के अपने सीखने के स्तर को पार कर लिया है, जबकि अन्य अभी भी पूरी तरह से ठीक नहीं हुए हैं। फिर भी, लगभग सभी राज्यों ने सुधार दिखाया है। रिपोर्ट में कहा गया है, वास्तव में, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश और तमिलनाडु जैसे कम प्रदर्शन करने वाले राज्यों ने उल्लेखनीय सुधार किया है।

स्मार्टफोन का उपयोग बढ़ा, लेकिन शैक्षिक उद्देश्यों के लिए कम- रिपोर्ट में यह भी पाया गया कि 14 से 16 वर्ष के बच्चों में 82.2 प्रतिशत बच्चे स्मार्टफोन का उपयोग करना जानते हैं, लेकिन उनमें से केवल 57 प्रतिशत बच्चे इसे शैक्षिक उद्देश्यों के लिए उपयोग करते हैं। इसके अलावा, 76 प्रतिशत बच्चे सोशल मीडिया के लिए इसका इस्तेमाल करते हैं, जो डिजिटल साक्षरता के पहलू को सामने लाता है।

कक्षा 1 में अंडरएज बच्चों की संख्या में कमी- एक और अहम बिंदु यह सामने आया कि कक्षा 1 में अंडरएज बच्चों (5 वर्ष या उससे कम आयु) की संख्या में कमी आई है। 2018 में यह आंकड़ा 25.6 प्रतिशत था, जो 2022 में घटकर 22.7 प्रतिशत हो गया था और अब 2024 में यह सबसे कम 16.7 प्रतिशत पर पहुंच गया है।

राजिम नगर पंचायत में भाजपा से महेश तो कांग्रेस से पवन सोनकर उम्मीदवार

राजिम/नवप्रदेश। नगरीय निकाय चुनाव के लिए भाजपा ने अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। वहीं कांग्रेस पार्टी ने भी उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। दोनों प्रमुख दलों से अध्यक्ष और पार्षदों की सूची जारी होने के बाद चुनावी माहौल अब गर्माने लगा है। प्रत्याशी घोषित होने के बाद मुंह मीठा कराकर बधाई दे रहे हैं। वहीं प्रत्याशी भी अब जनसंपर्क शुरू कर दिए हैं। राजिम नगर पंचायत में अध्यक्ष पद से भाजपा ने महेश यादव को मैदान में उतारा है। इसी तरह कांग्रेस से पवन सोनकर चुनाव लड़ेंगे। वहीं राजा ठाकुर ने भी निर्दलीय चुनाव लड़ने के लिए अपनी दावेदारी ठोक दी है। प्रत्याशियों की घोषणा होने के बाद शहर में अब चुनावी माहौल गरमा दिया है। शहर में प्रत्याशी शक्ति प्रदर्शन कर नामांकन रैली निकाल रहे हैं। बता दें कि अध्यक्ष और पार्षद पदों के लिए नाम निर्देशन पत्र प्राप्त एवं जमा करने की आज 28 जनवरी को अंतिम दिन है। इसके बाद 29 जनवरी को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा (जांच) की जाएगी। 31 जनवरी तक उम्मीदवार को नाम वापस ले सकते हैं। इसके बाद उम्मीदवारों के प्रतीक चिन्हों का आबंटन किया जाएगा।

राजिम में पार्षद प्रत्याशियों की सूची

राजिम नगर पंचायत के सभी वार्डों में भाजपा से पार्षद प्रत्याशियों की सूची भी जारी किया हैं। जिसमें वार्ड क्र. 1 से पूर्णिमा चंद्राकर, 2 से संजीव साहू, 3 से जानकी पटेल, 4 से पूरनलाल यादव, 5 से भरत लाल यादव, 6 से अंजली निषाद, 7 से कुलेश्वर निषाद, 8 से आकाश सिंह राजपूत, 9 से सुरेश कुमार पटेल, 10 से टंकेश्वर सोनकर, 11 से अजय पटेल, 12 से मानकी देवी आडिल, 13 से मंशा कुर्रे, 14 से कुलेश्वर साहू और वार्ड क्र. 15 से डोमिन साहू को उम्मीदवार घोषित किया है।

रक्तदान शिविर का सफल आयोजन 124 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

गरियाबंद/नवप्रदेश। अखिल भारतीय दवा विक्रेता संघ के 50 वर्ष पूर्ण होने पर एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष शिंदे के 75 वे जन्मदिन पर पूरे देश के हर जिले में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें गरियाबंद जिला दवा विक्रेता संघ के द्वारा जिला अस्पताल गरियाबंद एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवभोग में रक्तदान का शिविर लगाया गया था, इसमें गरियाबंद में 73 एवं देवभोग में 51 केमिस्ट साथियों व अन्य लोगों ने कुल 124 रक्तदाताओ ने अपना रक्तदान कर इस आयोजन को सफल बनाया। इसी के साथ गरियाबंद जिला दवा विक्रेता संघ ने पूरे प्रदेश में सर्वाधिक 124 यूनिट रक्तदान करा कर प्रथम स्थान प्राप्त करने का गौरव भी हासिल किया। इस अवसर पर अध्यक्ष अरुण मिश्रा, सचिव अश्विनी सिंह ठाकुर एवं कोषाध्यक्ष अमीन मेमन ने जिले के सभी केमिस्ट साथियों का धन्यवाद एवं आभार भी प्रकट किया।

औषधि निरीक्षकों ने भी किया निरीक्षण

जिले के औषधि निरीक्षक धर्मवीर ध्रुव एवं सुनील खरान्शु ने भी रक्तदान शिविर का निरीक्षण कर इस पुनीत कार्य की सराहना की। साथ ही बताया कि स्वास्थ्य मंत्री के निर्देशों एवं गरियाबंद कलेक्टर के आदेश के परिपालन में नशीली दवाओं के अवैध व्यापार एवं नशा उन्मूलन अभियान के तहत औषधि प्रशासन ड्रग इंस्पेक्टरों जिला गरियाबंद द्वारा लगातार औचक निरीक्षण कर मेडिकल स्टोर्स से औषधियों के खरीदी बिक्री की जानकारी प्राप्त की जा रही है।

लईका घर में मनाया गया गणतंत्र दिवस

नगरी/नवप्रदेश। विकासखंड के 17 लईका घर में गणतंत्र दिवस के अवसर पर झंडारोहण किया गया। मोबाईल क्रैचेस संस्था व अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के द्वारा विकासखंड में 40 लईका घर संचालित है। लईका घर कल्लेमेटा, गजकन्हार, हरदीभांठा, डोंगरडुला, रतावा, फरसियां, खमरिया, गोरेगांव, मौहाबाहरा 1 व 2, छिंदीटोला, देवपुर, हिंछापुर, नवागांव, भैसामुडा, संबलपुर, दिनकरपुर में लईका घर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, ग्राम प्रमुखों के द्वारा झंडारोहण कर झंडा को सलामी दी गई। लईका घर नवांगांव में एपीएफसे कविता जी उपस्थित थी। इस अवसर पर प्रबंधन समिति के सदस्य गण, पालक वर्ग, केन्द्र के बच्चे व ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।मोबाईल क्रैचेस कार्यालय डिहीपारा, नगरी में भी गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय पर्व मनाया गया। ध्वजारोहण के अवसर पर संतोषी साहू, मुकेश कुमार वर्मा, सयोज पटेल, सोनिका देवांगन, शत्रुपा कडियाम, दीपक गोस्वामी, धनंजय साहू, मंजूलता साहू, ऋतुराज साहू, बच्चे दिव्यम व सुप्रिया प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार धमतरी, जिला धमतरी (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.मा.क्र. ब 121 वर्ष 2024-25
ग्राम कण्डेल, प.ह.नं. 15

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक इयोराम पिता पितलूराम जाति तेली निवासी ग्राम कण्डेल प.ह.नं. 15 तहसील व जिला धमतरी के द्वारा अपने पुत्र/ पुत्री/ माता/ पिता पितलूराम की जन्म/मृत्यु दिनांक 15.01.1993 को ग्राम कण्डेल में होने के संबंध में रजिस्ट्रार ग्राम पंचायत/ नगर पालिका कण्डेल के जन्म/ मृत्यु पंजी रजिस्टर में दर्ज कर जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किए जाने हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया जो इस न्यायालय में विचाराधीन रखा गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 05/02/2025 तक इस न्यायालय में न्यायालयीन समय पर उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार से कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील

अतिरिक्त तहसीलदार
धमतरी (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)
मोहबा बाजार रायपुर
Email ID- rmczone8@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र.17896 दिनांक 27.01.2025
वार्ड का नाम- 19- डा. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 19 स्थित मकान/ भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR802N00965 जो कि निगम अभिलेख में श्री/ श्रीमती BHARTI SHADIJA JETHANI पिता/पति श्री/श्रीमती LT. ASHOK KUMAR JETHANI के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती SEEMA RAJU BORKAR पिता/पति श्री/श्रीमती RAJU BORKAR ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे.

श्री आदित्य कुमार हालदार
(जोन कमिश्नर)
जोन (8)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर छ.ग.
email ID-eocghbzone1@gmail.com

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा वीरसावरकर नगर हीरापुर कालोनी रायपुर में निर्मित ढांचा भवन योजना के अंतर्गत दुकानों/भूखंडों/भवनों में से भूखण्ड/ भवन क्रमांक ढांचा-2217 श्री घनश्याम राव निर्वाण पिता श्री शंकर राव निर्वाण को भाड़ाक्रय/ पूर्णमूल्य आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 29/01/2002 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक 13.01.2025 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन श्री सत्यम यादव पिता श्री रामलखन यादव के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्ध शासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर छ.ग.
email ID-eocghbzone1@gmail.com

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा वीरसावरकर नगर हीरापुर कालोनी रायपुर में निर्मित जनता भवन योजना के अंतर्गत दुकानों/भूखंडों/भवनों में से भूखण्ड/ भवन क्रमांक जनता-1294 श्री ओमप्रकाश पाटिल पिता श्री फूलचंद पाटिल को भाड़ाक्रय/पूर्णमूल्य आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 19/03/2024 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक 17.01.25 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन श्रीमती मीरा मिश्रा पति श्री मनोज कुमार मिश्रा के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्ध शासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

NAME CHANGE

It is informed to the general public that, I ZAFAR KAMAL KHAN S/O MOHAMMED ZAKRIA KHAN resident of H. No - 206, Aman Road, Near National Public School, Farid Nagar, Supela, Bhilai, P.O - Supela Bhilai, Pincode - 490023. I have changed my old name ZAFAR KAMAL KHAN S/O MOHAMMED ZAKRIA KHAN So in future, I should be recognized by my new name that is MOHAMMED JAFAR KAMAL KHAN S/O MOHAMMED ZAKRIA KHAN in all Government and other documents.

MOHAMMED JAFAR KAMAL KHAN
H. No - 206, Aman Road, Near National Public School, Farid Nagar, Supela, Bhilai, P.O - Supela Bhilai,
Pincode - 490023

नाम-परिवर्तन

मैं शपथकर्ता सुभाष चंद्र विश्वास उम्र 54 वर्ष पिता विश्वेश्वर विश्वास निवासी-क्वार्टर नं. 5/2, बी.एस.एन.एल. कालोनी रूआबांधा सिविक सेंटर भिलाई - तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. का निवासी हूँ जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक पेश करता हूँ कि यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है। मेरे कक्षा दसवीं के अंकसूची में मेरा नाम (SUBHASH CHANDRA VISHWAS S/o VISHWESHWAR VISHWASH) [illegible]

शपथकर्ता
सुभाष चंद्र विश्वास

नाम-परिवर्तन

मैं शपथकर्ती अनीता विश्वास पति सुभाष चंद्र विश्वास निवासी क्वार्टर नं. 5/2 बी.एस.एन.एल. कालोनी रुआबांधा सिविक सेंटर भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. की निवासी हूँ जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक पेश करती हूँ कि यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है। यह कि मेरे विवाह पूर्व नाम (ANITA KUMARI [illegible]

शपथकर्ती
अनीता विश्वास

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./202501103300043
/अ-27/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है [illegible]

नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.202412100900023
/अ-6अ/वर्ष 2024-25

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम खुडमुड़ी [illegible]

तहसीलदार
पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-74/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका रूपा बाई पटेल पति स्व. सुमेरी लाल पटेल निवासी- ग्राम-मोहलई रोड, वार्ड नं.-56, बिजली ऑफिस के पास, बघेरा [illegible]

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट	पक्षकार का नाम	ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
202501100400192/अ-2/ वर्ष 24-25	रीना टंडन	

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि [illegible]

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00041 तितुरडीह ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध [illegible]

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

उमरगांव में गुप्त नवरात्रि पर भव्य 10 कुंडीय सतचंडी महायज्ञ का आयोजन

नगरी -तहसील नगरी, जिला धमतरी/ नव प्रदेश। अष्टभुजी शक्ति पीठ दुर्गा मंदिर, उमरगांव में गुप्त नवरात्रि के पावन अवसर पर 30 जनवरी से 6 फरवरी 2025 तक विश्व कल्याण एवं जन कल्याण के लिए भव्य 10 कुंडीय आठ दिवसीय सतचंडी महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर श्रद्धालुओं को माता रानी की कृपा और आशीर्वाद प्राप्त करने का अनोखा अवसर मिलेगा। बीते 15 वर्षों से यह आयोजन धार्मिक श्रद्धा और आस्था के साथ अष्टभुजी शक्ति पीठ दुर्गा मंदिर ही मनाया जा रहा है

आयोजन की विशेषता यह है कि दिव्य दीप प्रज्वलन के साथ भक्तजनों को यज्ञ का साक्षी बनने का अवसर दिया जाएगा। इस दौरान, भक्त अपने जीवन की विभिन्न बाधाओं और समस्याओं के समाधान हेतु यज्ञ में आहुति डालकर वह 10 महाविद्या के दिव्या रूपों का पूजा-अर्चना कर सर्व बाधा निवारण हेतु सम्मिलित हो सकते हैं।

महायज्ञ में प्राप्त होने वाले लाभ और विशेषताएं इस भव्य सतचंडी महायज्ञ में निम्न समस्याओं के समाधान के लिए विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी। संतान प्राप्ति- संतानहीन दंपतियों के लिए विशेष उपाय।विवाह में बाधा निवारण- कुंडली दोष या अन्य अवरोधों के समाधान हेतु चंडी यज्ञ।

धनलक्ष्मी की कृपा- धन एवं समृद्धि प्राप्त करने के लिए विशेष अनुष्ठान।शनि, राहु, केतु और कालसर्प दोष निवारण- ग्रह दोषों और इनके प्रभावों के निवारण हेतु हवन।व्यवसाय या नौकरी में बाधा- करियर और आर्थिक स्थिरता के लिए विशेष पूजा।

आध्यात्मिक उन्नति- साधकों के लिए विशेष सिद्धियों और आशीर्वाद की प्राप्ति। गुप्त नवरात्रि का महत्व और 10 महाविद्याओं का लाभ गुप्त नवरात्रि देवी उपासना का एक अत्यंत प्रभावशाली और शक्तिशाली रूप है। यज्ञाचार्य द्वारिका प्रसाद पाण्डेय ने बताया कि गुप्त नवरात्रि, साधारण नवरात्रि से भिन्न होती है क्योंकि इसमें 10 महाविद्याओं (काली, तारा, षोडशी, भुवनेश्वरी, छिन्नमस्ता, त्रिपुर भैरवी, धूमावती, बगलामुखी, मातंगी, और कमला) की गूढ़ साधनाएं और पूजा-अर्चना की जाती है।

गुप्त नवरात्रि में महाविद्याओं की उपासना के लाभ

1काली : नकारात्मक ऊर्जा का नाश और आत्मिक शक्ति प्रदान करती हैं। 2. तारा: संकटों से रक्षा और आध्यात्मिक ज्ञान का संचार। 3. षोडशी (त्रिपुर सुंदरी): सौंदर्य, समृद्धि, और आध्यात्मिक संतुलन। 4. भुवनेश्वरी: जीवन में स्थिरता और मनोबल प्रदान करती हैं। 5. छिन्नमस्ता: शत्रु बाधा निवारण और आत्मबल में वृद्धि। 6. त्रिपुर भैरवी- विद्या, बल और आध्यात्मिक विकास में सहायक। 7. धूमावती- कष्टों का नाश और जीवन में सकारात्मक परिवर्तन। 8. बगलामुखी: शत्रुओं पर विजय और कार्यों में सफलता। 9. मातंगी: ज्ञान, वाणी और विद्या की प्राप्ति। 10. कमला- धन, ऐश्वर्य और समृद्धि प्रदान करती हैं। यज्ञाचार्य ने यह भी बताया कि गुप्त नवरात्रि के दौरान गुरु के मार्गदर्शन मैं ही 10 महाविद्याओं की पूजन अर्चन का उचित विधान बताया गया है जो कि गुरु की मार्गदर्शन में की गई पूजा विशेष फलदायी होती है। यह न केवल समस्याओं का समाधान करती है बल्कि जीवन को नई दिशा और ऊर्जा प्रदान करती है। माता रानी के चरणों में भक्ति और श्रद्धा अर्पित करने के लिए यह एक दुर्लभ अवसर है। आयोजन में सम्मिलित होकर आप अपने जीवन में सुख-शांति और समृद्धि ला सकते हैं।

कार्यक्रम का विवरण तिथि 30 जनवरी से 6 फरवरी 2025 समय- प्रातः 10 बजे से स्थान- अष्टभुजी शक्ति पीठ दुर्गा मंदिर, उमरगांव, तहसील नगरी, जिला धमतरी, छत्तीसगढ़ प्रतिदिन महाप्रसाद भंडारा का आयोजन कार्यक्रम निशुल्क की जाती है यज्ञ में बैठने के लिए किसी भी प्रकार के शुल्क नहीं लिया जाता है।

न्यूज गैलरी

निर्दलीय प्रत्याशी ने भी किस्मत आजमाने किया नामांकन दाखिल

कुरूद/ नव प्रदेश। नगर पंचायत चुनाव में अध्यक्ष बनने निर्दलीय प्रत्याशी भी अपना किस्मत आजमाने नामांकन दाखिल किया। नगर पंचायत अध्यक्ष बनने पूर्व सांसद प्रतिनिधि एवं नगर पंचायत पूर्व पार्षद मूलचंद सिंहा ने अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन दाखिल करने के पूर्व पुराना बाजार चौक में स्थित बजरंग मंदिर में पूजा अर्चना कर नगर भ्रमण करते हुए पुराना बाजार चौक, सरोजनी चौक, कारगिल चौक होते हुए बाजे गाजे, राउत नाचा के साथ एसडीएम कार्यालय में नामांकन दाखिल किया। इस अवसर पर इनके साथ सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ अपना नामांकन दाखिल किया। आम आदमी पार्टी के विनोद सचदेवा ने भी जुलूस के साथ नगर भ्रमण करते हुए अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन दाखिल किए।

लायंस कान्वेंट में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया

भाटापार/नव प्रदेश। लायंस क्लब के तत्वाधान में लायंस कान्वेंट भाटापारा में गणतंत्र दिवस का कार्यक्रम बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुरुआत भारत माता सरस्वती माता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर मुख्य अतिथि के द्वारा ध्वजारोहण व राष्ट्रगान के साथ किया गया । सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुरुआत मुख्य अतिथि एवं लायंस कान्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल संस्था के अध्यक्ष जयप्रकाश अग्रवाल द्वारा शुभकामनाएं देते हुए प्रारंभ किया गया कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के द्वारा विभिन्न प्रकार के छत्तीसगढ़ी सुआ नृत्य पंजाबी नृत्य के साथ हर्षोल्लास के साथ बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया, लायंस क्लब में जुड़े नए सदस्य विनोद अग्रवाल का संस्था के अध्यक्ष जयप्रकाश अग्रवाल ने पुष्प कुछ के साथ स्वागत किया लायंस क्लब के अध्यक्ष जयप्रकाश अग्रवाल,कोषाध्यक्ष दिनेश बजाज, संरक्षक नरेंद्र भूषणिया, चेयरमेन डॉक्टर विमल त्रिपाठी, निवृत्तमान अध्यक्ष राजेश अग्रवाल सचिव सूरज गुप्ता, नवनिर्वाचित प्रकाश बजाज सदस्य गोपाल अग्रवाल विनोद अग्रवाल सभी सदस्यगण उपस्थित थे।

सरस्वती शिशु मंदिर में गणतंत्र दिवस मनाया गया

भाटापारा/ नव प्रदेश। सरस्वती शिशु मंदिर मंडी रोड में 76 वा गणतंत्र दिवस बड़े हर्ष के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शास्त्रार्थ एकेडमी के संचालक अनुराग शर्मा (भूतपूर्व छात्र), स्वामी विवेकानंद शिक्षण समिति के सचिव अनिल जैन, सचिव विशाल पारप्यानी एवं सदस्य विष्णु अग्रवाल एवं प्रधानाचार्य श्री श्रीकांत मंडल के गरिमामय में उपस्थिति में मुख्य अतिथि द्वारा झंडा फहराया गया। उसके बाद राष्ट्रगान गया गया, सरस्वती वंदना किया गया। आचार्य उद्बोधन जगन्नाथ वर्मा द्वारा दिया गया। पिछले वर्ष जिनका परीक्षा परिणाम में प्रथम, द्वितीय,तृतीय में आने वाले भैया बहनों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

नपा अध्यक्ष-पार्षद का नामांकन के दौरान कांग्रेस ने किया शक्ति

कांग्रेस प्रत्याशी सुमन गोस्वामी ने पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा के साथ जमा किया नामांकन

बेमेतरा/ नव प्रदेश। नगरी निकाय के चुनाव में आज नामांकन के अंतिम दिवस पर कांग्रेस के नगर पालिका अध्यक्ष पद प्रत्याशी सहित नगर के 21 वार्ड के पार्षद पद प्रत्याशियों ने अपना नामांकन कांग्रेस भवन बेमेतरा से रैली के रूप में निकालकर अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय बेमेतरा के कार्यालय में अपना नामांकन जमा किया। नामांकन रैली में मुख्य रूप से पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा सहित कांग्रेस के वरिष्ठजन शामिल रहे। इस रैली के माध्यम से न केवल कांग्रेस ने अपने प्रत्याशियों का नामांकन ही जमा किया है बल्कि शहर में यह संदेश भी दिया है कि कांग्रेस आज भी दमखम के साथ चुनाव मैदान में डटी हुई है। आज के नामांकन रैली में कांग्रेस प्रत्याशियों में भारी जोश दिखाई दे रहा था। बैड बाजे और धुमाल के साथ नामांकन रैली निकाली गई। सबसे पहले कांग्रेस भवन में सभी प्रत्याशी एकत्र होकर वरिष्ठजनों से आशीर्वाद लिए तथा इस अवसर पर पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कांग्रेसजनों को संबोधित करते हुए कहा कि यह चुनाव कोई व्यक्ति नहीं लड़ रहा है कांग्रेस संगठन लड़ रही है और इस चुनाव को जीतने के लिए हम सब कटिबंध हैं। कांग्रेस एक बड़ा परिवार है और हम सब उस परिवार के सदस्य हैं, चाहे हमें टिकट मिली हो या ना मिली हो हम सभी को अपने सभी 21 वार्डों में वार्ड पार्षद सहित नगर पालिका अध्यक्ष को जीतने के लिए जी तोड़ मेहनत करनी है और इसमें कहीं कोई कमी नहीं छोड़ना है। इस अवसर पर लुकेश वर्मा, अवनीश राघव, टीआर जनार्दन, अविनाश तिवारी, प्रणीश चौबे, ललित विश्वकर्मा, मंगत साहू, शत्रुघ्न साहू, जोगिंदर छाबड़ा, दिनेश पटेल, जगजीत सिंह, कांग्रेस के अधिकृत अध्यक्ष प्रत्याशी सुमन गोस्वामी एवं कांग्रेस अधिकृत पार्षद सहित नगरवासी भारी संख्या में उपस्थित रहे।

कांग्रेस प्रत्याशी मनोज जायसवाल ने जमा किया नामांकन

साजा। नगरीय निकाय चुनाव में नगर पंचायत साजा में अध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस प्रत्याशी मनोज जायसवाल ने आज अपना नामांकन दाखिल किया। उनके साथ गणेश यादव, भुखन वर्मा, विप्लव गौराहा, तुलसी साहू सहित पार्षद प्रत्याशी सुशील निर्मलकर, रामरतन मंडावी व अन्य पार्षद प्रत्याशी उपस्थित रहे।

विधायक संग भाजपा प्रत्याशी हिमांशु वर्मा ने जमा किया नामांकन

साजा । नगरीय निकाय चुनाव में नगर पंचायत साजा में अध्यक्ष पद के लिए भाजपा प्रत्याशी हिमांशु वर्मा ने आज अपना नामांकन विधायक ईश्वर साहू के साथ जमा किया। नामांकन के पूर्व भाजपा पार्टी द्वारा विशाल रैली महामाया मंदिर से तहसील कार्यालय तक निकाला गया। भाजपा के सभी प्रत्याशियों द्वारा एक साथ नामांकन जमा किया गया। जिसमें पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

निकाय चुनाव: कोपरा नगर पंचायत में निर्दलीय गोरेलाल सिन्हा ने अध्यक्ष पद पर बढ़ाई रोचकता

गरियाबंद/ नव प्रदेश। कोपरा नगर पंचायत में 2025 के नगरीय निकाय चुनाव के लिए नामांकन का अंतिम दिन राजनीतिक गहमागहमी से भरपूर रहा। जहां बीजेपी और कांग्रेस के उम्मीदवारों ने अध्यक्ष पद और पार्षद सीटों के लिए अपना नामांकन दाखिल किया, वहीं निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर समाजसेवी और पत्रकार गोरेलाल सिन्हा ने अपनी दावेदारी पेश कर माहौल में नई जान फूंक दी है। बीजेपी से रूपनारायण साहू और कांग्रेस से नंदकुमार साहू ने अध्यक्ष पद के लिए नामांकन किया है। इनके बीच गोरेलाल सिन्हा की एंट्री ने मुकाबले को दिलचस्प बना दिया है। गोरेलाल ने अपने समर्थकों के साथ रिटर्निंग ऑफिसर नवीन भगत के समक्ष नामांकन दाखिल किया। नगर में उनकी मजबूत पकड़ और समाज सेवा में सक्रिय भूमिका के चलते उनका नामांकन दोनों प्रमुख दलों के लिए चुनौती बन गया है।

गोरेलाल सिन्हा ने हमेशा नगर पंचायत कोपरा के विकास के लिए संघर्ष किया है। पेयजल, आवासीय पट्टा, साफ-सफाई और अन्य बुनियादी समस्याओं को हल करने के लिए उन्होंने सक्रिय भूमिका निभाई है। पत्रकारिता और समाजसेवा के जरिए उन्होंने नगरवासियों के बीच विश्वास और सम्मान हासिल किया है। जानकारों का मानना है कि बीजेपी और कांग्रेस के उम्मीदवारों का कोपरा के विकास में अब तक कोई विशेष योगदान नहीं रहा है। इन परिस्थितियों में गोरेलाल सिन्हा का मैदान में उतरना बड़े दलों के लिए सिरदर्द बन गया है।

जिला पंचायत सदस्य के 13 पद, जनपद पंचायत सदस्य के 95 पद, सरपंच के 404 पद एवं पंच के 5590 पद के लिए होगा निर्वाचन

राजनांदगांव/ नव प्रदेश। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन अंतर्गत जिला पंचायत सदस्यों की संख्या 13, जनपद पंचायत सदस्यों की संख्या 95, सरपंचों की संख्या 404 एवं पंचों की संख्या 5590 है। जनपद पंचायत राजनांदगांव अंतर्गत जिला पंचायत सदस्यों की संख्या 4, जनपद पंचायत सदस्यों की संख्या 25, सरपंचों की संख्या 110 एवं पंचों की संख्या 1612 है।

रायपुर/ नव प्रदेश। भारत के 76वें गणतंत्र दिवस पर, बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) रायपुर जोन ने इस अवसर को बायरन बाजार में अपने आंचलिक कार्यालयमें मनाया और छत्तीसगढ़ के अन्य सभी प्रशासनिक कार्यालयों में गणतंत्र दिवस समारोह के रूप में चिह्नित किया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ. आर. के. मोहंती, उप महाप्रबंधक (अनुपालन और आश्वासन) द्वारा ध्वजारोहण और संविधान के महत्व और समाज के विकास में बैंकरों की भूमिका पर प्रकाश डालने वाले भाषणों के साथ किया गया। श्री भारतकुमार चावड़ा, उप महाप्रबंधक (व्यवसाय विकास) ने कर्मचारियों को अपने बैंकिंग कर्तव्यों में ईमानदारी बनाए रखने और भारत के नागरिक के रूप में अपनी जिम्मेदारियों को प्रतिबिंबित करने के लिए प्रोत्साहित किया।

अध्यक्ष सहित भाजपा पार्षद प्रत्याशियों ने भी भरा नामांकन

नगर पालिका में भाजपा कि सत्ता आती है तो नगर विकास की जवाबदारी हमारी: शिवरतन शर्मा

भाटापारा/ नव प्रदेश। नगरीय निकाय चुनाव के नामांकन के अंतिम दिन भाजपा अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अश्वनी शर्मा एवं समस्त 31 वार्डों के भाजपा पार्षद के प्रत्याशीगणों ने प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा, चुनाव प्रभारी देवजी भाई पटेल एवं संगठन नेताओं के नेतृत्व में रैली के शक्ल में तहसील कार्यालय पहुंच कर सामूहिक रूप से अपना नामांकन दाखिल किया। इसके पूर्व रामसप्ताह चौक से तहसील चौक तक भाजपा कार्यकर्तागण हाथों मे पार्टी के झंडे लिये हुये पार्टी के समर्थन मे जोरशोर से नारे लगाते हुये हजारों की तादाद में पैदल रैली के रुप में बाजे गाजे व नारेबाजी के साथ नामांकन दाखिल करने पहुचे जिसमे महिलाओं कि संख्या अधिक रही।

नामांकन रैली के पूर्व रामसप्ताह चौक स्थल पर प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने अपने उदबोधन मे उपस्थित कार्यकर्ताओं व भाजपा पार्षद प्रत्याशियों को सम्बोधित करते हुये कहा कि भाजपा कि पार्टी मे सामूहिक नेतृत्व का भाव रहता है भाजपा एकला चलो के रणनीति पर कार्य नहीं करती,, जब जब भाजपा नगर पालिका सत्ता मे आई है नगर के मूलभूत ऐतिहासिक योगदान मे अपनी भूमिका निभाया है शिवरतन शर्मा ने कहा कि पिछले 5 सालों मे नगर पालिका मे मूलभूत विकास व स्वच्छता, शहर कि खराब स्थिति किसी से छुपी नही है जो पूर्व मे शहर के विकास को लेकर किंग मैकर बने थे उन्होंने शहर के विकास के लिये कोई प्रयास ही नही किया । श्री शर्मा ने कहा कि शहर मे भाजपा कि सत्ता आती है तो मूलभूत सुविधाएं शहरवासियों के लिये उपलब्ध कराया जाना हमारी जवाबदारी होगी।

भागवत कथा...

प्रहलाद जी ने माता के गर्भ में ही भगवान की कथा नारद जी से सुनी

भक्त के वचन को सत्य साबित करने खंभे से प्रकट हुए भगवान :

भाटापारा/ नव प्रदेश। कॉलेज रोड स्थित छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज के भवन में इंजीनियर गौतम प्रसाद पंकज कुमार अग्रवाल के परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह में कथावाचक भाटापारा निवासी पंडित हरगोपाल शर्मा ने कहा जैसे क्षेत्रों में काशी, बहने वालों में गंगा,देवताओं में कृष्ण व वैष्णवों में शंकर श्रेष्ठ है वैसे ही पुराणों में भागवत श्रेष्ठ है।

कथा के माध्यम से ऋषभ देव के विषय में बताया कि यह भगवान का आठवें अवतार है जैसे हमारे सनातन धर्म में भगवान के चौबीस अवतार है वैसे ही जैन संस्कृति में चौबीस तीर्थंकर होते है जिनके चरणों के पदार्पण से घर तीर्थ बन जाए उसे ही तीर्थंकर कहते है यही ऋषभ देव जैन धर्म के पहले तीर्थंकर है सात द्वीपों की पृथ्वी के सम्राट महात्मा ऋषभ देव हुए । बलि प्रथा पर उन्होंने कहा कि कभी कोई देवी या देवता बलि नहीं चाहता कोई भी माता पिता अपने बच्चों की बलि नहीं चाहते और यह पूर्णतः धर्म व शास्त्र के विरुद्ध है और इसका दुष्परिणाम व्यक्ति को भोगना पड़ता है हमें कोई भी धर्म का कार्य शास्त्र विरुद्ध नहीं करना चाहिए ।

हमारी भूमि में तीन भरत हुए एक कैकई नंदन भरत दूसरे जड़भरत व तीसरे दुष्यंत नंदन शकुंतला कुमार श्री भरत इन तीनों महापुरुषों के नाम पर ही हमारी भूमि का नाम भारतवर्ष पड़ा । पंडित हरगोपाल शर्मा ने कहा हमसे अनजाने में प्रतिदिन कुछ पाप हो जाते है उसके लिए हम रोज गौ ग्रास , अग्नि को भोजन, चींटी को आटा,पक्षियों को अन्न व अतिथि का सत्कार करना चाहिए इन पांच प्रकार के यज्ञ से हमें उसका दोष नहीं लगता । प्रहलाद चरित्र के विषय में उन्होंने कहा कि प्रहलाद जी ने माता के गर्भ में ही भगवान की कथा नारद जी से सुनी उसका यह प्रभाव हुआ उसके पिता दैत्यराज हिरण्यकश्यप के उद्धार व अपने भक्त के वचन को सिद्ध करने के लिए भगवान को जड़ रूपी खम्भ से चैतन्य रूप में नृसिंह रूप में प्रकट होना पड़ा ।

मां गोदावरी आनंद आश्रम में गणतंत्र दिवस पर हुआ भव्य झंडारोहण कार्यक्रम

बेमेतरा/ नव प्रदेश। गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर मां गोदावरी आनंद आश्रम में झंडारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आश्रम की चेयरपर्सन कल्पना योगेश तिवारी ने ध्वजारोहण कर सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान प्रमुख समाजसेवी और भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में योगेश तिवारी ने आश्रम के सभी बुजुर्गों को माता-पिता के समान मानते हुए उनका आशीर्वाद लिया।

अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि बुजुर्ग हमारे समाज की जड़ों की तरह हैं, जिनकी देखभाल करना और सम्मान देना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने मां गोदावरी आनंद आश्रम के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्था बुजुर्गों को न केवल प्यार और सम्मान देती है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर भी प्रदान करती है। योगेश तिवारी ने अपने भाषण में समाज में बुजुर्गों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और उनके हितों के लिए हर संभव योगदान देने की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने आश्रम के कार्यों को प्रोत्साहन देने के लिए अपने हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रगान और देशभक्ति गीतों से माहौल और भी भावनात्मक हो गया।

जो पानी से नहाता है वो लिबास बदलता है, और जो पसीने से नहाता है वो इतिहास बदलता है : निर्यापक श्रमण समतासागर महाराज

राजनांदगांव/नवप्रदेश। श्री दिगम्बर जैन चंद्रगिरी अतिशय तीर्थ क्षेत्र में 108 आचार्य श्री विद्यासागर महाराज जी कि समाधी स्थली में 108 निर्यापक श्रमण श्री समतासागर महाराज जी ने कहा कि अतिशय क्षेत्र चंद्रगिरी सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ का दिगम्बर जैन तीर्थ है 7 इस स्थान को हम सबके गुरुवर ने चुना। कुछ इस तरह से उनके चयन में आया कि उन्होंने अपनी अंतिम यात्रा यहीं पर कि। कोई जानता भी नहीं था और कोई जानकर भी विश्वास नहीं कर पा रहा था। समय का चक्र ऐसा चला कि जैसे एक भरी- पूरी बिल्डिंग सामने देखते ही देखते आँखों के सामने धराशाई हो गयी हो और हम सामने बचाओ करते करते भी बचाओं न कर पाए हो। 15 फरवरी 2024 को यहाँ आये थे दो दिन गुरुजी का सानिध्य मिला। पुनः 26 जनवरी 2025 में आगमन हुआ। उस समय कि सारी स्मृतियाँ आँखों के सामने घूम रही है। विचार, चिंतन कुछ भी किया जाये तो अभी अपने हाँथ में कुछ भी नहीं है। प्रभु का स्थान भले ही बड़ा है लेकिन कयी मायनों में प्रभु से भी बड़ा स्थान गुरु का होता है, क्योंकि गुरु ही प्रभु का परिचय कराते है, ऐसे में गुरु के प्रति प्रशस्त राग होंना लाजमी है - उन्होंने कहा कि वह तिथी जो अंतिम तिथी थी वह रात जो अंतिम रात थी वही रात कल भी थी वही रात आज भी है उस रात्रि के सारे दृश्य स्मृति में घूम रहे है उस समय ज्येष्ठ श्रेष्ठ निर्यापक श्रमण योग सागर महाराज जी तथा संघस्थ सभी मुनिराज बहुत सावधानी पूर्वक कार्य कर रहे थे एवं संघस्थ सभी निर्यापक श्रमण समयसागर जी महाराज, अभय सागर जी महाराज, संभव सागर जी महाराज सभी से संपर्क चल रहा था लेकिन योग कुछ ऐसा मिला कि वह हम सभी को छोड़कर चले गये, गुरवर का वियोग अवश्य हुआ है लेकिन वह आज भी हम सभी के हृदय में श्वास - श्वास में विराजमान है, रात्रि में विश्राम किया लम्बी यात्रा करके आये थे स्वप्न आया और ऐसा लगा कि गुरुदेव सामने ही है और चलते फिरते नजर आये, आओ बाबा पधारो बाबा सभी की स्वांस - स्वांस में गुरुदेव समाए हुये है। मुनि श्री ने कहा कि -जो पानी से नहाता है वह लिबास बदलता है, जो पसीने से नहाता है वह इतिहास बदलता है। हमारे गुरुजी भी इतिहास बदलने वालों में थे। यह स्थान उन सभी के लिये महत्वपूर्ण है जो उनसे दीक्षा एवं संस्कार लिये है। वियोग छठवें, सातवें गुण स्थान तक अनुभव कराता रहता है। सन्देश यही है कि गुरुवर का वियोग हुआ है लेकिन उनकी उपस्थिति को मानते हुए कार्यक्रम संपन्न करेंगे। हृदय में, स्वास स्वास में गुरुवर विराजमान है। जो भी बंधू जिस देश- विदेश में हो उन्हें आस्था का अर्घ्य समर्पित करने के लिये यहाँ आना चाहिये। सिद्ध चक्र मंडल विधान में सम्मिलित होकर, मांगलिक गुरु चरण अपने मंदिर में स्थापित करके, पौधारोपण करके समाधि स्मारक से जुड़े। आपका छोटे से छोटा योगदान भी काम आयेगा। गुरुवर के सन्देश को घर-घर तक पहुचाया जायेगा। बार-बार स्मरण करेंगे, बार-बार समाधि में आयेंगे। गुरुवर बात जरा गहरी है, गुरुवर बात जरा गहरी है, क्योंकि हम सबकी जिन्दगी आप में ही ठहरी है।

न्यूज गैलरी

मितानिन मोबाइल एकेडमी कोर्स जिले में शत-प्रतिशत पूर्ण

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे मितानिनों के लिए मोबाईल एकेडमी कोर्स में बलौदाबाजार- भाटापारा जिला शत प्रतिशत कोर्स पूर्ण कराने वाला जिला बन गया है। कलेक्टर श्री दीपक सोनी के निर्देश एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश अवस्थी के मार्गदर्शन में चलाए गए मोबाईल एकेडमी कोर्स करने से सभी मितानिनों के कौशल एवं उनके कार्य करने की गुणवत्ता में वृद्धि हुई है एवं कार्य में आसानी हुई है। सीएमएचओ डॉ.राजेश कुमार अवस्थी के अनुसार मोबाईल एकेडमी कोर्स मितानिनों के लिए भारत सरकार द्वारा खास तौर पर तैयार किया गया है। जो मोबाईल पर आपसी संवाद ट्रेनिंग कोर्स है तथा बिल्कुल मुफ्त है। सर्टिफिकेट पाने के लिये मितानिनों को आर.सी.एच. पोर्टल में रजिस्टर्ड मोबाईल से 14424 पर डायल करके 44 पाठ सुनने होते हैं और 11 बार पूछे गए सवालों का जवाब देना होता है। 44 में से 22 अंक हासिल करने वाले मितानिनों को माबाईल एकेडमी की ओर से एक एस.एम.एस. प्राप्त होता है जिससे भारत सरकार के माध्यम से एक सर्टिफिकेट प्राप्त होता है। गौरतलब है कि यह कोर्स राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भारत सरकार द्वारा लाया गया है। 14424 पर डायल करने से फोन पर डॉ अनिता जी की आवाज सुनाई देती है जो पूरी ट्रेनिंग संपादित करती हैं। मोबाईल एकेडमी 240 मिनट का कोर्स है। ट्रेनिंग में गर्भावस्था से लेकर जन्म एवं जन्म के 2 साल तक की सम्पूर्ण जानकारी मौजूद रहती है।

नागरिकों में देखी गई देश प्रेम और झंडा फहराने की उत्सुकता

कुम्हारी में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया

कुम्हारी/नवप्रदेश। नगर में 76 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर अनेक सरकारी संस्थाओं, स्कूलों व नगर के प्रमुख चौक चौराहों में शान से तिरंगा फहराया गया। कई प्रतिष्ठित संगठनों ने भी इस गणतंत्र दिवस को बड़े हर्षोल्लास एवं गरिमापूर्ण ढंग से मनाया। नगर में सुबह से ही लोगों में देश प्रेम व झंडा फहराने की उत्सुकता देखी गई। नगर पालिका चुनाव के मद्देनजर इस बार नगरपालिका में प्रशासक एवं अनुविभागीय अधिकारी महेश सिंह राजपूत ने ध्वजारोहण किया उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि यह एक एतिहासिक पल है, हमे अपने देश की एकता और अखंडता के लिए मिलकर काम करना चाहिए उन्होंने आगे कहा कि हमे अपने समाज मे स्वच्छता, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। हमे अपने नागरिकों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए काम करना चाहिए। इस अवसर पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी नेतराम चन्द्राकर एवं सहायक अभियंता अतुल कुमार सिंह सहित नगरपालिका के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। सरस्वती शिशु मंदिर में मुख्य अतिथि अनुराग पाण्डेय आई ए एस अधिकारी (सेवानिवृत) ने ध्वजारोहण किया उन्होंने कहा कि राष्ट्र के प्रत्येक नागरिक को एकजुट रहने की जरूरत है एवं राष्ट्र के प्रति समर्पण का भाव होना चाहिए। इस मौके पर आशीष गोयल, अवधेश दुबे, बबला चन्द्राकर, शिरीष अग्रवाल, डी के अग्रवाल, विद्यालय के अध्यक्ष निश्चय बाजपेई, राजकुमार शुक्ला, अश्वनी साहू, हरिदास वैष्णव, संजय पाण्डेय, आर बी मिश्रा, सुनील पटेल, शरद मढ़रिया, आलोक दुबे, शिव कुमार, राजकुमार सिंह एवं अश्वनी देशलहरे सहित अभिभावक एवं प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जागेश्वरी साहू एवं आभार अरिंद वर्मा ने व्यक्त किये। अंत मे मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया।

विवकेक्षण जैन विद्यापीठ, में पूरी राष्ट्रीय गरिमा के साथ गणतंत्र दिवस समारोह मनाया गया। गणतंत्र दिवस के इस पावन अवसर पर विचक्षण जैन विद्यापीठ प्रबंधन समिति के सदस्य, श्री पी.सी. मालू, सम्पत जी, झाबक, राजेश सावनसुखा, विरेन्द्र कुमार नाहर, सुनील गोलछा, विद्यापीठ प्रशासनिक प्रमुख कर्नल पी.के. ठाकुर और प्राचार्य संजय कुमार मिश्रा उपस्थित थे। कर्नल पी.के. ठाकुर द्वारा ध्वजारोहण किया गया। अपने उद्बोधन मे उन्होंने एक अखण्ड एवं उज्जवल भारत की कल्पना को साकार करने में सभी के योगदान की बात कही। नाहर सर ने बच्चों में भारतीय मूल्यों के प्रति चेतना जागृत करने पर जोर दिया। विद्यापीठ के बच्चों ने भी अपना उद्बोधन और गायन प्रस्तुत किया। अंत मे सच्ची राष्ट्रीयता और भारतीयता की शपथ के साथ गणतंत्र दिवस समारोह का समापन किया गया।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं पीएमश्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में प्राचार्य श्रीमती लता रघुकुमार ने ध्वजारोहण किया। सेजस जंजगिरी में प्राचार्या श्रीमती मिनी गोपीनाथन ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर स्थानीय ग्रामीण भी उपस्थित थे। स्प्रिंग डेल्स पब्लिक स्कूल शंकरनगर में प्राचार्य राजेश कुमार सिंह ने ध्वजारोहण किया बच्चों ने गीत, भाषण और शानदार नृत्य की प्रस्तुति दी। अंत में बच्चों की विभिन्न उपलब्धियों पर उन्हें पुरस्कृत किया गया स्कूल के श्रेष्ठ शिक्षिका को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन विवेक सिंह एवं आभार पूनम सिंह ने प्रस्तुत किया। विद्याज्योति हा. से. इंग्लिश मीडियम स्कूल में शाला के प्राचार्य फ्रेडर लोजो मैथ्यू ने ध्वजारोहण किया। बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

जिला मुख्यालय स्थित फतेह मैदान मे गणतंत्र दिवस पर दिखा उत्साह

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिले मे 76वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मना। जिला मुख्यालय के फतेह मैदान मे आयोजित मुख्य समारोह में सांसद कमलेश जांगड़े ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और तिरंगे को सलामी दी। सांसद जांगड़े सहित कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल ने परेड का निरीक्षण किया। सशस्त्र जवानों ने हर्ष फायर कर राष्ट्रपति का जयघोष किया। इस दौरान मुख्य अतिथि जांगड़े ने मुख्यमंत्री के प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन किया। शांति के प्रतीक सफेद कबूतर एवं गुब्बारे छोड़े। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और नक्सल हिंसा में शहीद हुए जवानों के परिजनों को शॉल और श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। समारोह के दौरान विभिन्न स्कूलों के बच्चों के द्वारा पीटी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुति दी गई। समारोह में स्कूली बच्चों के रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समा बांधा। जिले के विभिन्न विभागों के द्वारा शासन की विभिन्न योजनाओं और उपलब्धियों पर आधारित आकर्षक झांकियों का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मी एवं विभागीय कर्मचारियों को प्रशस्ति-पत्र वितरण कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत में पुरस्कार वितरण किया गया। झांकी में पुलिस विभाग यातायात की यातायात जागरूकता और सड़क सुरक्षा माह की झांकी ने प्रथम स्थान हासिल किया। स्कूल शिक्षा विभाग की झांकी दूसरे और कृषि विकास विभाग एवं ग्रामीण प्रशासन विभाग की झांकी को संयुक्त रूप से तीसरा स्थान मिला। मार्च पास्ट में सशस्त्र बल आईटीबीपी 40वीं वाहिनी ने प्रथम, जिला पुलिस बल पुरुष ने द्वितीय स्थान, स्काउट बालक बख्शी विद्यालय ने प्रथम, गाईड में बालिका सरस्वती शिशु मंदिर ने दूसरे स्थान पर कब्जा जमाया।

नालियां कचरे से बजबजा रही

नगरी/नवप्रदेश। ग्राम उमरगांव में पंचायत लगभग से बीस मीटर दूरी पर बने नालियां में कचरे से पटा गया है जिससे अनजान व्यक्ति सड़क को बराबर समझकर कोई गिर रहा तो कई गाड़ियां धस रही है दो तीन बार तो छोटी गाड़ियां धस गई थी और शनिवार को एक सिमेंट से लदा ट्रक नालियां में जा घुसी उसे कड़ी मशक्कत के बाद निकाली गई। इस कचरे से पटे नालियों को पंचायत प्रतिनिधियों ने ध्यान नहीं दे रहे हैं आसपास के दुकान दारों ने बताया कि इस नाली में एक दो प्लेट लगा दो। रोड में मोडान होने के कारण गाड़ियां धस रही है लेकिन पंचायत प्रतिनिधियों ने ध्यान नहीं दिया और बार बार घस रही है गाड़ियां जिससे कभी भी जान का खतरा हो सकता है।

कलेक्टर ने तीन आदतन अपराधियों को किया जिला बदर

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। जिले में वर्तमान कानून व्यवस्था को देखते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी ने पुलिस प्रशासन से प्राप्त जांच रिपोर्ट के आधार पर तीन आदतन अपराधियों को एक वर्ष के लिए जिला बदर के आदेश जारी किया है। आदेश के तहत कसडोल के पारस नगर सेक्टर 1 निवासी विशाल साहू पिता रमेश साहू, बजरंग चौक कसडोल निवासी अनिल तिवारी पिता गोरेलाल तिवारी एवं थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार अंतर्गत परसाभदेर निवासी महेश्वर उर्फ़ डी.के. पिता गणेश राम टंडन को जिला बदर किया गया है। उक्त कार्रवाई छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3,5 ख के तहत किया गया है जिसमें 1 वर्ष के कालावधि के लिए बलौदाबाजार-भाटापारा एवं उसके सीमावर्ती जिले बिलासपुर, रायपुर, रायगढ़, महासमुंद, मुंगेली, जांजगीर-चांपा, सक्ति, बेमेतरा एवं सारंगढ़- बिलाईगढ़ जिलों की सीमाओं से आदेश पारित होने 24 घंटे के भीतर हटने एवं बाहर चले जाने के आदेश दिए है।

गणतंत्र दिवस पर जिले में ध्वजारोहण में सामने आई बड़ी लापरवाही

छुईखदान में गिरा रहा तिरंगा तो बाजार अतरिया में देरात तक फहरा ध्वज

खैरागढ़/नवप्रदेश। गणतंत्र दिवस पर जिले में शासकीय कार्यालयों में ही ध्वजारोहण के दौरान बड़ी लापरवाही सामने आई है। छुईखदान के कृषि विस्तार अधिकारी कार्यालय मे ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रीय ध्वज फहराने की बजाय जमीन पर पड़ा रहा तो दूसरी ओर बाजार अतरिया स्थित पशु औषधालय मे ध्वजारोहण के बाद अधिकारी ध्वज को उतारना भूल गए। देररात तक फहराते रहे तिरंगे की सूचना के बाद कर्मचारी मौके पर पहुँचे और तिरंगे को उतारा। मामले मे दोनो विभागों केअधिकारियों की बड़ी लापरवाही सामने आई है। लेकिन अब जिला प्रशासन सहित संबंधित विभाग मामले मे कार्यवाही की बजाय मामले को दबाने मे जुट गया है। छुईखदान स्थित कृषि विस्तार अधिकारी कार्यालय मे सुबह तिरंगा फहरा दिया लेकिन इसके बाद अपने घर निकल गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दोपहर मे फहरा तिरंगा उसी जगह जमीन मे पड़ा रहा। इसकी जानकारी विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों ने सुबह तिरंगा फहरा दिया लेकिन इसके बाद अपने घरे निकल गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दोपहर मे फहरा तिरंगा उसी जगह जमीन मे पड़ा रहा। इसकी जानकारी विभाग के अधिकारियों को दी गई तो मौके पर पहुँचे। लेकिन कार्यवाही से बचने विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों ने आनन फानन मे छुईखदान पुलिस को ध्वज के किसी के द्वारा चोरी कर लेने की शिकायत लिखित मे दे दी गई। जबकि तिरंगा जमीन पर गिरने के बाद काफी देर तक पड़ा रहा। कार्यवाही और लापरवाही पर कार्यवाही के डर से छुईखदान पुलिस को दिए शिकायत मे विभाग के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी मोहित कुमार ने ध्वज उतारने से पहले रस्सी तोड़कर झंडे को उतार कर ले जाने की शिकायत दर्ज कराई गई है। इधर रात आठ बजे तक फहरा रहा तिरंगा। दूसरे मामले मे बाजार अतरिया के पशु औषधालय मे सुबह ध्वजारोहण के बाद विभाग के अधिकारी कर्मचारी संध्या बेला मे तिरंगे को उतारना ही भूल गए। पशु औषधालय मे फहराया तिरंगा रात तक फहराता रहा। ग्रामीणों की सूचना के बाद मौके पर पहुँचे विभाग के कर्मी ने देररात आठ बजे तिरंगे को बिना सम्मान के उतारा और मौके से निकल गए।

अश्वनी देवांगन की माता मंगलीन बाई देवांगन का निधन

डोंगरगढ़/ नव प्रदेश। अक्षत मेडीकोज के संचालक डॉ. अश्वनी देवांगन ठेठवार पारा निवासी की माता - मंगलीन बाई देवांगन का निधन सोमवार को हुआ है। इनका अंतिम संस्कार मंगलवार को स्थानीय मुक्ति धाम में किया गया। इनकी अंतिम शव यात्रा में बड़ी संख्या में नागरिक गण शामिल हुए।

कांग्रेस नेताओ की उपस्थिति में आज महापौर पद के लिये नामांकन दाखिल

राजनांदगांव/नव प्रदेश। मेरे लिये फक्र की बात है कि जहां मै जन्म लिया वहां कांग्रेस पार्टी ने मुझे शहर के सबसे बड़े पद के लिए दावेदार बनाया है अपना प्रत्याशी बनाया है राजनांदगांव मेरे कर्म और धर्म की भूमि है इस जगह पर जन्म लिया शिक्षा सेवा और संस्कार यहीं के बड़े बुजुर्गों से शिखा है। मैं आपसे ये नहीं कहूँगा कि मैंने हर एक नागरिक की हक़ की लड़ाई लड़ी है हर वक्त आप सबके लिए हर जरुरत में खड़ा रहा हु मैंने क्षेत्र के हित के लिए लगातार संघर्ष किया तथा युवा शक्ति को एक साथ जोड़े रखने के लिए निरंतर प्रयास करता रहा हूं। मैंने जो भी किया वो मेरा फ़र्ज़ था आपने मुझे उससे कहीं ज्यादा प्यार दिया हमेशा मेरे साथ आप सब कंधे से कंधा मिला कर चले उसके लिए मै सदैव आप सब का आभारी रहूँगा। शहर के हर एक युवा को मै प्रणाम करता हूँ धन्यवाद देता हूँ की आप सब ने मुझे इतना प्यार दिया और अगर मैंने अपनी जिम्मेदारी पूरी तरह से निभाया है तो आपसे पुनः प्यार और आशीर्वाद चाहता हूँ।

गणतंत्र दिवस पर राजपुर में शान से लहराया तिरंगा

नगरी/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत राजपुर में 26 जनवरी को राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया ग्राम में इस राष्ट्रीय पर्व में सर्वप्रथम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में समस्त गणमान्य जनों के द्वारा भारत माता,अमर शहीदों के तैलचित्रों का पूजन,वंदन किया गया फिर संस्था प्रभारी डोमार सिंह ध्रुव ने तिरंगा झंडा फहराया और राष्ट्र ध्वज को सलामी देकर सामूहिक राष्ट्रगान किया तत्पश्चात माध्यमिक शाला में प्रधान पाठक वाय के राजपूत के द्वारा ध्वजारोहण किया गया फिर स्कूली बच्चों के साथ प्रभात फेरी के स्वरूप में गांव की गलियों का भ्रमण करते हुए पंचायत के पास पंचायत भवन में सरपंच श्रीमती यमुना वट्टी आंगनबाड़ी भवन में ग्राम पटेल गिरधर सिंह वट्टी, लघुवनोपज सहकारी समिति कार्यालय में लक्ष्मण सिंह नेताम के द्वारा झंडा फहराया गया फिर फेरीआगे बढ़ते हुए अटल चौक में पूजन किया गया। ग्राम प्रमुख हुलार सिंह वट्टी के द्वारा शिव चौक में झंडा फहराया गया प्रभात फेरी के दौरान बच्चे भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी के वेशभूषा में थे जिसका गांव के महिलाओं ने तिलक आरती उतार कर पूजा करते हुए श्रीफल भेंट करते थे देशभक्ति से प्रेरित कविता और भारत माता की जयकारा, तिरंगे झंडे की जय ,अमर शहीदों की जय का गगनभेदी नारे लगाते हुए गांव की गलियों का भ्रमण किया। इस अवसर पर संतोष निषाद,उदयलाल सेन, उत्तम नेताम, घसिया राम वट्टी,मोहन चंद्रवंशी,केशव प्रजापति ,मोहनलाल निषाद,बी आर नागेश ,डार्विन कश्यप , सत्यभान कंचन ,लीलेंद्र मेश्राम,हेमंत साहू, नीलम शांडिल्य,सुनीता कोसरे,जी मंडावी,कामिनी बघेल,भुनेश्वरी नेताम,सुलोचना जांगड़े, लक्ष्मीनाथओटी , पूरंजय भंडारी उत्तम नेताम,पोखन नेताम, शाला नायक तेजेश्वर कोसरिया,सचिव कल्पना ध्रुवसहित स्कूली बच्चों महिला समूह सदस्य एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

कार्यक्रम

हमें संविधान का सम्मान और रक्षा करनी चाहिए

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से बच्चों ने बताया गणतंत्र दिवस का महत्व

महाराष्ट्र मंडल के शंकर नगर बाल वाचनालय में विविधता लिए रहा गणतंत्र पर्व

रायपुर। रानी पद्मावती स्कूल के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से न केवल दर्शकों को गणतंत्र दिवस के महत्व का अहसास कराया, बल्कि अपनी मासूमियत के साथ उन्होंने भारत के संविधान के अनुरूप अनुशासनबद्ध जीवनशैली अपनाने का संकेत भी दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रानी पद्मावती स्कूल के प्राचार्य प्रभाकर पटनायक रहे।

पटनायक और विशेष अतिथि सहज योग विशेषज्ञ श्रेणिक देशलहरा ने कहा कि आज ही के दिन हमारे देश का संविधान लागू हुआ था। हमें संविधान का सम्मान और रक्षा करना चाहिए। डॉ. भीमराव अंबेडकर के बनाए गए विश्व के श्रेष्ठतम संविधानों में से एक हमारा संविधान देश को विविध जाति- धर्म, संस्कृति, परंपरा, जनजातियां होने के बावजूद एकता के सूत्र में पिरोता है। यही वजह है कि आज भारत देश संविधान के अमृत महोत्सव पर न केवल एकजुट है, बल्कि तेज गति से विकास भी कर रहा है। आज अपने देश की आजादी के लिए जान देने वाले वीर बलिदानियों को याद करने का भी दिन है। इन्हीं बलिदानियों ने देश की आजादी, खुशहाली और तरक्की के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। कार्यक्रम की विशेष अतिथि महाराष्ट्र मंडल की महिला प्रमुख विशाखा तोपखानेवाले ने कहा कि भारत पूरे विश्व को कर्मयोग व हितोपदेश का पाठ पढ़ा रहा है। आज भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में अग्रसर है। कार्यक्रम का संचालन रेणुका पुराणिक ने किया। इस मौके पर वरिष्ठ सभासद पुष्पा जावलेकर, युवा समिति के समन्वयक विनोद राखुंडे, अरविंद जोशी, अजय पुराणिक समेत मंडल के अनेक सभासद, रानी पद्मावती स्कूल का स्टाफ व आमजन उपस्थित रहे। महाराष्ट्र मंडल के शंकर नगर बाल वाचनालय- उद्यान में ध्वजारोहण के बाद महाराष्ट्र मंडल की महिला प्रमुख विशाखा तोपखानेवाले का अभिनंदन करती हुई वरिष्ठ सभासद पुष्पा जावलेकर।

गणतंत्र दिवस पर उमरगांव में शान से लहराया तिरंगा

नगरी/नवप्रदेश। गणतंत्र दिवस समारोह पुरे भारत देश स्वाधीनता से मनाया गया उसी प्रकार ग्राम उमरगांव में भी चौक चौराहे, स्कूल एवं ग्राम पंचायत में तिरंगा झंडा फहराया गया और राष्ट्रगान गाकर झंडे को सलामी दी गई। स्कूली बच्चों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई गीत गाकर नारे लगाए गए। यह ग्राम एक स्वतंत्रता सेनानी का ग्राम है जो इस गांव से करीब 45 स्वतंत्रता सेनानी हुए थे जिनका आज भी गांव में सम्मानित किया जाता है।

न्यूज गैलरी

26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर ग्रामीण क्षेत्र से नगर जिला तक बड़े शान से लहराए तिरंगा झंडा

भटगांव/ नव प्रदेश। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के पर्व पर ग्रामीण क्षेत्र से लेकर नगर जिला तक में जगह-जगह बड़े शान से लहराया राष्ट्रीय तिरंगा झंडा आपको बता दे कि भारतवर्ष में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस एक संविधान पर्व के रूप में तथा देश के लिए बलिदान दिए जवानों के लिए महापुरुषों को याद करने के पर्व के रूप में मनाया जाता है इस पर्व में शासकीय अर्थशास्त्र की कार्यालय कार्यालयों में तथा नगर के प्रमुख चौक चौराहा चौराहा में नगर वासी जनप्रतिनिधि के माध्यम से तिरंगा झंडा फहराया गया है कड़ी में ग्राम पंचायत गेड़ापाली के प्राथमिक शाला तथा ग्राम पंचायत कार्यालय शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय तिरंगा झंडा फहराया गया तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूली छात्र छात्राओं द्वारा स्कूलों में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया प्रभात फेरी निकाल कर गली मोहल्ले में जय जवान जय किसान भारत माता की जय महात्मा गांधी की जय सुभाष चंद्र बोस की जय जैसे नारे लगाते रहे जिससे लोगों को देश के प्रति ,देश के प्रति दिए हुए देश के सैनिकों, महापुरुषों की बलिदानों को याद करने का संदेश दिया इस कार्यक्रम में प्रधान पाठक प्राथमिक शाला गेड़ापाली स्कूल के प्राचार्य ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव जनप्रतिनिधि सहित ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित है।

डोंगरगांव कांग्रेस में इस्तीफों की लगी झड़ी

डोंगरगांव/ नव प्रदेश। नगरीय निकाय चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी में आंतरीक विवाद और असंतोष उभरकर सामने आ रहा है। टिकट वितरण के बाद से पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओ के इस्तीफों का सिलसिला जारी है। मिली जानकारी अनुसार नगरीय निकाय चुनाव से पहले नगर पंचायत उपाध्यक्ष रहे ललित लोढ़ा ने कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा देकर अपनी पत्नी स्मिता लोढ़ा का अध्यक्ष पद के लिए निर्दलीय नामांकन फार्म भरा इसके साथ ही जिला कांग्रेस प्रवक्ता विष्णु प्रसाद सोनी ने भी वार्ड क्रमांक 15 के लिए निर्दलीय अपनी पत्नी के नाम नामांकन फार्म जमा किया , प्रवक्ता और मीडिया प्रभारी डोंगरगांव रहे रवि शुक्ला ने भी अपने पद से इस्तीफा देकर वार्ड क्रमांक 4 से निर्दलीय दावेदारी की सभी कार्यकर्ताओ ने अपने पद के साथ साथ कांग्रेस की सदस्यता से भी त्याग पत्र दे दिया। डोंगरगांव नगर पंचायत जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र में कार्यकर्ताओ का इस्तीफा एवं नाराजगी कांग्रेस के लिए बड़ा झटका साबित हो सकता है।निकाय चुनाव के इस अहम समय में कार्यकर्ताओ और नेताओं का लगातार पार्टी छोड़ना, कांग्रेस की चुनावी रणनीति पर सवाल खड़े करता है। अब देखना होगा कि कांग्रेस इस आंतरिक कलह को कैसे संभालती है और निकाय चुनाव में इसे अपने पक्ष में कैसे मोडती है।

श्रीराम चरितमानस ग्रन्थ प्रभू श्रीराम के आदर्श चरित का दर्शन कराती है: मुरलीधर सिन्हा

गरियाबंद/ नव प्रदेश। गरियाबंद क्षेत्र के ग्राम बारूला में आयोजित तीन दिवसीय श्रीरामचरितमानस गान का सम्मेलन के विराम दिवस में मुख्य अतिथि भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं पूर्व जिला महामंत्री मुरलीधर सिन्हा ने कहा कि श्रीरामचरितमानस ग्रन्थ प्रभू श्रीराम के आदर्श चरित का दर्शन कराती है । मुख्य अतिथि श्री सिन्हा ने अपने उदबोधन में कहा कि श्रीरामचरित मानस गान सम्मेलन का आयोजन कराना प्रशंसनीय कार्य है, सम्मेलन का आयोजन मनोरंजन के साधन नहीं है यह हमारे जीवन में श्रीरामचरित मानस को आत्मसात करने की आवश्यकता है, हमें नई पीढ़ी को वैदिक सनातन धर्म से जोड़ना होगा।

कांग्रेस पार्टी की ओर से वार्ड नंबर 1 के लिए गीता सलामे प्रत्याशी घोषित

डोंगरगांव/ नव प्रदेश। कांग्रेस पार्टी ने आगामी स्थानीय निकाय चुनावों के लिए वार्ड नंबर 1 से गीता सलामे को अपना आधिकारिक प्रत्याशी घोषित किया है। यहां यह ज्ञात हो कि गीता सलामें , महेंद्र भोसले की धर्मपत्नी है। महेंद्र कांग्रेस पार्टी के एक समर्पित और सक्रिय कार्यकर्ता है और जन सेवक के रूप में लोगों में उनकी अलग छवि है चाहे वह बाढ़ के समय डोंगरगांव की जाम की विपरीत परिस्थितियों हो जिसमें उन्होंने समय और दिन की परवाह ना करते हुए जाम हुए रास्तों को खोलने के लिए अथक प्रयास किया।इसके अलावा हमेशा समाजसेवी के रूप में डोंगरगांव कि जन समस्या को सुलझाने का भरकश सदैव प्रयास किया इन्हीं जैसे कई मुद्दों सहित उनके कांग्रेस पार्टी के प्रति समर्पण निष्ठा और सेवा भाव को देखते हुए पार्टी ने उनकी धर्मपत्नी गीता

सलामें को एक मौका दिया है। गीता सलामे एक समर्पित और सक्रिय समाजसेवी हैं, जो वर्षों से अपने वार्ड और स्थानीय समुदाय के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। उनकी सादगी, निष्ठा और जनसेवा के प्रति समर्पण ने उन्हें जनता के बीच एक लोकप्रिय और भरोसेमंद चेहरा बनाया है।

1. साफ-सफाई और स्वच्छता अभियान को बढ़ावा देना। 2. शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार लाना। 3. बेरोजगारी को कम करने के लिए युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराना। 4. वरिष्ठ नागरिकों और महिलाओं की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करना। 5. पारदर्शी और जवाबदेह प्रशासन देना। कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता ने कहा, ÷गीता सलामे पार्टी की विचारधारा और मूल्यों का प्रतीक हैं। हमें पूरा विश्वास है कि उनकी नेतृत्व क्षमता और जनता से जुड़ाव वार्ड नंबर 1 के लिए प्रगति का नया अध्याय लिखेगा।

गीता सलामे ने जनता को संबोधित करते हुए कहा, ÷मुझे कांग्रेस पार्टी ने जो विश्वास दिया है, उसके लिए मैं आभारी हूं। मैं वार्ड नंबर 1 के हर नागरिक से यह वादा करती हूं ।

शराब तस्करों को पकड़ने में डोंगरगढ़ पुलिस को मिली एक और सफलता

राजनांदगांव/ नव प्रदेश। पुलिस अधीक्षक महोदय मोहित गर्ग, अति. पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं एसडीओपी महोदय डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के आदेशानुसार व आगामी नगरीय निकाय चुनाव एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील होने व क्षेत्र में चुनाव शांतिपूर्वक एवं निष्पक्ष सम्पन्न कराने हेतु डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा क्षेत्र में लगातार अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों, संदिग्धों, चाकुबाज एवं अन्य असमाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखकर लगातार कार्यवाही कर रही है इसी कड़ी में दिनांक को डोंगरगढ़ पुलिस को ग्राम कुम्हड़ाटोला जाने वाले मार्ग से भारी मात्रा में मध्यप्रदेश राज्य निर्मित शराब डीआई एवं एक कार से शराब तस्करी होने की सूचना मिलने पर डोंगरगढ़

पुलिस ग्राम कुम्हड़ाटोला मार्ग के पास में पंहूचकर नाकाबंदी एवं घेराबंदी कर दो वाहन जिसमें वाहन क्रमांक- सीजी 08 एबी 4380 यौधा डीआई एवं विसटा कार क्र0- सीजी 07 एम0बी0 2256 को पकड़े। डीआई वाहन में 03 व्यक्ति एवं विसटा कार में 02 व्यक्ति बैठे मिले जिसे नाम पता पुछने पर अपना-अपना नाम 1. राजेश चिंतामन तागड़े पिता सितामन तागड़े उम्र- 25 साल साकिन शारदा पारा तलाब पावर हाउस भिलाई जिला दुर्ग छ.ग. , 02. ईश्वर साहू पिता रगदास साहू उम्र- 30 साल साकिन ग्राम अछोली थाना डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव छ.ग. , 03. रौवन चन्द्राकर पिता प्रमोद कुमार चन्द्राकर उम्र- 37 साल साकिन ग्राम शिवपारा वार्ड न0-33 दुर्ग जिला दुर्ग छ.ग. , 04. सोहेल मिन्नी पिता जलाउद्दीन सिद्दकी उम्र- 23 साल साकिन ग्राम देलाबाड़ी वार्ड न0-40 जिला दुर्ग छ.ग. , 05. ऋषिकेश पिता प्रकाश हटिले उम्र- 24 साल साकिन ग्राम उरला जिला दुर्ग छ.ग. का रहने वाला बताये।

भाजपा की नीतियों और सुशासन में निरंतर हो रहा प्रदेश का विकास

नपा पंडरिया और नपं पांडातराई एवं इंदौरी में भाजपा प्रत्याशियों ने किया नामांकन दाखिल

कवर्धा/ नव प्रदेश। त्रिस्तरीय नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव का शंखनाद हो चुका है। आज नामांकन के आखिरी दिन प्रत्याशियों ने अपना-अपना नामांकन दाखिल किया। इस दौरान पंडरिया विधानसभा अंतर्गत नगर पालिका पंडरिया और नगर पंचायत पांडातराई एवं इंदौरी में भी भाजपा प्रत्याशियों ने अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन रैली नगर पालिका पंडरिया में भाजपा प्रत्याशी मंजुला देवी कुर्रे और नगर पंचायत पांडातराई में सरिता रामकुमार सोनी के नामांकन रैली में पंडरिया विधायक भावना बोहरा भी उपस्थित रहीं वहीं नगर पंचायत इंदौरी से भाजपा प्रत्याशी मित्रीन बाई महंगी लाल मांडले ने अपना नामांकन दाखिल किया,जिसमें बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी व समर्थक उपस्थित रहे।

इस अवसर पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास और सबका प्रयास के उद्देश्य से कार्य करने वाली पार्टी है। महिलाओं का सशक्तिकरण हो या युवाओं को रोजगार, किसानों को उनका अधिकार देना हो या बुजुर्गों को आयुष्मान का उपहार भाजपा हमेशा जनहित के लिए कार्य करती है। विगत 1 वर्ष में डबल इंजन भाजपा सरकार में पंडरिया नगर हो या नगर पंचायत इंदौरी और पांडातराई, भाजपा सरकार ने करोड़ों के विकास कार्यों की सौगात यहां की जनता को दिए है। वहीं जनहित की योजनाओं से जनता को सुविधाओं का उपहार मिला है।

उन्होंने बताया कि केवल एक माह में अधोसंरचना विकास और विभिन्न जनसुविधाओं के लिए नगर पालिका पंडरिया में 10 करोड़ से अधिक, नगर पंचायत पांडातराई में 12 करोड़ से अधिक एवं नगर पंचायत इंदौरी में 4 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की स्वीकृति भाजपा सरकार के सुशासन में क्षेत्रवासियों को मिली है। वहीं पंडरिया विधानसभा में 1 लाख 25 हजार से अधिक महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ मिल रहा है। जिसमें नगर पालिका पंडरिया में 4825, नगर पंचायत पांडातराई में 2021 तथा इंदौरी में 1758 विवाहित महिलाओं को प्रतिवर्ष 12000 रुपये की आर्थिक सहायता मिल रही है। पीएम आवास योजना से विधानसभा के 18 हजार से अधिक परिवारों के पक्के आवास का सपना पूरा हो रहा है, जिसमें पंडरिया नगर में 2374 एवं पांडातराई में 1586 परिवारों को पक्का आवास मिल रहा है। हमने अपने घोषणा पत्र में दो वर्ष का बकाया धान बोनस देने का जो वादा किया था उसे पूरा किया जिसके अंतर्गत वर्ष 2013-14 एवं पंडरिया में लगभग 1200 से अधिक, पांडातराई में लगभग 650 तथा इंदौरी में लगभग 1600 किसानों को बकाया बोनस दिया गया।

उन्होंने आगे बताया कि जबसे प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार भी हुआ हैं वहीं आयुष्मान भारत योजना के तहत पंडरिया नगर में 5228, पांडातराई में 2696 एवं इंदौरी में 5300 लोगों को 10 लाख तक का निःशुल्क उपचार मिल रहा है। इसके साथ ही उज्ज्वला योजना के माध्यम से पंडरिया नगर में 2673, पांडातराई में 1789 एवं इंदौरी में लगभग 800 माताओं-बहनों को धुएं से मुक्ति मिली है। ये सभी जनहित के कार्य भाजपा शासन में हुए हैं और नगरीय निकाय एवं नगर पंचायत चुनाव में भाजपा की जीत के साथ यह सभी कार्य दुगुनी रफ्तार से होंगे। विकास कार्यों से हम शहरों को विकसित करने के साथ ही हमारे ग्रामीण क्षेत्रों को भी शहरों में उपलब्ध सुविधाओं के अनुरूप विकसित करेंगे।वहीं यातायात सुविधा के लिए 8 करोड़ की लागत से पांडातराई बाईपास एवं 6 करोड़ की लागत से पंडरिया बाईपास की सौगात भी जनता को मिली है।

नामांकन के आखिरी दिन बीजेपी और कांग्रेस ने किया जोरदार प्रदर्शन

गरियाबंद/ नव प्रदेश। गरियाबंद में बीजेपी और कांग्रेस दोनों प्रमुख दलों ने अपने-अपने नामांकन रैलियों में शक्ति प्रदर्शन किया। बीजेपी ने अपनी रैली में बड़े पैमाने पर कार्यकर्ताओं और समर्थकों की भीड़ जुटाई। भाजपा से नगर पालिका अध्यक्ष के लिए अधिकृत प्रत्याशी रिखीराम यादव एवं पार्षद पद के लिए राधेश्याम सोनवानी, आसिफ मेमन, पुष्पा साहू, रेणुका साहू, प्रकाश यादव, वंशगोपाल सिन्हा सहित सभी 15 वार्ड के पार्षद प्रत्याशी शामिल थे, जिनके समर्थन में राजिम विधायक रोहित साहू, जिला प्रभारी सुरेंद्र पाटनी, किशोर महानंद, भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, राजेश अवस्थी, विक्रम सिंह हुंदल, युवा नेता आशीष शर्मा, अभिषेक डडसेना भी शामिल हुए। वहीं कांग्रेस ने भी बड़े ही तामझाम के साथ अपनी रैली निकाली, कांग्रेस से अध्यक्ष पद के लिए अधिकृत प्रत्याशी गैंदलाल सिन्हा ने अपने पार्टी के पार्षद पद के प्रत्याशियों के साथ नामांकन जमा करने कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे हुए थे।

मालूम हो कि दोनों ही दलों ने इस मौके पर अपनी ताकत और चुनावी रणनीतियों का भी प्रदर्शन किया। इसके साथ ही नामांकन के आखिरी दिन भाजपा से अध्यक्ष पद के लिए नाम एलान होने के 24 घंटे के भीतर नाम बदले जाने से नाराज अधिवक्ता प्रशांत मानिकपुरी ने भाजपा से बगावत कर निर्दलीय पर्चा भरा है। वहीं कांग्रेस से पार्षद के लिए टिकट नहीं मिलने से नाराज उम्मीदवारों ने बागी होकर पार्षद पद के लिए नामांकन पर्चा भरा है। जिससे कि अब गरियाबंद पालिका चुनाव बड़ा ही दिलचस्प हो गया है।

घटते भू-जल स्तर को देखते हुए जल संरक्षण हेतु समुचित उपाय सुनिश्चित करें: चन्द्रवाल

बालोद/ नव प्रदेश। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने लगातार तेजी से घटते भू-जल स्तर को देखते हुए जिले में जल संरक्षण एवं जल संचय हेतु समुचित उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। जिससे कि जिलेवासियों को निकट भविष्य में पेयजल एवं निस्तारी हेतु पानी की प्रबंध की समस्या से जुझना न पड़े। चन्द्रवाल आज संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में जल संसाधन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, कृषि एवं अन्य संबंधित विभाग की अधिकारियों की बैठक लेकर उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे सहित संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में चन्द्रवाल ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से विकासखण्डवार जल संचय एवं जल संरक्षण हेतु किए जा रहे उपायों की विस्तृत समीक्षा की। इसके अंतर्गत उन्होंने प्राकृतिक संसाधनों के प्रबंध के तहत किए जा रहे तालाब निर्माण, चेकडेम निर्माण, पूर्व में निर्मित चेकडेम के

जीर्णोद्धार के कार्य, स्टॉप डेम निर्माण, कुआं निर्माण, सोकपिट आदि के निर्माण कार्य की विस्तृत समीक्षा की। चन्द्रवाल ने पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों के आधार पर जिले में जल संरक्षण के उपाय सुनिश्चित करने हेतु पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग एवं जल संसाधन विभाग के संयुक्त टीम के द्वारा जल संचय एवं जल संरक्षण के उपाय बनाए गए कार्य योजना के क्रॉस चेक के संबंध में जल संसाधन विभाग के अनुविभागीय अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने जल संसाधन विभाग के अनुविभागीय अधिकारी को बुधवार 29 जनवरी को बालोद एवं गुरूर विकासखंड में प्रस्तावित कार्य योजना की जाँच कर उन्हें इसका रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए।

महापौर पद हेतु कुल 17 नाम निर्देशन पत्र जमा हुए

राजनांदगांव। नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 अंतर्गत नगर पालिका निगम राजनांदगांव के महापौर पद हेतु कुल 17 नाम निर्देशन पत्र जमा किया गया। नगर पालिका निगम राजनांदगांव के महापौर पद हेतु निर्दलीय संदीप शुक्ले, निर्दलीय केवल रजक, निर्दलीय राकेश कुमार ठाकुर, भाजपा से मधुसूदन यादव, भाजपा से अजीत जैन, बसपा से शमसुल आलम, निर्दलीय दीपा रामटेके, जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी से महेन्द्र लाल जंघेल, निर्दलीय राजेश गुप्ता, इंडियन नेशनल कांग्रेस से निखिल द्विवेदी, आप पार्टी से कमलेश स्वर्णकार, भाजपा से मधुसूदन यादव, भाजपा से अजीत जैन, शिवसेना से माखन यादव, निर्दलीय डॉ. केएल टांडेकर, इंडियन नेशनल कांग्रेस से निखिल द्विवेदी, निर्दलीय संदीप शुक्ले ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया है।

कुम्हारी नगरपालिका परिषद अध्यक्ष एवं पार्षद पद हेतु भाजपा कांग्रेस और निर्दलीय प्रत्याशियों ने भरे नामांकन

कुम्हारी/ नव प्रदेश। नगरपालिका परिषद के चुनाव हेतु नामांकन के अंतिम दिन प्रत्येक प्रत्याशी अपने समर्थकों के साथ नामांकन पत्र जमा करने पालिका भवन स्थित उप तहसील कार्यालय पहुंचे। दोनों ही पार्टियों के कार्यकर्ताओं द्वारा गाजे बाजे एवं अपने अपने समर्थकों के साथ रैली निकाला गया। नामांकन के अंतिम दिन अध्यक्ष पद हेतु तीन फार्म, पार्षद पद हेतु भाजपा के 24 तथा कांग्रेस के भी 24 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किए वहीं 26 निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी अपना नामांकन पत्र भरा । ज्ञात हो कि इन्हीं स्वतंत्र प्रत्याशियों में दोनों ही दलों के असंतुष्ट कार्यकर्त्ताओं की भारी संख्या है । ढोल ताशे के साथ कांग्रेस समर्थित अध्यक्ष पद प्रत्याशी तथा पार्षदों ने बी फॉर्म पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में अनुविभागीय अधिकारी महेश सिंह राजपूत के समक्ष जमा किया ।

भाजपा की अधिकृत अध्यक्ष पद प्रत्याशी श्रीमती मीना वर्मा तथा पार्षदों ने सांसद विजय बघेल की अगुवाई में बी फॉर्म जमा किया । वहीं दोनों ही मुख्य राष्ट्रीय दलों के असंतुष्ट और बागी कार्यकर्त्ताओं ने भी अपने अपने बी फॉर्म जमा किये । अध्यक्ष पद के लिए तीन आवेदन जिसमें भाजपा की ओर से श्रीमती मीना वर्मा, कांग्रेस से श्रीमती रामप्यारी पटेल और स्वतंत्र प्रत्याशी के रूप में श्रीमती बेबी वर्मा द्वारा जमा किये गए । ज्ञात हो कि कांग्रेस पार्टी से श्रीमती बेबी वर्मा ने टिकिट की दावेदारी की थी लेकिन पार्टी से टिकट नहीं मिलने पर स्वतंत्र रूप से चुनाव समर में जनता के समक्ष जाने का मन बनाते हुए बी फॉर्म जमा किया । भाजपा की ओर से जहाँ वरिष्ठ और युवा कार्यकर्ता राकेश पाण्डेय, योगेश साहू, मिथलेश यादव, राजू निषाद, तृप्ति चन्द्राकर, रागिनी निषाद बहुत सक्रिय दिखे तो कांग्रेस की ओर से स्वप्निल उपाध्याय, प्रमोद सिंह राजपूत और थनेश पटेल के साथ उत्साही कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

कांग्रेस के सीनियर नेता राधेश्याम शर्मा ने किया भाजपा प्रवेश

भाटापारा/ नव प्रदेश। स्थानीय राम सप्ताह चौक में भाजपा नामांकन रैली के अवसर पर प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा की उपस्थिति में कांग्रेस टिकट अध्यक्ष पद के प्रबल दावेदार राधेश्याम शर्मा (फग्गा) ने अपने सैकड़ों साथियों और मजदूर संघ के नेताओं कामदेव खुटे,सम्मत बंजारे,राजू रात्रे,भगवान दास इत्यादि साथियो के साथ भाजपा प्रवेश कर लिया,इस दौरान भाजपा अध्यक्ष प्रत्याशी अश्विनी शर्मा ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता राधेश्याम शर्मा का पार्टी गमछा पहना कर उनका भाजपा प्रवेश किया।

इस दौरान अपने उद्बोधन में फग्गा महराज ने कहा कि वरिष्ट भाजपा नेता शिवरतन शर्मा के नेतृत्व में भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो भाटापारा का समुचित विकास कर सकती है। कांग्रेस पार्टी ने पिछले 5 साल में ऐसा कोई विकास कार्य नहीं कराया जिसे बताया जा सके। उक्त अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा के मोर्चा प्रकोष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्त्ता गण उपस्थित थे।

76वाँ गणतंत्र दिवस बड़े ही उमंग व उत्साह के साथ मनाया गया

नवापारा राजिम/ नव प्रदेश। नगरीय निकाय चुनाव को लेकर भाजपा कांग्रेस दोनों ही प्रमुख पार्टियों ने अपने-अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। गोबरा नवापारा नगर पालिका में अध्यक्ष पद के लिए भाजपा ने ओमकुमारी साहू पर भरोसा जताते हुए अपना प्रत्याशी घोषित किया है, तो वहीं कांग्रेस ने स्वर्णजीत कौर को उम्मीदवार घोषित किया है।

भाजपा के पार्षद प्रत्याशी

भाजपा ने नवापारा के 21 वार्ड में पार्षद प्रत्याशियों की घोषणा की है, जिसमें वार्ड क्रमांक 1 से रवि साहू, वार्ड 2 से देवेंद्र साहू, वार्ड 3 से लोमेश्वरी साहू, वार्ड 4 से लोकेश्वरी साहू, वार्ड 5 से सहदेव कंसारी, वार्ड 6 से संजू कंसारी, वार्ड 7 से महेश कुमार साहनी, वार्ड क्रमांक 8 से

सुजाता सोना, वार्ड 9 से राजेश गिलहरे, वार्ड 10 से सोहेंद्र साहू, वार्ड 11 से पॉल सिंग चावला, वार्ड 12 से भारत सोनकर, वार्ड 13 से संतोषी कंसारी, वार्ड 14 से जीना निषाद, वार्ड 15 से नम्मू ठाकुर, वार्ड 16 से निर्मला साहू, वार्ड 17 से सचिन सचदेव, वार्ड 18 से रूपेंद्र चंद्राकार, वार्ड 19 से अनीता देवांगन, वार्ड 20 से भूपेंद्र सोनी और वार्ड 21 से दुकालू चक्रधारी को प्रत्याशी घोषित किया है।

कांग्रेस के पार्षद प्रत्याशी

इसी प्रकार कांग्रेस ने भी 21 वार्डों में अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। जिसमें वार्ड क्रमांक 1 से सुनील साहू, 2 से रामरतन निषाद, 3 से त्रिवेणी निर्मलकर, 4 से संध्या राव, 5 से महेश साहू, 6 से तरुण कंसारी, 7 से हेमंत साहनी, 8 से शीतल जगत, 9 से टिकेश्वर गिलहरे, 10 से अर्जुन साहू, 11 से फागुराम देवांगन, 12 से रेखा तिवारी, 13 से रुकमणी कंसारी, 14 से योगिता कंसारी, 15 से मानसिंह ध्रुव, 16 से सुनीता सोनकर, 17 से शालू येसानी, 18 से अनूप खरे, 19 से दीपाली राजपूत, 20 से सुरेंद्र साहू और 21 से अजय साहू को प्रत्याशी घोषित किया है।

5 दिवसीय नि:शुल्क योग प्रशिक्षण शिविर

बलौदाबाजार/ नव प्रदेश। आयुष विभाग द्वारा जिले के 14 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स डमरू, सिरियाडीह, टुण्डरा, परसाडीह, सलिहा, रिकोकला, कसडोल, खम्हरिया, निपनिया, दतरेंगी, देवसुन्द्रा, दामाखेड़ा, मोहरा एवं रावन हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों में 27 जनवरी से 31 जनवरी 2025 तक सुबह 7 बजे से 9 बजे तक एवं 28 जनवरी से 1 फरवरी 2025 तक पं. चक्रपाणी हाई स्कूल बलौदाबाजार में आयुष चिकित्सक डॉ. विवेक कुमार वर्मा, योग चिकित्सक डॉ. अर्चना अग्रवाल के द्वारा निःशुल्क योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

अर्जुनी में भव्य कलश यात्रा के साथ प्रारम्भ हुई श्रीमद भागवत कथा

■ भागवत कथा सुनने मात्र से कट जाते है जीव के पाप : आचार्य नंदकुमार शर्मा

अर्जुनी/नवप्रदेश। ग्राम अर्जुनी मे 26 जनवरी से 3 फरवरी तक श्रीमद भागवत कथा का आयोजन वर्मा परिवार द्वारा किया गया है।भागवत कथा वाचक पंडित नंदकुमार शर्मा निनवा (तिल्दा) वाले है।भागवत कथा के प्रथम दिन रविवार को भव्य कलश यात्रा के साथ भागवत कथा का शुभारंभ किया गया।आचार्य शर्मा जी ने कहा कि जन्मांतरे भवेत पुण्यं तदा भागवतं लभेत! अर्थात जन्म-जन्मांतर एवं युग-युगांतर में जब पुण्य का उदय होता है तब जीवमात्र को भागवत कथा श्रवण का सुअवसर प्राप्त होते हैं। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा सुनने मात्र से ही कट जाते हैं जीव के सारे पाप। व्यासपीठ से कथा का महत्व समझाते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत कथा एक अमर कथा है। इसे सुनने से पापी से पापी व्यक्ति भी पाप से मुक्त हो जाता है।वेदों का सार युगों-युगों से मानव जाति तक पहुंचता रहा है। भागवत महापुराण यह उसी सनातन ज्ञान की पयस्विनी है जो वेदों से प्रवाहित होती चली आ रही है। इसीलिए भागवत महापुराण को वेदों का सार कहा गया है।उन्होंने श्रीमद् भागवत महापुराण की व्याख्या करते हुए बताया कि श्रीमद् भागवत अर्थात जो श्री से युक्त है श्री अर्थात चैतन्य, सौंदर्य ऐश्वर्या, भागवतः प्रोक्तम् इति भागवत भाव कि वो वाणी जो कथा जो हमारे जड़वत जीवन में चैतन्यता का संचार करती है। जो हमारे जीवन को सुंदर बनाती है वो श्रीमद्भागवत कथा जो सिर्फ मृत्युलोक में ही संभव है और साथ ही यह एक ऐसी अमृत कथा है जो देवताओं के लिए भी दुर्लभ है इसलिए परीक्षित ने स्वर्ग अमृत के बजाए कथामृत का वरण किया।कथा रूपी अमृत का पान करने से संपूर्ण पापों का नाश होता है। उन्होंने बताया कि भागवत कथा मे भक्ति ज्ञान और वैराग्य तीनों का समावेश है। कथा के दौरान उन्होंने वृंदावन का अर्थ बताते हुए कहा कि वृंदावन इंसान का मन है। कभी-कभी इंसान के मन में भक्ति जागृत होती है। परंतु वह जागृति स्थाई नहीं होती। इसका कारण यह है कि हम ईश्वर की भक्ति तो करते हैं पर हमारे अंदर वैराग्य व प्रेम नहीं होता है। इसलिए वृंदावन में जाकर भक्ति देवी तो तरुणी हो गई पर उसके पुत्र ज्ञान और वैराग्य अचेत और निर्बल पड़े रहते हैं। इसमें जीवन्तता और चैतन्यता का संचार करने हेतु नारद जी ने भागवत कथा का ही अनुष्ठान किया। आगे आचार्य जी गोकर्ण महात्म्य की कथा सुनाते हुए कहा कि आत्मदेव ब्राह्मण का पुत्र धुंधुकारी जो कि मरणोपरांत एक भयंकर प्रेत बन गया. जिनकी मुक्ति के लिए गोकर्ण जी ने भागवत कथा का आयोजन किया और भागवत कथा सुनने मात्र से उस भयंकर प्रेत की मुक्ति हो गई।आचार्य शर्मा ने कहा कि भागवत कथा ऐसी कथा है जिनके श्रवण मात्र से बड़े से बड़े पापी का भी उद्धार हो जाता. उन्होंने कहा कि भागवत कथा ही साक्षात कृष्ण है और जो कृष्ण है वही साक्षात भागवत है। भागवत कथा भक्ति का मार्ग प्रशस्त करती है। भागवत कथा एक कल्पवृक्ष की भांति है जिनसे व्यक्ति को धर्म अर्थ काम और मोक्ष की प्राप्ति होती है।

■ न्यूज गैलरी

भाजपा ने मधुसूदन यादव को महापौर प्रत्याशी बनाकर अपनी स्थिति मजबूत की

राजनांदगांव/नव प्रदेश। भाजपा ने आखिरकार जनाधार वाले नेता मधुसूदन यादव को महापौर का टिकट देने का फैसला किया, राजनांदगांव नगर निगम को सामान्य सीट घोषित किया गया था। इस फैसले के बाद, सामान्य वर्ग के कुछ लोगों ने महापौर की दौड़ में खुद को शामिल किया था और पूरे रेस में खुद की टिकट लाने के लिए उन्होंने मेहनत भी की किंतु आखिरकार टिकट पूर्व सांसद पूर्व महापौर मधुसूदन यादव को ही मिली मधुसूदन यादव का राजनीतिक सफर पार्षद, महापौर, सांसद, रहते हुए लगातार सफलता की ओर बढ़ता रहा है, और इस दौरान उनका जनाधार भी मजबूती से बढ़ा है। एवं अपने कार्य करने के तरीके से लोगों के बीच अपनी अलग छवि बनाने के अलावा उन्होंने पार्टी को बहुत मजबूत किया सामान्य वर्ग के बीच यह प्रचारित किया गया था कि अब सामान्य सीट पर सामान्य वर्ग के उम्मीदवार को ही टिकट दिया जाए। इसके बावजूद, भाजपा को मधुसुदन यादव को टिकट देने में जीत सुरक्षित महसूस हुई, क्योंकि पिछले दो चुनाव में कांग्रेसी महापौर रहा है उस हिसाब से भाजपा किसी भी प्रकार का जोखिम लेने को तैयार नहीं थी ऐसा नहीं है कि भाजपा के अन्य दावेदार नीलू शर्मा मोनू बहादुर सिंह भी किसी से कमजोर थे किंतु पार्टी का फैसला अंतिम फैसला होता है और जबकि प्रदेश में भाजपा का सत्ताधिकार रहा, तब तक कांग्रेस का महापौर राजनांदगांव में विजयी रहा। इस बार भाजपा ने चुनाव हारने का जोखिम नहीं उठाना चाहा, और मजबूती में मधु सूदन यादव ही एक नेता नजर आये जिसके कारण मधुसूदन यादव को महापौर प्रत्याशी के रूप में टिकट से नवाजा गया।

वाहन चालक पकड़े जाने के भय से अंधेरे का फायदा उठाकर घटना स्थल से भागा था

बागनदी पुलिस की अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्यवाही

■ एमसीपी कार्यवाही के दौरान बागनदी पुलिस द्वारा पकडी गई 2,36,595 रू0 की अंतर्राज्यीय शराब

अज्ञात आरोपी पिकअप चालक द्वारा सब्जी गाडी के आड़ में की जा रही थी शराब तस्करी पकडी गई

पत्ता गोभी बोरियों के बीच में मिला 196 नग बॉटल जिसमें ब्रांड का शराब मिला

राजनांदगांव/नवप्रदेश। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि पुलिस अधीक्षक महोदय राजनांदगांव मोहित गर्ग, अंतर्राज्यीय अवैध शराब तस्करी पर अंकुश लगाने के निर्देशानुसार अति0 पुलिस अधीक्षक महोदय राहुल देव शर्मा, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के दिशा निर्देशन में शराब तस्करी रोकने स्थानीय चुनाव में लगे आचार संहिता दौरान एमसीपी कार्यवाही लगाया जा रहा था कि दिनांक 27.01.2025 के देर रात्रि देवरी से राजनांदगांव की ओर आ रही एक पिकअप वाहन क्रमांक रू‍ा-40-ष्ठष्ठ-2629 जो चिरचारी में लगे एमसीपी को देखकर हडबडाते लापरवाहीपूर्वक वाहन को चलाते सडक किनारे खडी ट्रक को ठोकर मार दिया वाहन चालक पकडे जाने के भय से अंधेरा का फायदा उठाकर घटनास्थल से भाग गया। बागनदी पुलिस द्वारा पिकअप वाहन जिसमें सब्जी पत्तागोभी भरा हुआ था को किनारे कर पिकअप के डाले से रिस रहे द्रव्य में आ रहे शराब की गंध से शराब होने की संदेह पर चेक करने पर पत्तागोभी के बोरियों के बीच में शराब रखा मिला जिसमें से कुछ बोतले टुट-फुट गया था। बचत बोतलों को समक्ष गवाहन के निकाला गया जिसमें रॉयल स्टेज 85 बॉटल कीमती 105,400 रू0, रॉयल चैलेंज 60 बॉटल कीमती 74,400 रू0, मैक्डावल नं0 01 35 बॉटल कीमती 34,475 रू0, ब्लेंडर प्राईड 16 बॉटल कीमती 22,320 रू0 कुल 196 बॉटल कुल मात्रा 147 बल्क लीटर कुल जुमला शराब कीमती 2,36,595 रू0 म0प्र0 निर्मित शराब मिला जिसे मौके पर समक्ष गवाहन शराब एवं पिकअप वाहन द्वद्ध-40-ष्स्र-2629 कीमती 800000 जुमला कीमती 1036595,को जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। अज्ञात आरोपी पिकअप वाहन क्रमांक रू‍ा-40-ष्ठष्ठ-2629 के चालक के विरूद्ध अप0 क्रमांक 02/2025 धारा 34(2),36 आबकारी एक्ट, 281 BNS कायम कर विवेचना में लिया गया है। अज्ञात वाहन चालक का पता तलाश उठाया गया है। उक्त कार्यवाही में निरी0 विजय मिश्रा, सउनि0 महेश राजपुत, आर0 1853 भुपेन्द्र तुमरेकी, आर0 1800 कार्तिक यादव, आर0 593 विक्रम चंद्रवंशी, आर0 167 सुनील नवरत्न का सराहनीय भुमिका सराहनीय रही।

रोबोटिक गायनेकोलॉजिकल सर्जरी पर रामकृष्ण केयर में लाइव वर्कशॉप

रायपुर/नवप्रदेश। रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल, रायपुर बीते 3 दशकों से, मरीज़ों के सर्वोत्तम इलाज को साथ हेल्थकेयर एक्ससीलेंस की एक बेहतरीन मिसाल है, जो मध्य भारत के सबसे प्रतिष्ठित हॉस्पिटल्स की गिनती में आता है। यह हॉस्पिटल नवीनतम तकनीकों, ख़ास तौर से प्रशिक्षित डॉक्टर्स, नर्सेस और सपोर्ट स्टाफ की मौजूदगी में किफायती दरों पर उपलब्ध वर्ल्डक्लास डायग्नोसिस, ट्रीटमेंट और केयर के लिए जाना जाता है। यही नहीं यह हॉस्पिटल 300 से ज़्यादा रोबोटिक सर्जरी की उपब्धि के साथ रोबोटिक सर्जरी के क्षेत्र में मध्य भारत में सबसे आगे है। इसी कड़ी में रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल के गायनेकोलॉजी डिपार्टमेंट व मिनिमल एक्सेस सर्जरी डिपार्टमेंट ने एजुकेशनल एक्टिविटी के रूप में शनिवार, 25 जनवरी को रोबोटिक गायनेकोलॉजिकल सर्जरी पर एक लाइव वर्कशॉप का आयोजन किया। इसमें शहर के जाने-माने गायनेकोलॉजिस्ट्स के साथकरीब 100 गायनेकोलॉजिस्ट्स ने हिस्सा लिया। इस वर्कशॉप का संचालन रोबोटिक सर्जन डॉ. संदीप दवे के नेतृत्व में गायनेकोजिस्ट्स डॉ. सुबुही नकवी व डॉ. चेतना रमानी के साथ लेप्रोस्कोपिक सर्जन्स डॉ. जव्वाद नकवी, डॉ. सिद्धार्थ तामस्कर और डॉ. विक्रम शर्मा ने किया। रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. संदीप दवे ने बताया कि वर्तमान समय में मेडिकल ट्रीटमेंट और केयर के लिहाज से रोबोटिक गायनेकोलॉजिकल सर्जरी सबसे क्रिटिकल सर्जरीज़ की गिनती में आती है। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले समय में रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल इस तरह के लाइव वर्कशॉप्स समय-समय पर आयोजित कराता रहेगा ताकि मेडिकल स्टूडेंट्स और गायनेकोलॉजिस्ट्स को इसका लाभ मिलता।

ओवर हेड टैंक की सील्ट सफाई सुबह की नियमित जल आपूर्ति पश्चात की गयी

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर के जल कार्य विभाग द्वारा कबीर नगर के 3200 किलोलीटर क्षमता के ओवर हेड टैंक की सील्ट सफाई का कार्य करवाया गया है। कबीर नगर ओवर हेडटैंक में सुबह की नियमित जलापूर्ति के पश्चात सील्ट सफाई के साथ - साथ कैमिकल ट्रीटमेंट, सभी चैंबरों की सफाई एवं पेंटिंग का आवश्यक कार्य किया गया। इस कार्य के लिए एजेंसी सतगुरु को ओवर हेड टैंक की सील्ट सफाई हेतु नगर निगम जल कार्य विभाग द्वारा अनुबंधित किया गया है। कबीर नगर ओवर हेड टैंक में सील्ट की सफाई का कार्य अनुबंधित एजेंसी के माध्यम से आज सुबह 9 बजे प्रारम्भ कर दोपहर 2 बजे तक पूर्ण कर लिया गया।

महाराष्ट्र मंडल के भूतपूर्व उपाध्यक्ष राजेंद्र शेष का अकास्मिक निधन

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल के भूतपूर्व उपाध्यक्ष 69 वर्षीय राजेंद्र रामकृष्ण शेष (राजू भैया) का शुक्रवार दोपहर निधन हो गया। वे प्रकाश, प्रदीप व श्याम शेष के भाई थे। उनका अंतिम संस्कार शनिवार, 25 जनवरी को मारवाड़ी श्मशान घाट में किया गया। चौबे कॉलोनी स्थित महाराष्ट्र मंडल में अध्यक्ष अजय काले के साथ कार्यकारिणी सदस्यों व सभासदों ने उन्हें मौन श्रद्धांजलि अर्पित की।

टीम प्रहरी ने मरीन ड्राइव को अभियान चलाकर किया अतिक्रमण मुक्त

रायपुर/नवप्रदेश। लगातार चैथे दिन रायपुर जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक डॉक्टर गौरव सिंह के आदेशानुसार एवं नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर लाल उम्मेद सिंह के निर्देशानुसार रायपुर जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में रायपुर नगर पालिक निगम और जिला पुलिस प्रशासन, यातायात विभाग द्वारा संयुक्त अभियान राजधानी शहर रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न मुख्य मार्गो एवं बाजार क्षेत्रों में जनहित में जनसुविधा हेतु नागरिकों को सुगम आवागमन उपलब्ध करवाने, शिक्षण संस्थाओं के पास नशे के सामानों का विक्रय किये जाने पर नियमानुसार कड़ी कार्यवाही करने एवं कतिपय असामाजिक गतिविधियों पर नगर हित में प्रक्रिया के अंतर्गत नियमानुकूल कड़ाई के साथ कारगर अंकुश लगाने को दृष्टिगत रखकर अभियान जारी रखा गया है। आज इस क्रम में जनहित में जनसुविधा हेतु नगर वासियों को सुगम यातायात देने अभियान लगातार चैथे दिन डीएसपी सतीश ठाकुर, रायपुर नगर पालिक निगम के नगर निवेशक आभाष मिश्रा, जोन 3 जोन कमिश्नर विवेकानंद दुबे, कार्यपालन अभियंता सुशील मोडेस्टस , सहायक अभियंता नरेश साहू , सहायक अभियंता नगर निवेश विभाग आशुतोष सिंह, जोन 3 नगर निवेश विभाग उप अभियंता अक्षय भारद्वाज, रंजीत बारवा सहित नगर निगम मुख्यालय नगर निवेश विभाग और जोन 3 नगर निवेश विभाग के अन्य सम्बंधित कर्मचारियों की उपस्थिति में चलाया गया. राजधानी शहर रायपुर में तेलीबाँधा तालाब मरीन ड्राइव क्षेत्र को अभियान चलाकर नगर निगम मुख्यालय के नगर निवेश विभाग के उड़न दस्ता की टीम और नगर निगम जोन 3 नगर निवेश विभाग की टीम ने रायपुर जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में जिला पुलिस प्रशासन एवं यातायात विभाग के सहयोग से अतिक्रमण से मुक्त करवाया. इस दौरान लगभग 20 से अधिक स्थानों पर अतिक्रमण तेलीबाँधा तालाब मरीन ड्राइव क्षेत्र से हटाए गए और नागरिकों को सुगम यातायात सुगम देने हेतु त्वरित कार्यवाही करते हुए राहत दिलवाई गयी।

नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन हेतु यामिनी पांडेय गुप्ता होंगी प्रेक्षक

कोरिया/नवप्रदेश। नगर पंचायत पटना एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के अंतर्गत नियुक्त प्रेक्षक यामिनी पाण्डेय, गुप्ता का आगमन 29 जनवरी 2025 को निर्धारित है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने जानकारी दी है कि प्रेक्षक को रुकने की व्यवस्था विश्राम भवन, बैकुंठपुर में की गई है। प्रेक्षक के निर्वाचन क्षेत्र में भ्रमण और निरीक्षण के दौरान जनपद पंचायत, बैकुंठपुर में पदस्थ उप अभियंता रमोद चौधरी को लाइजनिंग अधिकारी नियुक्त किया गया है।

भाजपा के अधिकृत अध्यक्ष और 15 पार्षद पद प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया

कुरूद/नवप्रदेश। हमने बनाया है, हम ही संवारेंगे÷ के विचार को आत्मसात करते हुए भाजपा के अधिकृत अध्यक्ष और 15 पार्षद पद प्रत्याशियों ने विधायक अजय चन्द्राकर के नेतृत्व में निर्वाचन अधिकारी के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया। इससे पहले सभी प्रत्याशी और कार्यकर्ता बजरंग मंदिर और चंडी मंदिर में पूजा-अर्चना कर जीत के लिए आशीर्वाद लेने पहुंचे। इसके बाद बाजे-गाजे, राउत नाचा और पंथी नृत्य के साथ भव्य रैली निकाली गई, जो नगर के मुख्य मार्गों से होकर एसडीएम कार्यालय तक पहुंची। अध्यक्ष पद की प्रत्याशी ज्योति भानु चन्द्राकर ने पूरे मार्ग में नगरवासियों से आशीर्वाद लिया, उन्होंने कहा की हम इस चुनाव में पिछले 5 सालो के कांग्रेस के जंगलराज को समाप्त करेंगे और पिछले 20 सालो के भाजपा के कार्यो के आधार परके सहयोग मांगने जनता के बिच जाएँगे, कुरूद क्षेत्र के विकास पुरुष माननीय अजय चंद्राकर के नेतृत्व में भाजपा यह चुनाव लड़ने और जितने जा रही है।

आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने सोनडोंगरी में निर्माणाधीन श्वान आश्रय केन्द्र की प्रगति का निरीक्षण किया

■ जोन 8 क्षेत्र की रिक्त शासकीय भूमियों को देखा एवं दिए आवश्यक निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। आज रायपुर जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक डॉक्टर गौरव सिंह के निर्देश पर नगर निगम रायपुर के आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा ने नगर निगम जोन क्रमांक 8 के क्षेत्र सोनडोंगरी में नगर निगम द्वारा निर्माणाधीन श्वान आश्रय केन्द्र के निर्माण कार्यों की प्रगति का प्रत्यक्ष अवलोकन निगम अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर, जोन 8 जोन कमिश्नर ए. के. हालदार, कार्यपालन अभियंता श्री अभिषेक गुप्ता, सहायक अभियंता सैय्यद जोहेब एवं अन्य सम्बंधित अधिकारियों की उपस्थिति में किया। श्वानों आश्रय केन्द्र में बीमार एवं दुर्घटनाग्रस्त 60 श्वानों को रखने की एवं डे केयर सम्बंधित पूर्व प्रस्तावित कार्य के तहत 10 श्वानों को एनजीओ के सहयोग से सुरक्षा एवं समुचित देखभाल हेतु रखे जाने की व्यवस्था दी जा रही है, जो श्वान पालतू होंगे एवं उनके मालिक रायपुर से बाहर कुछ दिन जाने हेतु अपने पालतू श्वानों को देखभाल हेतु श्वान आश्रय केन्द्र में उसके प्रारम्भ होने के पश्चात छोड़ सकेंगे, यह कार्य नगर निगम रायपुर द्वारा एनजीओ के माध्यम से किया जाना पूर्व प्रस्तावित है। श्वान आश्रय केन्द्र सोनडोंगरी में इस व्यवस्था को देने 70 कैनल बनाये जा रहे हैं। पशु चिकित्सकों हेतु ऑपरेशन थिएटर, चेम्बर रूम आदि सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही है।

ध्वाजारोहण कार्यक्रम | राष्ट्रगान एवं भारत माता का किया गया जयघोष

76वां गणतंत्र दिवस के अवसर पर चेम्बर कार्यालय में ध्वजारोहण किया गया

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव,राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने जानकारी दी कि 76वां गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर राष्ट्रीय ध्वजारोहण कार्यक्रम छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज कार्यालय चै.देवीलाल व्यापार उद्योग भवन, बाम्बे मार्केट, रायपुर में रविवार, 26 जनवरी, 2025 को प्रातः 9.30 बजे ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम के पूर्व सर्वप्रथम पूजा अर्चना कर भारत माता एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की तस्वीर में माल्यार्पण, गुलाल व पुष्प अर्पित किया गया। चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्री अमर पारवानी के द्वारा प्रातः ठीक 9.30 बजे ध्वजारोहण किया गया । ध्वजारोहण के पश्चात् राष्ट्रगान एवं भारत माता का जयघोष किया गया एवं सभी पदाधिकारियों, व्यापारी एवं उद्योगपति बंधुओं को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी। इस अवसर पर चेम्बर सलाहकार -जितेन्द्र दोशी, परमानंद जैन (गणेश सायकल), सरिन्दर सिंह, परमानंद जैन (राईस मिल), प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष-राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, उपाध्यक्ष- नरेन्द्र हरचंदानी, मनोज जैन, पवन वाधवा, महेश प्रसाद राय, संगठन मंत्री-महेन्द्र कुमार बागरोड़िया, मंत्री-शंकर बजाज, नीलेश मूंधड़ा, जितेन्द्र गोलछा जैन, लोकेश साहू, राकेश (जनक वाधवानी), दिलीप इसरानी, जयराम कुकरेजा, जवाहर थौरानी, टेक्नीकल टीम सदस्य-मुकेश मोटवानी, पूर्व कोषाध्यक्ष प्रकाश अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य-सतीश श्रीवास्तव, मोहन वल्र्यानी, छत्तीसगढ़ पान व्यापारी संघ के अध्यक्ष दिलीप पंसारी, छत्तीसगढ़ प्लास्टिक निर्माता एवं विक्रेता संघ के अध्यक्ष जीवत बजाज, युवा चेम्बर महामंत्री कांति पटेल, महिला चेम्बर अध्यक्ष मधु अरोरा, कांता धीमान, ट्रांसपोर्ट चेम्बर अध्यक्ष अमरीक सिंह, कोषाध्यक्ष राकेश अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में व्यापारी, उद्योगपति प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

गणतंत्र दिवस को संविधान दिवस के रूप में मनाया गया

भटगांव/नवप्रदेश। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के पर्व पर ग्रामीण क्षेत्र से लेकर नगर जिला तक में जगह-जगह बड़े शान से लहराया राष्ट्रीय तिरंगा झंडा आपको बता दे कि भारतवर्ष में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस एक संविधान पर्व के रूप में तथा देश के लिए बलिदान दिए जवानों के लिए महापुरुषों को याद करने के पर्व के रूप में मनाया जाता है इस पर्व में शासकीय अर्थशास्त्र की कार्यालय कार्यालयों में तथा नगर के प्रमुख चौक चौराहा चौराहा में नगर वासी जनप्रतिनिधि के माध्यम से तिरंगा झंडा फहराया गया है कड़ी में ग्राम पंचायत गेड़ापाली के प्राथमिक शाला तथा ग्राम पंचायत कार्यालय शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय तिरंगा झंडा फहराया गया तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूली छात्र छात्राओं द्वारा स्कूलों में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया प्रभात फेरी निकाल कर गली मोहल्ले में जय जवान जय किसान भारत माता की जय महात्मा गांधी की जय सुभाष चंद्र बोस की जय जैसे नारे लगाते रहे।

न्यूज गैलरी

सेंसेक्स 535 अंक चढ़ा, निफ्टी 22950 के पार

नई दिल्ली। तीस शेयरों वाला सेंसेक्स 535.24 अंक या 0.71 प्रतिशत चढ़कर 75,901.41 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 1,146.79 अंक या 1.52 प्रतिशत चढ़कर 76,512.96 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। बेंचमार्क शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में लगातार दो दिनों की भारी गिरावट के बाद मंगलवार को बढ़त दिखी। बैंकिंग और ब्याज दरों के प्रति संवेदनशील शेयरों में खरीदारी के कारण बाजार में यह रिकवरी दिखी। आरबीआई ने वित्तीय प्रणाली में नकदी डालने का फैसला किया है, इससे बाजार को मदद मिली। तीस शेयरों वाला सेंसेक्स 535.24 अंक या 0.71 प्रतिशत चढ़कर 75,901.41 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 1,146.79 अंक या 1.52 प्रतिशत चढ़कर 76,512.96 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 128.10 अंक या 0.56 प्रतिशत बढ़कर 22,957.25 पर बंद हुआ। इंट्राडे सत्र में 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 308.8 अंक या 1.35 प्रतिशत चढ़कर 23,137.95 पर पहुंच गया। सेंसेक्स के शेयरों में बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक, बजाज फिनसर्व, एचडीएफसी बैंक, टाटा मोटर्स, टाटा स्टील, आईसीआईसीआई बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, जोमैटो, इंडसइंड बैंक, मारुति सुजुकी इंडिया और भारती एयरटेल प्रमुख लाभ में रहे।

वित्त मंत्री निर्मला की नई टीम तैयार कर रही देश का बजट

निई दिल्ली। आर्थिक मामलों के सचिव और मुख्य आर्थिक सलाहकार के अलावा अधिकारियों की पूरी एक नई टीम सीतारमण को आगामी बजट की रणनीति तैयार करने में मदद कर रही है। यहां हम आपको उन अधिकारियों के बारे में बता रहे हैं जो बजट बनाने की प्रक्रिया से करीब से जुड़े हैं। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार 3.0 का बजट 1 फरवरी को लोकसभा में पेश होने जा रहा है। मोदी सरकार के 2014 में सत्ता पर काबिज होने के बाद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी शनिवार को मोदी सरकार का 14वां बजट पेश करेगी। 2024 में पिछले साल जुलाई में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार बनने के बाद यह इस सरकार का पहला पूर्ण बजट होगा। आर्थिक मामलों के सचिव और मुख्य आर्थिक सलाहकार के अलावा अधिकारियों की पूरी एक नई टीम सीतारमण को आगामी बजट की रणनीति तैयार करने में मदद कर रही है। यहां हम आपको उन अधिकारियों के बारे में बता रहे हैं जो बजट बनाने की प्रक्रिया से करीब से जुड़े हैं। सीतारमण देश की पहली ऐसी वित्त मंत्री होगी, जो एक अंतरिम बजट सहित लगातार आठवां बजट पेश करेंगी। इससे पहले बतौर वित्त मंत्री मनमोहन सिंह, अरुण जेटली, पी चिदंबरम और यशवंत सिन्हा लगातार 5 बजट पेश कर चुके है। सीतारमण ने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र की पढ़ाई की है। मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में वह वाणिज्य व रक्षा मंत्रालय संभाल चुकी हैं। सीतारमण कर्नाटक से राज्य सभा सदस्य हैं। निर्मला सीतारमण ऐसे समय 2025-26 का बजट पेश करने जा रही जब वैश्विक अनिश्चितता बढ़ रही है, घरेलू मांग में सुस्ती है और निजी निवेश को अभी गति पकड़नी है। उम्मीद की जा रही है कि इस बजट में वित्त मंत्री मध्यम वर्ग को टैक्स में कुछ राहत देगी।

पेटीएम पेमेंट सर्विस के सीईओ नकुल जैन ने दिया इस्तीफा

नई दिल्ली। पेटीएम पेमेंट सर्विसेज लिमिटेड के सीईओ नकुल जैन ने इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपने खुद के कारोबारी सफर की शुरुआत के लिए पद छोड़ा है। स्टॉक एक्सचेंज की फाइलिंग में कंपनी ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। पेटीएम पेमेंट सर्विसेज लिमिटेड के सीईओ नकुल जैन ने इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपने खुद के कारोबारी सफर की शुरुआत के लिए पद छोड़ा है। स्टॉक एक्सचेंज की फाइलिंग में कंपनी ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। कंपनी ने कहा है, हम उनके योग्य विकल्प की तलाश कर रहे हैं, और नए नाम की घोषणा जल्द ही करेंगे। इस बीच, पीपीएसएल अपने विकास को आगे बढ़ाने और अपने व्यावसायिक उद्देश्यों को पूरा करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

नए फीचर्स से लैस यह अपडेटेड एक्टिवा ग्राहकों की बदलती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन किया गया

होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने लॉन्च किया नया 2025

रायपुर/नवप्रदेश। होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (HMSI) ने आज भारतके सबसे लोकप्रिय स्कूटर एक्टिवा का नया OBDwB-अनुपालन संस्करण लॉन्च किया, जो तकनीक, सुविधा और स्थिरता के अगले स्तरतक पहुंचाता है। नए फीचर्स से लैस यह अपडेटेड एक्टिवा ग्राहकों कीबदलती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन किया गया है। नई 2025 होंडा एक्टिवा की कीमतें 80,950 रुपये (एक्स-शोरूम दिल्ली) से शुरू होती हैं। नए एक्टिवा को पेश करते हुए होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया केप्रबंध निदेशक, प्रेजिडेंट एंड सीईओ, श्री त्सुत्सुमु ओटानी ने कहा, एक्टिवा हमेशा से भारतीय ग्राहकों के लिए मोबिलिटी को फिर सेपरिभाषित करने में अग्रणी रहा है। अपने नवीनतम 2025 संस्करण केसाथ, यह नवाचार, सुविधा और विश्वसनीयता का आदर्श मिश्रण बनाहुआ है, जिसने इसे भारत का सबसे पसंदीदा स्कूटर बनाया है। TFT डिस्प्ले के साथ ब्लूटूथ कनेक्टिविटी और OBD2B-अनुपालन इंजन कासमावेश तकनीक और स्थिरता के मामले में आगे रहने की हमारीप्रतिबद्धता को दर्शाता है। हमें विश्वास है कि नया एक्टिवा न केवल हमारेग्राहकों के राइडिंग अनुभव को बेहतर बनाएगा बल्कि भारतीय स्कूटरबाजार में होंडा की अग्रणी स्थिति को और मजबूत करेगा। नए एक्टिवा को पेश करते हुए होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया केडायरेक्टर सेल्स एंड मार्केटिंग, श्री योगेश माथुर ने कहा, एक्टिवा सिर्फएक स्कूटर नहीं है, यह भारत भर में करोड़ों परिवारों का एक विश्वसनीयसाथी है और अपने टैगलाइन स्कूटर बोले तो एक्टिवा के प्रति सच्चा है। नया 2025 एक्टिवा स्मार्ट फीचर्स जैसे 4.2

इंच का ञ्जस्नञ्ज डिस्प्ले, ब्लूटूथकनेक्टिविटी और नेविगेशन, आइडलिंग स्टॉप सिस्टम और SB -C चार्जिंग पोर्ट के साथ ग्राहकों की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिएतैयार है। भारत का पसंदीदा स्कूटर होने के नाते, एक्टिवा हमेशा सुविधाऔर विश्वसनीयता का प्रतीक रहा है। OBD2B मॉडल के लॉन्च के साथ, हम एक स्वच्छ भविष्य की ओर एक और कदम बढ़ाते हुए बेहद खुश हैं।

नया एक्टिवा- नए रंग और एडवांस्ड फीचर्स

अपडेटेड एक्टिवा में कई यांत्रिक सुधार किए गए हैं, जो आने वाले नियमोंका पालन करने और ग्राहकों के राइडिंग अनुभव को बेहतर बनाने के लिएडिज़ाइन किए गए हैं। इसमें 109.51CC, सिंगल-सिलेंडर PGM-Fi इंजनहै, जो अब OBDwB-अनुपालन है। यह इंजन 8,000 RPM पर 5.88 kW की पावर और 5,500 RPM पर 9.05 Nm का टॉर्क देता है। साथ हीइसमें ईंधन दक्षता बढ़ाने के लिए आइडलिंग स्टॉप सिस्टम भी है। फीचर्स की बात करें तो एक्टिवा में नया 4.2 इंच का TFT डिस्प्ले है, जिसमें ब्लूटूथ कनेक्टिविटी है। यह होंडा रोडसिंक ऐप के साथ संगत है।

राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमतों में लगातार आठवें कारोबारी सत्र में तेजी जारी रही

सोने की कीमतों में बढ़त बरकरार पहली बार 83 हजार रुपये के पार

नई दिल्ली। वैश्विक बाजार की अनिश्चितताओं के बीच जोरदार लिवाली के बीच शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमतों में लगातार आठवें कारोबारी सत्र में तेजी जारी रही। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाली बहुमूल्य धातु 200 रुपए बढ़कर 83,100 रुपए प्रति 10 ग्राम के नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई। शुक्रवार को चांदी 500 रुपये बढ़कर 94,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। वैश्विक बाजार की अनिश्चितताओं के बीच जोरदार लिवाली के बीच शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमतों में लगातार आठवें कारोबारी सत्र में तेजी जारी रही और यह 200 रुपये की तेजी के साथ पहली बार 83,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के मनोवैज्ञानिक स्तर को पार कर गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाली बहुमूल्य धातु 200 रुपए बढ़कर 83,100 रुपए प्रति 10 ग्राम

के नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई। गुरुवार को यह 82,900 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के कमोडिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, शुक्रवार को सोने में बढ़त जारी रही और घरेलू बाजार में हाजिर सोना नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। गांधी ने कहा कि सोने में मौजूदा तेजी अमेरिका में संभावित टैरिफ योजना और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अन्य नीतियों के बारे में अनिश्चितता के कारण है, जिसके कारण हाल ही में सुरक्षित निवेश में तेजी आई है। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाली पीली धातु भी 200 रुपए बढ़कर 82,700 रुपए प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई, जबकि पिछले बंद भाव 82,500 रुपए प्रति 10 ग्राम था। इसके अलावा, शुक्रवार को चांदी 500 रुपये बढ़कर 94,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। पिछले कारोबारी सत्र में यह सफेद धातु 93,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एमसीएक्स पर फरवरी डिलीवरी वाले सोने के वायदा कारोबार में वायदा भाव 334 रुपये या 0.42 प्रतिशत बढ़कर 79,960 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। पीली धातु इंट्राडे में 424 रुपये या 0.53 प्रतिशत उछलकर 80,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड उच्च स्तर के करीब पहुंच गई थी। एक्सिस सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक (कमोडिटीज) देवेया गगलानी ने कहा, ÷एमसीएक्स में कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई के करीब हैं, क्योंकि ट्रम्प की व्यापार नीतियों और टैरिफ योजनाओं ने बाजार में अनिश्चित माहौल पैदा कर दिया है, जिससे सुरक्षित निवेश की मांग बढ़ सकती है। वायदा सूचकांक पर कीमती धातु 30 अक्टूबर 2024 को 80,282 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गई थी। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर मार्च डिलीवरी चांदी वायदा भाव 835 रुपये या 0.92 प्रतिशत बढ़कर 91,984 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया।

डीपसीक का झटका एनवीडिया को पड़ा भारी

पहली बार किसी कंपनी को एक दिन में हुआ नुकसान

नई दिल्ली। चीन के एआई डेवलपर डीपसीक के वैश्विक शेयर बाजार में एक बड़ा भूचाल आ गया है। इसके असर से, दुनिया के 500 सबसे अमीर लोगों ने सोमवार को कुल 108 अरब डॉलर का नुकसान झेला। इसमें एनवीडिया के को-फाउंडर जेनसन हुआंग का नाम भी शामिल है। चीन के एआई डेवलपर डीपसीक के वैश्विक शेयर बाजार में एक बड़ा भूचाल आ गया है। इसके असर से, दुनिया के 500 सबसे अमीर लोगों ने सोमवार को कुल 108 अरब डॉलर का नुकसान झेला। इसमें एनवीडिया के को-फाउंडर जेनसन हुआंग का नाम भी शामिल है। कम लागत वाले चीन के एआई मॉडल डीपसीक ने निवेशकों की चिंता बढ़ा दी है। इस चिंता के कारण दुनिया भर के निवेशकों ने सोमवार को टेक कंपनियों के शेयरों में भारी बिकवाली की। इसके असर से टेक शेयरों पर आधारित इंडेक्स नेस्डैक 3.1प्रतिशत गिर गया। चिप बनाने वाली कंपनी एनवीडिया को इसका सबसे बड़ा नुकसान झेलना पड़ा। कंपनी के शेयर 17त्न तक टूट गए और कंपनी का मार्केट कैप एक ही दिन में 593 अरब डॉलर कम हो गया। सोमवार के कारोबारी सत्र में एनवीडिया के शेयरों का भाव 141 अमरीकी डॉलर प्रति शेयर से 17 प्रतिशत गिरकर 118.5 अमरीकी डालर प्रति शेयर पर पहुंच गया। इससे कंपनी के सीईओ और सबसे बड़े व्यक्तिगत शेयरधारक जेन्सेन हुआंग की संपत्ति भी करीब 20.8 अरब डॉलर कम हो गई। फोर्ब्स के अनुसार, हुआंग की संपत्ति 124.4 बिलियन अमरीकी डालर से गिरकर 103.7 बिलियन अमरीकी डॉलर हो गई। इन्वेंचर ग्रोथ एंड सिक्योरिटीज ने इस मंदी के लिए डीपसीक एआई से बढ़ती प्रतिस्पर्धा की आशंका को जिम्मेदार ठहराया है। बाजार के विश्लेषकों को लगता है कि डीपसीक एआई से बढ़ती प्रतिस्पर्धा के डर से निवेशकों ने बड़ी बिकवाली की है। डीपसेक लागत कुशल और कम परिष्कृत चिप्स का उपयोग कर उन्नत एआई मॉडल बनाने का दावा करता है। डीपसीक के उभरने से एआई के क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा अपने चरम पर पहुंच गई है।

इंफोसिस के सह-संस्थापक क्रिस गोपालकृष्णन समेत 18 पर केस दर्ज

दिल्ली। इंफोसिस के सह-संस्थापक सेनापति क्रिस गोपालकृष्णन, आईआईएससी के पूर्व निदेशक बलराम और 16 अन्य के खिलाफ सोमवार को एससी/एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। 71वें शहर के सिविल और सत्र न्यायालय (सीसीएच) के निर्देश पर सदाशिव नगर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया। शिकायतकर्ता दुर्गाप्पा आदिवासी बोवी समुदाय से हैं। वे भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी) में सतत प्रौद्योगिकी केंद्र में संकाय सदस्य थे। उन्होंने दावा किया कि 2014 में उन्हें हनी ट्रैप मामले में झूठा फंसाया गया और बाद में सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। उन्होंने आगे आरोप लगाया कि उन्हें गाली और धमकियां दी गईं। मामले में आरोपी अन्य व्यक्तियों में गोविंदन रंगराजन, श्रीधर वारियर, संध्या विश्वेश्वरैह, हरि केवीएस, दासप्पा, बलराम पी, हेमलता मिशी, चट्टोपाध्याय के, प्रदीप डी सावकर और मनोहरन शामिल हैं। ईंधन की रिकॉर्ड बिक्री के बावजूद पेट्रोलियम कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन का शुद्ध मुनाफा चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 64 फीसदी घटकर 2,873.53 करोड़ रुपये रह गया। मामले में आईओसी के निदेशक (वित्त) अनुज जैन ने सोमवार को कहा, भंडार और विदेशी मुद्रा विनिमय में हुए नुकसान की वजह से लाभ में गिरावट आई है। कंपनी को तीसरी तिमाही में भंडारण पर 7,800 करोड़ का नुकसान हुआ। वहीं, विदेशी मुद्रा विनिमय के चलते 1,900 करोड़ रुपये का घाटा हुआ। कोल इंडिया का तीसरी तिमाही में मुनाफा 17 फीसदी बढ़कर 8,491 करोड़ रुपये पहुंच गया।कुल बिक्री घटकर 32,359 करोड़ रही।कुल खर्च बढ़कर 26,201 करोड़ पर पहुंच गया।

भारत-अमेरिका संबंधों पर माइक्रोसॉफ्ट सीईओ नडेला का बड़ा बयान

वॉशिंगटन। गणतंत्र दिवस समारोह में माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्या नडेला ने कहा कि वे दोनों देशों भारत और अमेरिका के बीच मौजूद संबंध की देन हैं। उन्होंने दोनों देशों के नेतृत्व, शिक्षा परिणामों, स्वास्थ्य परिणामों, सार्वजनिक सेवा दक्षता, प्रतिस्पर्धात्मकता और छोटे व्यवसायों की उत्पादकता को बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करने के तरीके को लेकर हो रही पहल को भी सराहा। माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्या नडेला ने खुद को भारत और अमेरिका के संबंधों की देन बताया है। नडेला ने अमेरिका के सिएटल में भारतीय दूतावास की ओर से आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में यह बात कही। उन्होंने समारोह में भारतीय समुदाय के योगदान की सराहना की। बेल हार्बर कॉन्फ्रेंस सेंटर में भारतीय महावाणिज्य दूतावास की ओर से आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में वॉशिंगटन के गवर्नर बॉब फर्ग्यूसन और नडेला मुख्य अतिथि थे। नडेला ने समारोह में कहा कि वे दोनों देशों भारत और अमेरिका के बीच मौजूद संबंध की देन हैं। उन्होंने दोनों देशों के नेतृत्व, शिक्षा परिणामों, स्वास्थ्य परिणामों, सार्वजनिक सेवा दक्षता, प्रतिस्पर्धात्मकता और छोटे व्यवसायों की उत्पादकता को बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करने के तरीके पर ध्यान केंद्रित करने को लेकर हो रही पहल को भी सराहा। वॉशिंगटन राज्य के नवनिर्वाचित 24वें गवर्नर फर्ग्यूसन ने कहा कि भारतीय समाज न केवल भारत बल्कि पूरे विश्व के लिए अविश्वसनीय योगदान देता है। वह सिएटल स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास के साथ संबंधों

को और बेहतर बनाने के लिए तत्पर हैं। वहीं ओलंपिया में वॉशिंगटन राज्य सीनेट ने भारत और अमेरिका के लोगों के बीच मजबूत मित्रता का स्वागत करने का प्रस्ताव पारित किया। इस प्रस्ताव को राज्य सीनेटर मनका ढींगरा ने पेश किया और सीनेटर वंदना स्लेटर ने समर्थन किया। गणतंत्र दिवस स्वागत समारोह में कई शीर्ष सरकारी अधिकारियों, सांसदों और दस शहरों के महापौरों सहित कई प्रतिष्ठित लोगों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम में भारतीय-अमेरिकी समुदाय के 500 से अधिक लोग शामिल हुए। इसमें अमेरिकी कांग्रेस के प्रतिनिधि सुजान डेलबेने, प्रतिनिधि एडम स्मिथ, प्रतिनिधि माइकल बाउमगार्टनर और प्रतिनिधि किम श्रियर शामिल थे। इसके अलावा वॉशिंगटन राज्य के अटॉर्नी जनरल निक ब्राउन, राज्य सचिव स्टीव हॉब्स समेत वाशिंगटन राज्य के कई सीनेटर और प्रतिनिधि भी कार्यक्रम का हिस्सा बने। समारोह में भारत की सांस्कृतिक विविधता को दिखाने वाली प्रदर्शनी लगाई गई। इसमें एक जिला, एक उत्पाद (ओडीओपी) भी शामिल था। इसमें भारत के प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश से एक अद्वितीय सांस्कृतिक विरासत उत्पाद को प्रदर्शित किया गया। साथ ही टिम की नजर से भारत विषय पर फोटो प्रदर्शनी लगाई गई।

कोहली ने रणजी में दिल्ली की कप्तानी से किया इनकार

स्पोर्ट्स डेस्क। दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ ने रेलवे के खिलाफ आगामी मैच में दिल्ली रणजी टीम की कप्तानी करने के लिए विराट कोहली से संपर्क किया है। हालांकि, के एक सूत्र के अनुसार, स्टार बैटर ने इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया। हमने विराट से पूछा कि क्या वह रेलवे के खिलाफ मैच के लिए कप्तानी करने को तैयार हैं। हालांकि, उन्होंने यह कहते हुए मना कर दिया कि आयुष बडोनी को ही कप्तानी जारी रखने दें, मैं नेतृत्व नहीं करना चाहता। भारतीय बैटर विराट कोहली रणजी ट्रॉफी के अगले राउंड में खेलने के लिए आज सुबह दिल्ली पहुंचे। उन्होंने आज दिल्ली की रणजी टीम के साथ अरुण जेटली स्टेडियम में प्रैक्टिस की। कोहली 2012 के बाद पहली बार रणजी ट्रॉफी खेलेंगे। वे 30 जनवरी से रेलवे के खिलाफ खेलेंगे। दिल्ली के कोच सरनदीप सिंह ने पुष्टि की है कि कोहली टीम में शामिल होंगे। कोहली ने गर्दन की चोट की वजह से

दिल्ली के पिछले मैच से बाहर रहने का फैसला किया था। रेलवे के खिलाफ पंत नहीं खेलेंगे रेलवे के खिलाफ दिल्ली के अगले ग्रुप मैच के लिए ऋषभ पंत टीम का हिस्सा नहीं ले रही हैं। पंत ने सौराष्ट्र के खिलाफ पिछला मैच खेला था, जिसमें वह सिर्फ 1 और 17 रन बना सके थे। कर्नाटक टीम में राहुल का नाम केएल राहुल को हरियाणा के खिलाफ मुकाबले के लिए कर्नाटक की टीम में शामिल किया गया है। राहुल कोहनी की चोट के कारण पंजाब के खिलाफ पिछले मैच में नहीं खेल पाए थे। क्रिकइंफो के मुताबिक, उन्हें ख्रष्टष्ठ्र के मेडिकल पैनल ने इस मैच में खेलने की मंजूरी दे दी है। राहुल ने अपना आखिरी रणजी मैच 2019-20 में खेला था। तब कर्नाटक की टीम कोलकाता के ईडन गार्डन्स में बंगाल के खिलाफ सेमीफाइनल मैच खेली थी। जडेजा सौराष्ट्र के लिए खेलेंगे भारतीय ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा राजकोट में असम के खिलाफ सौराष्ट्र के लिए खेलेंगे। उन्होंने पिछले दौर में दिल्ली के खिलाफ सौराष्ट्र की जीत में 12 विकेट लिए थे। इस मैच में रियान पराग भी खेलेंगे, जिन्हें कंधे की चोट से उबरने के बाद खेलने के लिए फिट घोषित किया गया है। वे सौराष्ट्र के खिलाफ असम की अगुआई करेंगे। रवींद्र जडेजा ने पिछले मैच में दिल्ली के खिलाफ 12 विकेट झटके थे। उन्होंने पहली पारी में 5 और दूसरी पारी में 7 विकेट लिए।रवींद्र जडेजा ने पिछले मैच में दिल्ली के खिलाफ 12 विकेट झटके थे। उन्होंने पहली पारी में 5 और दूसरी पारी में 7 विकेट लिए।हैदराबाद के लिए खेलते नजर आएंगे सिराज भारतीय पेसर मोहम्मद सिराज अगले राउंड में विदर्भ के खिलाफ हैदराबाद के लिए खेलेंगे। सिराज ने आखिरी बार रणजी ट्रॉफी मुकाबला फरवरी 2020 में विदर्भ के खिलाफ ही खेला था। विदर्भ ग्रुप-बी की टेबल-टॉपर है। जबकि हैदराबाद दो जीत, दो हार और दो ड्रॉ के साथ चौथे स्थान पर है। सिराज ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 में सभी पांच टेस्ट खेले, जहां वे दूसरे सबसे ज्यादा 157.1 ओवर फेंके, उनसे आगे केवल पैट

बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 32 विकेट लिए; मंधाना ने तीसरी बार विमेंस वनडे प्लेयर का अवॉर्ड जीता

दुबई। दिसंबर 2024 में बुमराह की कप्तानी में टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया को पर्थ टेस्ट में 295 रन से टेस्ट हराया था। दिसंबर 2024 में बुमराह की कप्तानी में टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया को पर्थ टेस्ट में 295 रन से टेस्ट हराया था। भारतीय पेसर जसप्रीत बुमराह को ढ्ढष्टष्ट टेस्ट प्लेयर ऑफ द ईयर चुना गया है। इस रेस में इंग्लैंड के जो रूट, हैरी ब्रूक और श्रीलंका के कामिंडु मेंडिस भी थे। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने इसकी घोषणा सोमवार को की। बुमराह यह टाइटल पाने वाले पहले भारतीय तेज गेंदबाज हैं। उन्होंने पिछले साल 71 विकेट झटके थे। बुमराह के अलावा वनडे प्लेयर ऑफ द ईयर का अवॉर्ड अफगानिस्तान के अजमतुल्लाह को मिला। वहीं, विमेंस कैटेगरी में भारत की उपकप्तान स्मृति मंधाना वनडे प्लेयर ऑफ द ईयर बनीं। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ढ्ढष्टष्ट) हर साल टी-20, वनडे

और टेस्ट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को सम्मानित करता है। मंगलवार को क्रिकेटर ऑफ द ईयर का अवॉर्ड भी दिया जाएगा, बुमराह इसे जीतने की रेस में भी आगे हैं। 2024 के 13 टेस्ट में 71 विकेट झटके बुमराह ने साल 2024 में खेले 13 टेस्ट में 71 विकेट झटके। वे भारत के लिए एक कैलेंडर ईयर में 70 से ज्यादा विकेट लेने वाले चौथे गेंदबाज हैं। उनसे पहले रविचंद्रन अश्विन, अनिल कुंबले और कपिल देव ने यह कारनामा अपने नाम किया है। अब तक टेस्ट क्रिकेट के एक कैलेंडर ईयर में 17 बॉलर्स ने 70 से ज्यादा विकेट लिए हैं, लेकिन किसी का भी औसत बुमराह के 14.92 के बराबर नहीं रहा। ब्लज्ञ्ज में झटके थे 32 विकेट, प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे बुमराह ने जनवरी-2025 की शुरुआत में खत्म हुई बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 32 विकेट झटके थे। वे प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट भी चुने गए। बुमराह ने 2023 के आखिर में पीठ की चोट से उबरकर वापसी की थी। उन्होंने 2024 में 13 टेस्ट में 71 विकेट झटके थे। सीरीज के दौरान ही बुमराह ने 200 टेस्ट विकेट का आंकड़ा भी पार किया, वे ऐसा करने वाले 12वें भारतीय गेंदबाज बने थे।

न्यूज गैलरी

राज्यपाल डेका से नव नियुक्त सचिव डॉ. प्रसन्ना ने की भेंट

रायपुर /नवप्रदेश। राज्यपाल रमेन डेका ने राजभवन में राज्यपाल के नव नियुक्त सचिव डॉ. सी. आर प्रसन्ना ने भेंट की। राज्यपाल ने उन्हें नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं दीं। नव नियुक्त सचिव डॉ. सी. आर प्रसन्ना ने आज राजभवन में अपना कार्यभार ग्रहण किया। वे भारतीय प्रशासनिक सेवा के वर्ष 2006 बैच के अधिकारी हैं। उनके पास सहकारिता विभाग का भी कार्यभार है।

मुख्यमंत्री साय ने लाला लाजपत राय की जयंती पर किया नमन

रायपुर /नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंजाब केसरी लाला लाजपत राय की 28 जनवरी को जयंती पर उन्हें नमन किया है। मुख्यमंत्री

साय ने कहा कि लाला लाजपत राय जी का जीवन देश के लिए समर्पण, बलिदान और संघर्ष का प्रतीक है। उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और अंग्रेजी साम्राज्य के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की। मुख्यमंत्री साय ने लाला लाजपत राय जी के स्वतंत्रता संग्राम में अतुलनीय योगदान को याद करते हुए कहा कि लाला जी ने स्वाधीनता के लिए संघर्ष करते हुए अपने प्राणों की भी परवाह नहीं की। लाला जी ने कहा था 'मेरे शरीर पर पड़ी एक-एक लाठी ब्रिटिश सरकार के ताबूत में एक-एक कील का काम करेगी'। साय ने कहा कि लाला जी की कही बात सच साबित हुई और उनकी शहादत ने आजादी की लड़ाई को एक नई दिशा दी। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि लाला लाजपत राय का देश के लिए बलिदान हमें देश की उन्नति के लिए काम करने की सदैव प्रेरणा देते रहेगा।

तेलीबांधा में चायनीज मांझा बेचने वाले दो गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। मुखबीर से सूचना मिला कि जय भोले प्रोविजन गली नं. 7 तेलीबांधा का संचालक एवं ईश्वर गिफ्ट कार्नर गली नं. 5 सिंधी कालोनी तेलीबांधा का संचालक अपने दुकान में नायलोन व चायनीज मांझा रखा है और बेच रहा है। सूचना पर आरोपीगणो के कब्जे से कुल 22 नग नायलोन व चायनीज मांझा जप्त किया गया। आरोपियों के खिलाफ पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 की धारा 15 का उल्लंघन के तहत अपराध दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है।

जम्मू कश्मीर में अमन एवं शांति के लिए कार्य करें युवा : रमेन डेका

▸▸ राज्यपाल से छत्तीसगढ़ भ्रमण पर आए कश्मीर के युवाओं ने की मुलाकात

रायपुर /नवप्रदेश। जम्मू कश्मीर में उद्योग एवं व्यवसाय के क्षेत्र में अपार संभावनाएं है। युवा विभिन्न क्षेत्रों में स्टार्टअप के लिए आगे आएं लेकिन यह तभी सफल होगा जब यहां शांति होगी। कश्मीर के युवा, अमन एवं शांति के लिए कार्य करें और वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपने को साकार करने के लिए अपना योगदान दें। राज्यपाल रमेन डेका ने नेहरू युवा केन्द्र संगठन के 'युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम' के तहत छत्तीसगढ़ भ्रमण पर आए कश्मीर के युवाओं से रूबरू होकर उक्त बातें कहीं।

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय अंतर्गत नेहरू युवा केन्द्र संगठन एवं गृह मंत्रालय भारत सरकार के 'युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम' के तहत कश्मीर के 6 जिलों श्रीनगर, कुपवाड़ा, बारामुला, अनंतनाग, पुलवामा और बड़गांव के स्कूलों और महाविद्यालयों में अध्ययनरत 132 युवा, 6 दिनों के छत्तीसगढ़ भ्रमण पर गत 26 जनवरी को राजधानी रायपुर पहुंचे है। इस दौरान वे छत्तीसगढ़ विधानसभा सहित धमतरी जिले में गंगरेल बांध, एडवेंचर पार्क, यूथ क्लब आदि स्थानों में भ्रमण करेंगे। इसी कड़ी में वे राजभवन आए और राज्यपाल डेका से मुलाकात की।

राज्यपाल डेका ने इन युवाओं को देश-प्रदेश, समाज एवं परिवार के प्रति जिम्मेदारी निर्वहन करते हुए कैरियर निर्माण तथा देश के बेहतर नागरिक बनने के लिए जरूरी मार्गदर्शन दिया। डेका ने कहा कि छत्तीसगढ़ और कश्मीर दोनों प्राकृतिक रूप से सुंदर राज्य हैं। युवाओं को एक-दूसरे के राज्य के बारे में जानना चाहिए। जिससे वे अपने गौरवशाली राष्ट्र के बारे में ज्यादा जान पाएंगे। उन्होंने युवाओं को कैरियर एवं जीवन में आगे बढने के लिए जरूरी बाते बताई और कहा कि वर्तमान में जो हम करेंगे वह हमारा भविष्य बनाएगा। उन्होंने कहा कि आज युवाओं के सामने कैरियर निर्माण के बहुत सारे विकल्प हैं। धैर्य के साथ कड़ी मेहनत करें और अपने जुनून को अपना व्यवसाय बनाएं। डेका ने कश्मीर के विशेष ड्राय फ्रूट, गलीचा, कालीन निर्माण, टूरिस्ट गाइड, होम स्टे जैसे व्यवसायों में स्टार्टअप के लिए युवाओं को मार्गदर्शन दिया।

श्रीनगर जिले की युवा छात्रा कुमारी जीनत राही, कुपवाड़ा की कुमारी रिफत युसुफ, पुलवामा जिले के राजा युनुस आदि ने छत्तीसगढ़ भ्रमण के दौरान हो रहे अपने अनुभवों को साझा किया।

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति, खान-पान, रहन-सहन अद्भुत है। सभी ने यहां किए गए मेहमानवाजी की सराहना की और कहा कि कश्मीर के दूसरे युवाओं को भी छत्तीसगढ़ आने का मौका मिलना चाहिए। युवाओं ने राज्यपाल डेका से अपने कैरियर और राज्य के विकास संबंधी विभिन्न प्रश्न भी पूछे। डेका ने उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन नेहरू युवा के राज्य संचालक अतुल निकम ने दिया। उप संचालक आर. के तिवारी ने युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव डॉ. सी.आर. प्रसन्ना, संयुक्त सचिव हिना अनिमेष नेताम, नेहरू युवा केन्द्र के अधिकारी तथा कश्मीर से आए हुए युवा छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

कलेक्टर ने घरौंदा के नये भवन का किया शुभारंभ

मानसिक रोगियों के ताउम्र रहने और इलाज का है माकूल इंतजाम

बिलासपुर/नवप्रदेश। समाज कल्याण विभाग की घरौंदा परियोजना के पुरुष आश्रय भवन का लोकार्पण आज कलेक्टर बिलासपुर अवनीश शरण द्वारा किया गया। शासकीय अनुदान प्राप्त घरौंदा परियोजना का यह आवासीय भवन अंधमुक, बधिर शाला परिसर तिफरा में है। सुबह 10 बजे कलेक्टर अवनीश शरण और नगर पालिक निगम आयुक्त अमित कुमार ने फीता काटकर भवन को घरौंदा परियोजना के लिए यह आवासीय भवन 25 हितग्राहियों के लिए पूर्ण सुविधा के साथ संयुक्त संचालक समाज कल्याण की निगरानी में तैयार हुआ।

गौरतलब है कि घरौंदा की व्यवस्था को लेकर माननीय हाई कोर्ट बिलासपुर ने भी संज्ञान में लिया था। उनके लिए बेहतर इंतजाम और सुविधा बनाने के निर्देश जिला प्रशासन को दिए थे। लोकार्पण के बाद कलेक्टर और निगम आयुक्त ने पूरे भवन का निरीक्षण किया विशेष कर रसोई, फिजियोथैरेपी और प्रसाधन की सुविधाओं पर ध्यान दिया। लाभार्थियों से भोजन, वस्त्र, इलाज और उनकी दिनचर्या के संबंध में पूछा। उन्होंने यहां रह रहे लोगों को मिठाई और नाश्ता भी वितरित किया। कार्यक्रम में दीप प्रज्वलन के बाद कलेक्टर और अन्य मेहमानों का संस्था की ओर से पुष्प गुच्छ देकर स्वागत भी किया गया।

संयुक्त संचालक श्रद्धा मैथ्यू ने कलेक्टर को बताया कि फिलहाल विभिन्न प्रकार की मानसिक विकलांगता से ग्रसित 18 लोग इस घरौंदा में निवासरत हैं। 18 वर्ष से ज्यादा उम्र के लोगों को यहां आजीवन निःशुल्क देख रेख किया जाता है। सेंदरी मानसिक चिकित्सालय में समय समय पर इलाज और दवा पानी भी दिया जाता है। महिला घरौंदा के लिए आश्रयदत्त कर्मशाला परिसर में अलग भवन का लोकार्पण भी कुछ माह पहले हो चुका है। 25 मानसिक रोगी महिलाओं को यहां आश्रय प्राप्त है। कार्यक्रम में उप नियंत्रक हरीश सक्सेना, प्रोबेशन ऑफिसर सरस्वती रामेश्री, प्रशांत मोकसे,उत्तमराव माथनकर,प्रदीप शर्मा, विकास सेवा समिति के पदाधिकारी अंशु गौड़, रुमी दुबे, अमित, ज्योति भूषण के साथ घरौंदा का स्टॉप सोमेश, भूपेंद्र, सोमेश, अनुपमा, रिया, पराग, माया, नीता, ज्योति, माया सहित समाज कल्याण विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

कलयुगी मां ने मासूम बच्ची को मंदिर में छोड़ा

धमतरी-रायपुर/नवप्रदेश। सोमवार को एक महिला अपनी बच्ची को धमतरी शहर के गणेश मंदिर में छोड़कर गायब हो गई। मंदिर के पुजारी का ध्यान बच्ची पर गया तो उसने पुलिस को खबर दी। बच्ची की उम्र ढाई से तीन साल के आसपास बताई जा रही है। कुछ देर तक मुहल्ले वालों ने बच्ची को संभाला, जिसके बाद पुलिस ने बच्ची को बाल कल्याण समिति को सौंप दिया है। मंदिर मे लगे सीसीटीवी में यह घटना कैद हो गई है। पुलिस महिला की तलाश में जुटी हुई। जानकारी के मुताबिक, सोमवार सुबह 11:30 बजे रोजाना की तरह भक्त गणेश मंदिर में पूजा अर्चना के लिए पहुंचे हुए थे । इसी दौरान एक महिला वहां पहुंची और अन्य महिलाओं से यह कहते हुए निकल गई कि 5 मिनट में आ रही हूं, इस बच्ची का ध्यान रखना । उसके बाद कई मिनट गुजर गए, लेकिन उस महिला का कोई पता नहीं चला। वार्ड के ही रोशन सोनकर उसे अपने साथ रखते हुए चॉकलेट बिस्किट खिलाया । इसके बाद मंदिर के पुजारी ने इसकी सूचना पुलिस को दी।

पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के हितग्राहियों ने देखी गणतंत्र दिवस परेड

प्रतिनिधि मंडल को उत्प्रेरक बनने की बधाई : भीमसिंह

रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना को अपनाने वाले चयनित हितग्राहियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विशेष आमंत्रण पर गणतंत्र दिवस परेड के दर्शक के रूप में दिल्ली आमंत्रित किया गया। इन सभी ने परेड में शामिल होकर स्वयं को गौरवान्वित महसूस किया। अपने घर की छत पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाकर स्वयं हितग्राही को सौर ऊर्जा उत्पादक बनाने वाली यह योजना छत्तीसगढ़ में भी संचालित है। इस योजना के चुने हुये विभिन्न प्रदेशों के हितग्राहियों को प्रधानमंत्री के विशेष मेहमान के रूप में दिल्ली बुलाया गया था। छत्तीसगढ़ राज्य से हरिशंकर अग्रवाल, रमेश मल्ल, शिवांगी राठौर, निर्मलेंदु शाह को परेड में शामिल होने का अवसर प्राप्त हुआ। बतौर नोडल ऑफिसर छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के अभियंता एन. बिम्बिसार ने छत्तीसगढ़ के दल का नेतृत्व किया तथा परेड में सम्मिलित हुए। पूर्व में केंद्रीय नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री से भी इस प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात कराई गई। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी के प्रबंध निदेशक भीमसिंह कंवर ने इस प्रतिनिधिमंडल को बधाई देते हुये कहा कि ये योजना के राजदूत और उत्प्रेरक बन गये हैं ।

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के खिलाफ थाने में एफआईआर करने पहुंचे भाजपाई

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी ने महाकुम्भ के आयोजन को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा महू में दिए गए बयान को घोर सनातन विरोधी और घृणित सोच का परिचायक बताते हुए खड़गे के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर, प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी, विधि प्रकोष्ठ के संयोजक जेपी चंद्रवंशी और सह संयोजक बृजेश पांडे ने मंगलवार शाम को सिविल लाइन थाने में इस आशय का आवेदन सौंपा है। भाजपा प्रदेश महामंत्री श्री श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष श्री ठाकुर, प्रदेश मीडिया श्री चिमनानी, विधि प्रकोष्ठ के संयोजक श्री चंद्रवंशी और सह संयोजक श्री पांडे ने सिविल लाइन पुलिस को सौंपे आवेदन में कहा कि इन दिनों भारत के प्रयागराज तीर्थस्थल पर महाकुंभ का वृहद आयोजन चल रहा है और इस अवसर पर न केवल भारत, अपितु विदेशों से भी लगभग 45 करोड़ सनातन धर्मप्रेमी प्रयागराज पहुँचकर माँ गंगा के पवित्र त्रिवेणी संगम स्थल पर आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। इस विराट आयोजन के सुचारु संचालन के दृष्टिगत उत्तरप्रदेश की मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी की सरकार ने समुचित प्रबंध किए हैं। भाजपा नेताओं ने पुराणों और शास्त्रों का हवाला देते हुए कहा कि महर्षि दुर्वासा के श्राप के कारण जब इंद्र और देवता कमजोर पड़ गए, तब राक्षस ने देवताओं पर आक्रमण करके उन्हें परास्त कर दिया था। ऐसे में सब देवता मिलकर विष्णु भगवान के पास गए और सारा वृत्तांत सुनाया, तब भगवान ने देवताओं को दैत्यों के साथ मिलकर समुद्र यानी क्षीरसागर में मंथन करके अमृत निकालने को कहा। जैसे ही समुद्र मंथन से अमृत निकला, देवताओं के इशारे पर इंद्र का पुत्र जयंत अमृत कलश लेकर उड़ गया।

महादेव सट्टा मामले के आरोपी संदीप फोगल को ईडी ने किया कोर्ट में पेश

न्यायलय ने भेजा 14 दिनों की न्यायिक रिमांड पर

रायपुर/नवप्रदेश। महादेव सट्टा एप मामले में कोलकाता से गिरफ्तार किए गए आरोपी संदीप फोगला की मुश्किलें बढ़ गई है। ईडी ने मंगलवार को आरोपी संदीप को रिमांड खत्म होने पर विशेष कोर्ट में पेश किया था। सुनवाई के बाद कोर्ट ने आरोपी संदीप की न्यायिक रिमांड को 14 दिन के लिए बढ़ा दिया है, अब 10 फरवरी को दोबारा कोर्ट में पेश किया जाएगा। बता दें कि संदीप फोगला को बीते दिनों ने ईडी की टीम ने कलकत्ता में छापा मारकर पकड़ा था। संदीप पर आरोप है कि वह सट्टे के कारोबार से कमाए पैसे को फर्जी कंपनियों और शेयर ट्रेडिंग में लगाकर व्हाईट मनी बनाता था।

ये था पूरा मामला

ऑनलाइन सट्टेबाजी का संचालन करने के लिए महादेव बेटिंग ऐप बनाया गया है। जिसमें क्रिकेट, पोकर और कार्ड गेम जैसे अलग-अलग खेलों का यूजर्स हिस्सा बन सकते है। इन्हीं खेलों के जरिए सट्टेबाजी की जाती थी। बताया जाता है कि साल 2019 में भिलाई निवासी सौरभ चंद्राकर ने महादेव सट्टा ऐप को शुरू किया था। बाद में सौरभ चंद्राकर दुबई चला गया। जहां अपने दोस्तों को बुलाकर एप पर काम करना शुरू कर दिया। ईडी की जांच में सामने आया कि एप पर छत्तीसगढ़ के अधिक यूजर्स की आईडी थी। क्रिकेट, चुनाव परिणाम से लेकर अलग-अलग मामलों में सट्टा लगाया जाता था। सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल ने महादेव सट्टा एप को ऑपरेट करने के लिए अनिल दम्मानी और सुनील को जिम्मेदारी दी थी।

वेबसाइट्स पर अपनी आईडी

मामले में पुलिस, ब्यूरोक्रेट्स, नेता और सेलेब्रिटीज के नाम जुड़े गए। सट्टा एप को प्रमोट करने के लिए सोशल मीडिया सहित अन्य तरीका अपनाया गया। देश के कई अलग-अलग राज्यों में महादेव बेटिंग ऐप के 30 कॉल सेंटर थे। जो सट्टेबाजी के जरिये बड़ी रकम कमाने का लोगो को लालच देते थे। हामी भरने पर यूजर्स को व्हाट्सएप के एक प्राइवेट ग्रुप से जोड़ दिया जाता था।

इसके बाद कुछ वेबसाइट्स पर अपनी आईडी बनाने के लिए बोला जाता था। यूजर्स को दो फोन नंबर दिए जाते थे, पहले फोन के जरिये यूजर्स आईडी में पैसे के साथ पॉइंट जमा करते थे और वहीं दूसरे नंबर का इस्तमाल यूजर्स आईडी की पॉइंट को भुनाने और वेबसाइट से संपर्क करने के लिए करते थे। बाद में यूजर्स बिना नाम के खाते में पैसे ट्रांसफर कराते थे। विनिंग अमाउंट को यूजर्स उसी खाते से निकालते भी थे।

नगरीय निकाय सहित त्रिस्तरीय पंचायतों में भी भाजपा भारी बहुमतों से विजय प्राप्त करेगी : मुख्यमंत्री

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर से भारतीय जनता पार्टी की महापौर प्रत्याशी मीनल चौबे ने आज सुबह प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री एवं रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत, रायपुर दक्षिण के विधायक सुनील सोनी रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव लोकतंत्र की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। इनमें चुनाव होने जा रहे हैं। बड़े ही सौभाग्य की बात है कि रायपुर नगर निगम में भारतीय जनता पार्टी की महापौर प्रत्याशी मीनल चौबे और 70 वार्डों के पार्षद प्रत्याशी आज नामांकन दाखिल कर रहे हैं सभी को शुभकामनाएं प्रदान करता हूं। महापौर प्रत्याशी मीनल चौबे को नगर निगम में पार्षद सहित नेता प्रतिपक्ष के रूप में काम करने का लंबा अनुभव है इसका लाभ अवश्य मिलेगा। छत्तीसगढ़ के 10 नगर निगम सहित, नगर पालिका, नगर पंचायत एवं त्रि स्तरीय पंचायतों में भी भारतीय जनता पार्टी को सफलता प्राप्त होगी। त्रि स्तरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव के लिए भाजपा पूरी तरह से तैयार है।

मोदी की गारंटी के अधिकांश वादों को पूरा करने के कारण प्रदेश भर में भाजपा के प्रति विश्वास का वातावरण है। इसी विश्वास की बदौलत हमें इस चुनाव में भी ऐतिहासिक जनादेश मिलेगा। भारतीय जनता पार्टी ने पूरे प्रदेश में चुन-चुन कर कर्मठ एवं योग्य ऊर्जावान प्रत्याशियों को उतारा है। मीनल जी भी अनुभवी और योग्य नेत्री हैं। मीनल चौबे एक बेहतर महापौर रायपुर के लिए साबित होंगी। पंचायत से पार्लियामेंट तक भाजपा प्रत्याशी बड़ी संख्या में चुन कर आयेंगे। सभी प्रत्याशियों को फिर से शुभकामनाएं हैं।

तीन बार मौका मिलने पर भी कुछ नहीं कर पाई कांग्रेस : मीनल चौबे

भारतीय जनता पार्टी की महापौर प्रत्याशी मीनल चौबे ने कहा कि रायपुर की जनता ने नगर निगम में तीन बार कांग्रेस का कार्यकाल देखा है भ्रष्टाचार और कुशासन का पर्याय बन कर रह गए थे। इस बार जनता विकास की संभावनाएं भारतीय जनता पार्टी में देख रही है मोदी जी की गारंटी पूरी हुई यह इस बात का प्रमाण है निश्चित तौर पर जनादेश भारतीय जनता पार्टी को प्राप्त होगा। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में एक वर्ष की उपलब्धि लेकर जनता के बीच जाएंगे। राज्य सरकार के साथ- साथ नगरीय निकाय में भी मिलकर काम करेंगे और स्वच्छ और विकसित रायपुर बनाकर एक नयी पहचान दिलाएंगे।

आत्महत्या | *साल 2021 से था जेल में बंद*

अफ्रीकी ड्रग्स सप्लायर पैट्रिक ने रायपुर सेंट्रल जेल में की आत्महत्या

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर केंद्रीय जेल में कैद अफ्रीकी मूल के बंदी ने आत्महत्या कर ली है। पेट्रिक 2021 से ड्रस केस में जेल में बंद था। ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में गंज थाना पुलिस ने मृत कैदी का पंचनामा कराया। बता दें कि 2021 में ड्रग्स तस्करी करने वाले पेट्रिक यूबीके बायको को पुलिस ने मुंबई के नाला सुपारा के मकान में छापा मारकर गिरफ्तार किया था।

पेट्रिक ने रायपुर में ड्रग्स तस्करी की चेन तैयार की थी। वह अपने गिरफ्तार हुए दोस्त मुंबई के ट्रांसपोर्टर रायडेन बेथेला की मदद से राजधानी में ड्रग्स सप्लाई करता था। रायडेन की गिरफ्तारी के बाद ही पुलिस को पेट्रिक का क्लू मिला था। तब पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी बेहद गोपनीय तरीके से की। पुलिस ने जब उसके मुंबई ठिकाने पर छापा मारा, तब वह अकेला था। पुलिस की टीम दोस्त बनकर उसके घर में घुसी और उसे काबू में कर सीधे रायपुर ले आई थी। पुलिस को आशंका थी कि उसकी गिरफ्तारी का हल्ला मचने से वह अपने गैंग की मदद से कोई न कोई समस्या खड़ी कर सकता था।

ऑटो और टैक्सी वाले थे इसके सप्लायर

वही साल 2021 में जब पैट्रिक को गिरफ्तार कर इसके गिरोह की पड़ताल शुरू की गई। तब रायपुर पुलिस को पता चला था की पैट्रिक मुंबई के लगभग 50 अधिक टैक्सी ओर ऑटो वालों का गिरोह तैयार कर ड्रग्स सप्लाई का काम करता था। इतना ही नहीं बल्कि यही टैक्सी ओर ऑटो वाले उसके लिए ग्राहक का जुगाड़ भी करते थे।

केस पार्टनर पर किया था हमला

पैट्रिक को जब गिरफ्तार कर रायपुर सेंट्रल जेल भेजा गया। तब उसने अपने ही साथी केस पार्टनर रायडन को दांतों से काट कर बुरी तरह घायल कर दिया था। उसकी इस क्रूरता को देखते हुए जेल प्रशासन ने तत्काल पैट्रिक को जेल की 10 नंबर बैरक की सेल में दाल दिया था।

अमानक उत्पाद बेचने वाले 6 प्रतिष्ठानों पर 16 लाख का अर्थदण्ड

बेमेतरा जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच का अभियान जारी

बेमेतरा/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार अमानक खाद्य पदार्थ बेचने वाले दुकानों एवं प्रतिष्ठानों के विरूद्ध जांच पड़ताल का अभियान लगातार संचालित किए जा रहे हैं। बेमेतरा जिले में खाद्य पदार्थों और खाद्य तेलों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा के मार्गदर्शन में खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने आज कई प्रतिष्ठानों पर औचक निरीक्षण किया और खाद्य तेलों व खाद्य पदार्थों के नमूने जांच के लिए संकलित किए। इस अभियान के तहत प्रतिष्ठित विक्रेताओं जैसे जय सुपर बाजार से लाल गुलाब कच्ची घानी सरसों तेल और नेहल सुपर बाजार से पतंजलि कच्ची घानी सरसों तेल के नमूने लिए गए। इन नमूनों को परीक्षण हेतु खाद्य प्रयोगशाला भेजा गया है।

गौरतलब है कि जिले में पूर्व में की गई जांच पड़ताल एवं परीक्षण में अमानक खाद्य पदार्थ विक्रय के मामले में 6 दुकानों एवं प्रतिष्ठानों पर 16 लाख 50 हजार रूपए का अर्थदण्ड लगाया गया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा की गई पूर्व जांच में छह मामलों में खाद्य पदार्थ अमानक पाए गए थे। जिसमें श्री मुरारी फेमिली रेस्टोरेंट एंड स्वीट्स, नवागढ़ चौक, बेमेतरा द्वारा बिना लाइसेंस रेस्टोरेंट संचालन के लिए 4 लाख रुपये, मंडेला स्वीट्स, बेमेतरा द्वारा अमानक मिठाई बनाने के लिए 3 लाख रुपये, स्वाति एरकॉन प्रा. लि., कारेसरा द्वारा अमानक रेडवाइन के भंडारण के लिए 5 लाख रुपये, रामेश्वरी ट्रेडर्स, कण्डरका द्वारा मिथ्याछाप धनिया पाउडर बेचने के लिए 1 लाख रुपये, अपना ढाबा, पिकरी, बेमेतरा द्वारा अमानक ग्रेवी बनाने के लिए 3 लाख रुपये तथा अश्वनी किराना, पड़कीडीह द्वारा अमानक अरहर दाल विक्रय के लिए 50 हजार रुपये का अर्थदण्ड न्यायालय द्वारा अधिरोपित किया गया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर प्रथम तल, अग्रदूत बिल्डिंग, रजबंधा मैदान, रायपुर से प्रकाशित, फोन : 0771-3526755, 6262188999